# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, सोमवार 1 सितंबर 2025





11 दोनों क्वार्टर फाइनल ड्रॉ, 2...

विचार पेज 06 जल्द निकालना होगा टैरिफ....


## 'वोकल फॉर लोकल' से ही बनेगा आत्मनिर्भर भारत, गर्व से कहो, ये स्वदेशी है

'मन की बात' के 125वें एपिसोड में पीएम मोदी का आह्वान

# उपहार वही हो- जो भारत में बना हो, पहनावा वही हो-जो भारत में बुना हो, सजावट वही हो-जो भारतीय सामान से हो, और रोशनी वही हो-जो भारत में बनी झालरों से हो

स्वदेशी अपनाने से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान भी और सशक्त बनेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गणेशोत्सव और आने वाले सभी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खासतौर पर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और स्वच्छता अभियान पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि त्योहारों में हमें उपहार, पहनावा, सजावट और रोशनी सब कुछ भारत में बने सामान से ही लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्व से कहो, ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पीएम मोदी ने 'मन की बात' में किया जिक्र

### फुटबॉल खिलाड़ियों को जर्मनी में मिलेगा प्रशिक्षण

पीएम मोदी ने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के विचारपुर गांव का उल्लेख करते हुए स्थानीय खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी। पीएम ने बताया कि जर्मनी के एक फुटबॉल कोच ने शहडोल के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की इच्छा जताई है। इसके तहत जल्द ही यहां के चार खिलाड़ी जर्मनी की एक अकादमी में ट्रेनिंग के लिए भेजे जाएंगे। मोदी ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आदिवासी भाषाओं के लिए आदि वाणी एप की लांचिंग

**रांची।** जनजातीय कार्य मंत्रालय की पहल पर आदिवाणी एप बनाया गया है। एक सितंबर को इस ऐप की लांचिंग होने वाली है। यह एप एक एआइ प्लेटफॉर्म में है, जिससे भाषा के संरक्षण और संवर्धन में काफी मदद मिलेगी। इसके जरिये आदिवासी भाषाएं डिजिटल और ग्लोबल होंगी। आदिवासी भाषाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।



### भारतीय हॉकी टीम की लगातार दूसरी जीत

**राजगीर।** बिहार के राजगीर में खेले जा रहे एशिया कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम ने अपने दूसरे पूल मुकाबले में जापान को 3-2 से हरा दिया। रविवार को भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (5वें मिनट और 46वें मिनट) ने दो गोल दागे। वहीं मनदीप सिंह एक गोल करने में सफल रहे। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी




### मोइत्रा के खिलाफ छग में एफआईआर

**रायपुर।** रायपुर में टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा पर एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर विवादित टिप्पणी की। यह मामला रायपुर के माना कैंप पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ। गोपाल सामंतो ने की। कहा गया है कि टिप्पणी से लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान हुआ है और ऐसा बयान समाज में नफरत फैलाने वाला है।



### टिक-टॉक: जॉब ओपनिंग निकाली

**गुरुग्राम।** भारत में प्रतिबंधित शॉर्ट वीडियो एप टिक टॉक ने चुपचाप अपने गुरुग्राम ऑफिस में नई हायरिंग शुरू कर दी है। लिंक्डइन पर एक नई नौकरी की पोस्टिंग देखी गई है, जिससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या एप भारतीय बाजार में वापसी की तैयारी कर रहा है? भारत ने 2020 में इस चीनी एप पर पाबंदी लगा दी थी। गुरुग्राम ऑफिस के लिए दो जॉब ओपनिंग पोस्ट की है।




**31 वां एससीओ सम्मेलन आज :** भारत-चीन व रूस की दोस्ती अमेरिका को पड़ेगी अब भारी, तीनों महाशक्तियों की साथ आने की तैयारी

लगभग 1 घंटे चली मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस नतीजे पर पहुंचे

# भारत और चीन के लिए दोस्त बनना ही सही सीमा विवाद से न हो आपसी रिश्तों की पहचान

दस महीनों में जिनपिंग के साथ दूसरी मुलाकात पिछली मुलाकात रूस के कजान शहर में हुए ब्रिक्स 2024 सम्मेलन में हुई थी

1 ***बोले शी-** ड्रैगन (चीन) और एलीफेंट (भारत) का साथ-साथ काम करें, भारत और चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी, दोनों देश एक-दूसरे के विकास के अवसर हैं, खतरा नहीं*

2 ***बोले मोदी :** आपसी सम्मान और भरोसे से रिश्ते को आगे ले जाने के लिए भारत प्रतिबद्ध, दोनों देश एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं का सम्मान करते हैं*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के तिआनजिन में हैं। वे सोमवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेंगे। रविवार को एससीओ देश के नेताओं का ग्रुप फोटो सेशन हुआ। इसमें पीएम मोदी, शी जिनपिंग, व्लादिमीर पुतिन और शहबाज शरीफ एक मंच पर नजर आए। वहीं, समिट के इतर पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई। ये मुलाकात लगभग 1 घंटे तक चली। हालांकि, ये मुलाकात 55 मिनट के लिए तय थी। इस दौरान जिनपिंग ने कहा कि भारत और चीन ▶▶ शेष पेज 4 पर

इस वर्ष दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ब्रिक्स और एससीओ जैसे मंचों से खतरा इसलिए महसूस हो रहा है क्योंकि रेयर अर्थ पर इन देशों का कब्जा है। दुनिया के आधे से ज्यादा रेयर अर्थ रिजर्व चीन के पास हैं और वही सबसे बड़ा सप्लायर है



एससीओ के सदस्य देशों का ग्रुप फोटो

### बोले पीएम मोदी

### भारत और चीन के बीच सीमा प्रबंधन पर सहमति बनी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा प्रबंधन पर सहमति बनी है, कैलाश मानसरोवर यात्रा और सीधी उड़ानों पर भी प्रगति हुई है। इससे 2.8 अरब लोग जुड़े हैं और इसका लाभ पूरी मानवता को मिलेगा। उन्होंने आपसी सम्मान और भरोसे को आगे बढ़ाने पर जोर दिया और चीन को एससीओ की सफल अध्यक्षता के लिए बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं का सम्मान करते हैं और रिश्तों को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने जिनपिंग के साथ बैठक में आतंकवाद का ▶▶ शेष पेज 4 पर



### जिनपिंग ने कहा

### भारत-चीन को रणनीतिक संवाद और आपसी विश्वास मजबूत करना होगा

पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान जिनपिंग ने कहा कि हमें अच्छे पड़ोसी, भरोसेमंद साझेदार और ऐसे मित्र बनना चाहिए जो एक-दूसरे की सफलता में सहयोगी हों। ड्रैगन (चीन) और एलीफेंट (भारत) का साथ-साथ काम करना दोनों देशों के लिए सही विकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन संबंधों को दीर्घकालिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। इस वर्ष दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है, ऐसे में रिश्तों को स्थिर और रचनात्मक बनाए रखने की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। जिनपिंग ने दोनों देशों से रणनीतिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ट्रंप को जाएगा सीधा संदेश...नहीं झुकेगा हमारा देश

पीएम मोदी-जिनपिंग की बैठक रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 12 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे) शुरू हुई। मोदी और जिनपिंग की बैठक ऐसे समय पर हो रही है, जब भारत और चीन के रिश्तों में कुछ नरमी आई है। यह पीएम मोदी का सात साल बाद चीन का पहला दौरा है और दस महीनों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी दूसरी मुलाकात। पिछली मुलाकात रूस के कजान शहर में हुए ब्रिक्स 2024 सम्मेलन के दौरान हुई थी। मोदी-शी की मुलाकात इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि हाल ही में अमेरिका और भारत के रिश्तों में खटास आई है। ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

48 सुरंग, 142 ब्रिज, 8000 करोड़ लागत

## पहाड़ों को 'चीरकर' मिजोरम में बनाई गई 51 किमी लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन


*भारतीय रेलवे का इंजीनियरिंग चमत्कार*

*आइज़ोल और सिलचर के बीच 7 घंटे की यात्रा अब 3 घंटे में*

राजधानी आइज़ोल आज़ादी के बाद पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक राज्य ऐसा है जो अब तक रेल सेवा से नहीं जुड़ा था। दरअसल, मिज़ोरम, भारत के पूर्वोत्तर में स्थित सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक है लेकिन रेल नेटवर्क से कटा हुआ था। हालांकि, अब मिज़ोरम की राजधानी आइज़ोल आज़ादी के बाद पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ने के लिए तैयार है। क्योंकि, 8,000 करोड़ से ज़्यादा की लागत से बनी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन जल्द ही शुरू होने वाली है। 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन को भारतीय रेलवे का इंजीनियरिंग चमत्कार माना जा रहा है। बैराबी-सैरांग रेल लाइन आइज़ोल से 12 किलोमीटर दूर स्थित है। यह रेल लाइन दो प्लेटफार्मों, तीन पटरियों और आधुनिक सुविधाओं के साथ आइज़ोल ▶▶ शेष पेज 4 पर



### भारतीय रेलवे के लिए मील का पत्थर

- इस रेल लाइन पर बड़े और छोटे 142 ब्रिज बनाए गए हैं।
- 104 मीटर की ऊंचाई के साथ, इस रेलवे लाइन पर स्थित एक पुल, कुतुब मीनार से भी ऊंचा है। यह अपने सेक्शन का सबसे ऊंचा पुल और भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे ऊंचा ब्रिज भी है।
- खास बात है कि इस रेल लाइन को अन्य परिवहन साधनों के साथ इंटीग्रेड करने के लिए पांच सड़क, ओवरब्रिज और 6 अंडरपास रोड भी बनाए गए हैं।

### रेल लाइन से क्या फायदे होंगे

- इस रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा होगी।

पीसीसी चीफ पटवारी की गाड़ी पर हमला

## धाकड़ समाज ने दिखाए काले झंडे, बाल-बाल बचे पटवारी



धाकड़ समाज अपने पर पटवारी की टिप्पणी से नाराज था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

जिले में रविवार सुबह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के काफिले पर पथराव किया गया है। इस पत्थरबाजी में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के वाहन का कांच फूट गया है। पटवारी इस घटना में बाल-बाल बच गए। पटवारी की गाड़ी पर हुआ हमला पिछले दिनों उनके द्वारा धाकड़ समाज पर टिप्पणी करने की ▶▶ शेष पेज 4 पर

दिल्ली से इंदौर आ रही फ्लाइट के इंजन में लगी आग

## यू-टर्न लेकर दिल्ली में कराई सुरक्षित लैंडिंग, सभी सुरक्षित





आग का अलर्ट मिलते ही इंजन किया बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से इंदौर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई 2913) में आग लगने से हड़कंप मच गया। पायलटों को जैसे ही राइट इंजन में आग लगने का अलर्ट मिला, तत्काल कुछ देर में विमान को वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड किया गया। यात्रियों को दूसरे विमान से इंदौर लाया गया। उड़ान भरने के कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

पीछा कर रही थी क्राइम ब्रांच की टीम

## इंदौर के गैंगस्टर सलमान लाला का तालाब में मिला हथकड़ी लगा शव



लाला पर दो दर्जन से अधिक संगीन प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के लसूडिया परिहार गांव के पास रविवार दोपहर तालाब में हथकड़ी लगे युवक की लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव की पहचान इंदौर के कुख्यात गैंगस्टर सलमान लाला के रूप में की। लाला पर एनडीपीएस और हत्या के प्रयास समेत दो दर्जन से अधिक संगीन प्रकरण दर्ज ▶▶ शेष पेज 4 पर

## गुना, दमोह से गुजर रही ट्रफ, कई जिलों में भारी बारिश से हालात बिगड़े

गंभीर और तवा डैम के गेट खोले

# भोपाल-इंदौर समेत 18 जिलों में बारिश, उज्जैन में कार खाई में गिर गई, तीन लोगों को बचाया


**राहतगढ़ वाटरफॉल 80 फीट ऊंचाई से गिर रहा**

◆ शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से बड़नगर मार्ग को जोड़ने वाले छोटे पुल के ऊपर से करीब तीन फीट पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में रविवार को बारिश का दौर जारी रहा। कुछ जिलों में भारी बारिश से आंचलिक इलाकों में सामान्य हालात बिगड़ गए। सोमवार से बारिश में और तेजी आएगी। उज्जैन के खाचरौद में एक खाई कार में गिर गई।

इसमें पिता समेत दो बच्चे सवार थे। वहां मौजूद लोगों ने रस्सी के सहारे उन्हें बाहर निकाला। शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। बड़नगर मार्ग को जोड़ने वाले छोटे पुल के ▶▶ शेष पेज 4 पर



रोशनपुरा शाम 6:30 बजे



उज्जैन में कार डूबी

### आज यहां भारी से अति भारी बारिश

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, इंदौर, उज्जैन, देवास, अनुपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में कुछ जगह भारी से अति भारी बारिश होगी। भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में मध्यम से सामान्य बारिश की उम्मीद है। इनमें प्रमुख रूप से विदिशा, रायसेन, राजगढ़, बड़वानी, झाबुआ, धार, रतलाम, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, जबलपुर आदि जिले शामिल हैं।

### महिला नेत्रियों ने भोपाल में किया विरोध-प्रदर्शन

# प्रधानमंत्री की माताजी के साथ कांग्रेस ने देश की सभी माता-बहनों का किया अपमानः खंडेलवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस नेताओं की ओर से अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने के खिलाफ भाजपा ने रविवार को प्रदेश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के नेतृत्व में भोपाल में लिंक रोड नंबर-एक, छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा के समक्ष महिला मोर्चा की नेत्रियों के साथ कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांकेतिक अर्थी निकाली और उनसे माफी की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत माता को लेकर कांग्रेस नेता ने आपत्तिजनक टिप्पणी की है। प्रधानमंत्री मोदी का पूरा विश्व सम्मान करता है, कांग्रेस नेता उनको भी अपशब्द कहते हैं। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री जी की माताजी ही नहीं देश की सभी माता-बहनों का अपमान किया है। हजारों की संख्या में भाजपा महिला नेत्रियों ने राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी की महिला नेत्रियों ने छत्रपति शिवाजी चौराहे से राहुल गांधी की सांकेतिक अर्थी लेकर कांग्रेस प्रदेश कार्यालय के बाहर पहुंचीं, जहां अर्थी को सड़क पर लिटाकर जलाया और मातृशक्ति का अपमान करने पर राहुल गांधी से माफी की मांग की। प्रदेश के कई जिलों में भी महिला नेत्रियों के नेतृत्व में कांग्रेस जिला कार्यालयों के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया।



## सियासतनामा



### बड़ों को फटकार, छोटों पर कार्रवाई

प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जब भिंड कलेक्टर से बदतमीजी करने वाले विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को तलब किया तभी से सबकी नजर उन पर होने वाले एक्शन पर थी। इसलिए भी कि चंबल अंचल के दो मंडल अध्यक्षों के इस्तीफे गलत आचरण पर लिए जा चुके थे। विंध्य अंचल के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी की तरह कुशवाह को भी सिर्फ फटकार लगाई गई। प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने दोहरा पैमाना अपनाया। छोटे नेताओं ने अनुशासन तोड़ा तो तत्काल इस्तीफा, लेकिन विधायक, सांसद, मंत्री अथवा कोई बड़ा नेता ऐसा करे तो सिर्फ चेतावनी।

### पटवारी का महिलाओं पर बयान 'सेल्फ गोल' जैसा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कह दिया कि देश में मप्र ऐसा राज्य है, जहां की महिलाएं सबसे ज्यादा शराब पीती और नशा करती हैं। यह भी कहा कि वे अपनी तरफ से यह नहीं कह रहे हैं बल्कि सरकार की एक रिपोर्ट ऐसा कहती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित तमाम नेताओं ने पटवारी के बयान को महिलाओं का अपमान बताया। भाजपा महिला मोर्चा ने जगह-जगह प्रदर्शन किए, पुतले जलाए। बाद में पटवारी ने बार-बार सफाई दी लेकिन कोई सुनने तैयार नहीं। आखिर कांग्रेस के नेता ऐसे कैसे बहक जाते हैं? मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कह ही दिया था कि रात की उतरी नहीं होगी।

### नाथ-दिग्गी ने ही दे दी ज्योति को क्लीन चिट

कांग्रेस में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच झगड़े का सबसे ज्यादा फायदा किसी को मिला तो वे हैं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य। कांग्रेस नेता उन पर पार्टी को तोड़ने और सरकार गिराने का आरोप लगाते आ रहे थे। पर नाथ और दिग्गी के झगड़े ने ही उन्हें क्लीन चिट दे दी। शुरुआत दिग्विजय ने की। उन्होंने कहा कि कमलनाथ की कार्यशैली से ज्योतिरादित्य नाराज थे। कमलनाथ ने कहा कि सिंधिया को लग रहा था कि सरकार मैं नहीं, दिग्विजय चला रहे हैं। इसकी वजह से नाराजगी थी और सिंधिया पार्टी छोड़ गए। इस झगड़े को भी राज्यसभा चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है। 2026 में दिग्विजय के राज्यसभा का कार्यकाल पूरा होने वाला है। यह सीट कांग्रेस को मिल सकती है।

### शिवराज-वसुंधरा में से किसके हाथ लगेगी बाजी?

भाजपा अध्यक्ष को लेकर कवायद तेज हो गई है। इस पद के लिए दो नाम चर्चा में हैं। पहला, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दूसरा, राजस्थान की मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे सिंधिया का। वसुंधरा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ दो मुलाकातें हो चुकी हैं जबकि शिवराज की हाल ही में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत से लगभग पौन घंटे तक चर्चा हुई। दोंनो नेता मप्र से जुड़े हैं। शिवराज तो यहां के हैं ही, वंसुधरा भी ग्वालियर के सिंधिया घराने से हैं। हालांकि ऐसा होगा, यह जरूरी नहीं क्योंकि मोदी-शाह के राज में चर्चा किसी की रहती है, बाद में बाजी कोई और मार ले जाता है।

### यह सिंधिया की पकड़ ढीली पड़ने की वजह तो नहीं

शिवपुरी में नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ एक साथ 18 पार्षदों के इस्तीफे भाजपा से ज्यादा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए खतरे की घंटी है। इसलिए भी क्योंकि उन्होंने पार्षदों को समझाने के पूरे प्रयास किए लेकिन वे नहीं माने। दरअसल, चंबल-ग्वालियर अंचल में विधानसभा के पिछले चुनाव में ज्योतिरादित्य के कई समर्थकों को पराजय का सामना करना पड़ा था। इसकी वजह से 2019 के मुकाबले विधानसभा में उनके समर्थक सदस्यों की तादाद काफी कम है। अंचल में यह उनकी पकड़ कमजोर होने का संकेत था। गुना में दिग्विजय सिंह जैसे बड़े प्रतिद्वंद्वी हैं लेकिन केपी सिंह को अपवाद छोड़ दें तो शिवपुरी में इस परिवार को कभी चुनौती नहीं रही। अब शिवपुरी जिला मुख्यालय में नगर पालिका के पार्षदों का एक साथ इस तरह इस्तीफा, सिंधिया के माथे पर बल लाने वाला है। 22 पार्षदों ने करैरा स्थित बगीचा सरकार मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा को हटाने की कसम खाई थी। इसके लिए उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था, लेकिन इसे खारिज कर दिया। इसकी वजह सरकार के उस अध्यादेश से नाराजगी भी है, जिसके जरिए निकाय अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को रोका गया है।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

### मुख्यमंत्री ने ग्राम राजौधा में किया सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण

# मप्र के 20 लाख किसानों को देंगे सोलर पावर पंप

**»** *नए महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन, महाराजा मानसिंह तोमर के नाम से जाना जाएगा महाविद्यालय*

**»** *मुख्यमंत्री ने 52 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी अन्नदाताओं (किसानों) को सम्मान और सुविधा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बहुत जल्द 20 लाख से अधिक किसानों को सोलर पावर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उन्हें बिजली बिल की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुरैना जिले के ग्राम राजौधा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से भी 6-6 हजार रुपए, इस प्रकार कुल 12 हजार रुपए सम्मान निधि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद भाईदूज से हर माह 1500 की राशि दी जाएगी।



### ग्राम ओरेठी में आसमानी माता मंदिर में किया पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना प्रवास के दौरान तहसील पोरसा के ग्राम ओरेठी स्थित प्रसिद्ध आसमानी माता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। यह ग्राम विधानसभा अध्यक्ष तोमर का पैतृक निवास है। मुख्यमंत्री ने तोमर के कुलदेवी मंदिर में दर्शन कर मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद भी किया।

### 52 करोड़ 59 रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने 52 करोड़ 59 रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों को लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 38.67 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण और 14.92 करोड़ की लागत के नए शासकीय महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि यह नया महाविद्यालय भवन महाराजा मानसिंह तोमर के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस महाविद्यालय में सभी जरूरी पाठ्यक्रम एवं संकाय शुरू किए जाएंगे।

### गांव-गांव तक पहुंच रही विकास की गंगा

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री की विकास के प्रति ललक, समाज के हर वर्ग के लिए संवेदनशीलता और संकल्प से विकास की गंगा गांव-गांव तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने ही इस गांव में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की थी। नए भवन में बीएससी और बीकॉम संकाय भी शुरू होंगे। सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि चंबल की धरती पर महाराज लोचनदास, महाराज रामदास, बालकदास, माखनदासजी और ऋषिजी का जन्म हुआ है।



भोपाल

**सोमवार, 1 सितंबर 2025**

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष –09
वर्ष : 12, अंक : 152
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन



**नई दिल्ली।** 'रामायण' बनाने वाले रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया। वो पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। उम्र से जुड़ी काफी समस्याएं वो फेस कर रहे थे। प्रेम सागर ने 31 अगस्त की सुबह 10 बजे दम तोड़ा। 'रामायण' के 'लक्ष्मण' सुनील लहरी ने शोक जताया है। उन्होंने प्रेम सागर की फोटो शेयर कर लिखा- यह दुखद समाचार शेयर करते हुए अत्यंत दुख हो रहा है। रामानंद सागर जी के पुत्र प्रेम सागर जी परलोक सिधार गए हैं। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

### मायावती ने आकाश और गौतम को सौंपी जिम्मेदारी



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद, केंद्रीय कोआर्डिनेटर एवं राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा स्टेट यूनिट को सौंपी है। उन्हें बिहार में अगले महीने होने शुरु होने वाली पार्टी की यात्रा, जनसभा आदि कार्यक्रमों की विशेष जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। ये सभी कार्यक्रम मायावती के दिशा-निर्देश में होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना के औद्योगिक क्षेत्र पिपरसेवा में ग्रीन हाइड्रोजन निर्माण इकाई का किया भूमि-पूजन

# औद्योगिक व ऊर्जा क्रांति का आधार बनेगी 'नई हाइड्रोजन निर्माण' इकाई

*सीएम ने कहा कि मुरैना में शुरू हो रही हाईड्रोजन इकाई में कोरिया और ब्रिटेन की अग्रणी कंपनियां तकनीकी सहयोग कर रही हैं। परियोजना से लगभग 500 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।*




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुरैना के पिपरसेवा में हो रहा हाईड्रोजन निर्माण इकाई का भूमिपूजन नई औद्योगिक क्रांति, नई ऊर्जा क्रांति और नए मध्यप्रदेश की नींव है। मुरैना की ऐतिहासिक धरती पर स्थापित हो रही यह इकाई ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की नई विकास यात्रा का प्रतीक बनेगी। उन्होंने कहा कि चंबल की भूमि उपजाऊ और कमाऊ होने के साथ ही टिकाऊ भी है।

मुरैना जो कभी बीहड़ों के कारण जाना जाता था, आज विकास और प्रगति की नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुरैना जिले के पिपरसेवा में जीएचटू सोलर लिमिटेड की सात एकड़ में बन रही हाईड्रोजन निर्माण इकाई के भूमि-पूजन ▸▸ शेष पेज 4 पर

**सीएम ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों, गरीबों और लघु उद्यमियों के लिए स्वदेशी की लड़ाई लड़ रहे**



*» मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से किया संवाद और वितरित किए आशय-पत्र*

*» ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में अप्रैल 2024 से अब तक में 220 औद्योगिक इकाइयों को भूमि हुई आवंटित*

## 21 हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

### राज्य सरकार कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने प्रतिबद्ध

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने और कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शीघ्र ही प्रदेश के किसानों के लिए बड़ा आयोजन होने वाला है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और दुग्ध उत्पादों की राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर ब्रांडिंग और मार्केटिंग केलिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

### मप्र औद्योगिक क्षेत्र में गढ़ रहा है नए कीर्तिमानः विधानसभा अध्यक्ष तोमर

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि मुरैना के विकास के लिए यह ऐतिहासिक दिन है। प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। चंबल क्षेत्र में लेदर पार्क की स्थापना हुई है, जिसके लिए उद्योग समूहों द्वारा रूचि प्रकट की जा रही है। कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के साथ ही ग्रीन हाईड्रोजन फैक्ट्री के सूत्रधार अनुराग जैन सहित अनेक उद्यमी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### निवेश-नवाचार और ग्रीन एनर्जी का भी केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र इतिहास और संस्कृति के प्रतीक होने के साथ निवेश, नवाचार और ग्रीन एनर्जी का भी केंद्र हैं। यहां उद्योग, पर्यटन, संस्कृति और तकनीक सभी का संगम है। हाल ही में ग्वालियर में हुई रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में 3 हजार 500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस क्षेत्र में अप्रैल 2024 से अब तक 220 इकाइयों को भूमि आवंटित हुई है। इनमें 12 हजार 500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा, जिससे 21 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। सीतापुर में फुटवियर एंड एक्सेसरीज क्लस्टर का विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है, जिसमें लगभग 300 करोड़ रुपए का निवेश और 1200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। मालनपुर में एलेक्जर इंडस्ट्रीज ने 1500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। गौतम सोलर प्राइवेट लिमिटेड 4 हजार करोड़ रुपए के निवेश से सोलर सेल निर्माण इकाई स्थापित कर रही है। राज्य सरकार ने ग्वालियर-चंबल में औद्योगिक क्षेत्रों और पार्कों की श्रृंखला विकसित की है।

**भस्म आरती के दौरान दर्शन व्यवस्था में बदलाव**

# प्रथम आओ- प्रथम पाओ के आधार पर ही तय होगी अब बैठक व्यवस्था

**वीवीआईपी का पहले से तय होगा बैठने का स्थान**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान दर्शन व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। अब भक्तों को भस्म आरती बुकिंग के साथ ही ये भी याद रखना होगा कि, उन्हें आरती के दौरान कहां बैठना है। भस्म आरती की नई दर्शन व्यवस्था प्रथम आओ-प्रथम पाओ के आधार पर होगी। पहले आवेदन करने वाले अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। इसके बाद जैसे-जैसे आवेदन प्राप्ति होगी उसी आधार पर उन्हें बैठने का स्थान दिया जाएगा। नई व्यवस्था इस मिथक को भी तोड़ देगी कि वीवीआईपी ही सबसे आगे बैठकर भस्म ▸▸ शेष पेज 4 पर

### प्रतिदिन 1700 भक्तों को भस्म आरती दर्शन की अनुमति

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में प्रतिदिन तड़के चार बजे भगवान महाकाल की भस्म आरती होती है। मंदिर समिति द्वारा प्रतिदिन 1700 भक्तों को भस्म आरती दर्शन की अनुमति दी जाती है। भस्म आरती दर्शन के लिए भक्तों को नंदी, गणेश व कार्तिकेय मंडपम में बैठाया जाता है। भक्तों को यह नहीं पता होता है कि उन्हें कहां बैठाया जाएगा। प्रचलित व्यवस्था अनेक ▸▸ शेष पेज 4 पर

**लखनऊ के पटाखा फैक्टरी में धमाका**

# फैक्ट्री मालिक, उनकी पत्नी व दो बेटों की मौत छह लोग घायल


*» सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान*



एजेंसी ▸▸ लखनऊ

गुडंबा थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में रविवार सुबह एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें फैक्ट्री मालिक आलम, उनकी पत्नी व दो बेटों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास की इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

फायर ब्रिगेड, पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया। फैक्ट्री बिना लाइसेंस के चल रही थी और लोगों ने पहले भी इसकी शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक जताया और उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। दो लोगों को गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। धमाके से पांच मकान ▸▸ शेष पेज 4 पर




भोपाल। बैरागढ़, कोलार की आकर्षक झांकी। (झांकी की कीमत 7,50,000/-)



भोपाल। मारवाड़ी रोड पर भगवान गणेश की झांकी।


भोपाल। मंगलवारा चौराहे पर सजी आकर्षक झांकी।


भोपाल। मंदाकिनी चौराहा, कोलार रोड पर सजी आकर्षक झांकी।

## खबर संक्षेप


### एमसीयू में आज पुलिस कमिश्नर मिश्र लेंगे मास्टर क्लास

**भोपाल।** पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र एक सितंबर की दोपहर 3.45 बजे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में 'मीडिया और पुलिस' विषय पर मास्टर क्लास लेंगे। तीन दिवसीय सत्रारंभ 'अभ्युदय' के बाद विषय विशेषज्ञों की मास्टर क्लास श्रृंखला विशेष रूप से अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई है। जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर में एसपी और डीआईजी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे 2003 बैच के आईपीएस हरिनारायण चारी मिश्र की छवि एक पब्लिक फ्रेंडली अफसर की रही है। इतिहास में उनकी मास्टर डिग्री है। वे पहली बार विश्वविद्यालय में पुलिस के ग्राउंड वर्क की चुनौतियों पर भावी पत्रकारों के बीच अपने अनुभव बांटेंगे। इस श्रृंखला में आगे न्यायिक और प्रशासनिक क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञों के अलावा एआई, डीपफेक और साइबर सिक्योरिटी जैसे नए विषयों से जुड़े देश भर के विशेषज्ञ आएंगे।

### मंसूरी समाज के युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन का आयोजन

**भोपाल।** चांदनी मैरिज गार्डन डीआईजी बंगला चौराहा भोपाल में ऑल इंडिया मंसूरी समाज मध्य प्रदेश द्वारा मंसूरी समाज के शादी लायक युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों के 200 युवाओं ने अपने माता -पिता के साथ शामिल होकर अपना परिचय दिया। इस आयोजन में मंसूरी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपाध्यक्ष भोपाल विकास प्राधिकरण एहसान मंसूरी, प्रदेश अध्यक्ष शेख अजीज मंसूरी, सरपरस्त अब्दुल अजीज कासमी ने युवाओं को बेहतर जिंदगी इस्लामी तरीके पर गुजारने की समझाइश दी। आभार व्यक्त करते हुए डॉक्टर अब्दुल अजीज मंसूरी ने बताया कि शीघ्र ही मंसूरी समाज के शादी लायक युवक-युवतियों के बायोडाटा की एक किताब प्रकाशित की जाएगी।

### आईएनएच के पत्रकार गौरव गुप्ता को पितृशोक



**भोपाल।** आईएनएच के पत्रकार गौरव गुप्ता के पिता प्रवीण गुप्ता का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे लंबी बीमारी से पीड़ित थे। उनकी अंतिम यात्रा रविवार सुबह 11 बजे निज निवास मकान नंबर- 36 प्रियदर्शनी प्रिसटीन सोसायटी से सनखेड़ी विश्राम घाट कोलार पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। हरिभूमि और आईएनएस परिवार ने स्व. प्रवीण गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है।

### धूमधाम से मनाई गई श्रीराधा अष्टमी, मंदिरों में हुए भजन-कीर्तन

# आंवला, चंदन, सुगंधित तेल, इत्र से स्नान कराकर प्रभुश्री-राधाजी का अद्‌भुत श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को श्री राधा अष्टमी जंयती पर विभिन्न श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मारवाड़ी रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सुबह विशेष पूजा-पाठ की गई। इस मौके पर आवंला, चंदन, सुगंधित तेल, इत्र से स्नान कराया गया। इसके बाद प्रभुश्री और राधाजी का भव्य श्रृंगार किया गया।

इसी तरह लखेरापुरा मंदिर में विशेष पूजन-अनुष्ठान किया गया। ठाकुर जी और राधाजी को राजभोग लगाया गया। इस दौरान बधाई गीत गाए गए। इसी तरह राजधानी के आयोध्या के पंचमुखी हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाएं राधा की मां कीर्ति का रूप रखकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान राधाजी को पालने में झुलाया और बधाई गीत गाए।



#### धूमधाम से मनाया गया किशोरीजू का जन्मोत्सव

श्री राधावल्लभ मंदिर इब्राहिमपुरा में श्री राधा जन्माष्टमी महोत्सव के तहत किशोरीजू का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। सचिव मनोज गर्ग ने बताया सुबह 7 बजे मंगला आरती एवं दोपहर 12 बजे दिव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई। अवसर पर बधाई गीत पद गायन एवं दधीकांदा उत्सव पर श्रद्धालुओं ने जम कर नृत्य किया। विशेष रूप से बनाई गई पंजीरी के प्रसाद के साथ उत्सव का समापन हुआ।

#### इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मनाई राधाअष्टमी

राधारानी के प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। शास्त्रों की दृष्टि से राधारानी भगवान श्रीकृष्ण की अंतरंगी शक्ति हैं। वे भगवान कृष्ण की सभी भक्तों में सर्वश्रेष्ठ हैं। इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से राधाअष्टमी मनाई गई। मंदिर में मंगल आरती की गई। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों से खूबसूरती से सजाया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

#### इसलिए मनाते हैं श्री राधाअष्टमी

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि श्रीराधा अष्टमी जन्माष्टमी के पूरे 15 दिन बाद ब्रज के रावल गांव में राधा जी का जन्म हुआ। कहते हैं कि जो राधा अष्टमी का व्रत नहीं रखता, उसे जन्माष्टमी व्रत का फल नहीं मिलता।

#### राधा अष्टमी पर दादाजी धाम मंदिर में भगवान श्री गणेश, राधाकृष्ण जी को लगाया छप्पन भोग

*राधा अष्टमी पर पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा विशेष श्रृंगार किया गया। तो वहीं राधा जी के अवतरण दिवस पर राधा कृष्ण जी का विशेष श्रृंगार, ऋषि दधीचि के जन्मोत्सव पर सभी भगवान को पंडित जी ने सभी यजमानों एवं भक्तों से विधि विधान से अभिषेक, पूजन, हवन महाआरती के पश्चात भगवान श्री गणेश एवं राधा कृष्ण जी को छप्पन भोग। मोदक, बेसन के लड्डू शक्कर पारा, माखन-मिश्री, खीर, रसगुल्ला, जलेबी, रबड़ी, मालपुआ, मोहनभोग, मूंग दाल हलवा, पेड़ा, आदि चीजों का भोग लगाया गया।*



#### शोभायात्रा आयोजित

राधा अष्टमी के अवसर पर गौतम नगर स्थित पीजबीटी कॉलेज के निकट से सत्य सनातन समिति के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। समिति के प्रवक्ता भगवानदास ढालिया ने बताया नन्हीं-नन्हीं बालिकाएं राधा रानी के स्वरूप में सजधज कर सम्मिलित हुईं, वहीं महिलाएं और युवाजन भजनों की मधुर धुनों पर नृत्य करते हुए नजर आए।



### सुख-समृद्धि की कामना के साथ की पूजा-अर्चना

## मराठी परिवारों ने झांकी सजाई महालक्ष्मी का हुआ आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्रीयन समाज का महालक्ष्मी पूजा उत्सव रविवार से शुरू हो गया। इस दौरान शहर में रहने वाले मराठी परिवारों में ज्येष्ठा और कनिष्ठा दो महालक्ष्मी का पुत्र पुत्रियों के साथ आगमन हुआ। मान्यता अनुसार ढाई दिन के लिए महालक्ष्मी मायके पहुंची। इस दौरान उनकी स्थापना कर स्वागत सत्कार किया गया।

सुख, समृद्धि की कामना के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान घरों में झांकी सजाई गई। महाराष्ट्रीयन परिवारों में पीढ़ी दर पीढ़ी महालक्ष्मी स्थापना की परंपरा चली आ रही है। कोई पांच पीढ़ियों से तो कोई सात पीढ़ियों से महालक्ष्मी की स्थापना कर रहा है।

#### ज्येष्ठा नक्षत्र में लगेगा स्वादिष्ट महाभोग

राजधानी में करीब पौने दो लाख महाराष्ट्रीयन समाज के लोग रहते हैं। इस दौरान हजारों घरों में महालक्ष्मी की स्थापना की गई। अनुराधा नक्षत्र में महालक्ष्मी का आगमन हुआ। ज्येष्ठा और कनिष्ठा के रूप में स्थापना की गई। रविवार को गौरी के रूप में भी पूजा की गई। इसी प्रकार सोमवार को ज्येष्ठा नक्षत्र में महाभोग लगेगा, जिसमें ज्वार और छाछ से बने विशेष प्रसाद आंबिल का भोग लगाया जाएगा। इसी प्रकार सोलह प्रकार की सब्जी, पूरनपोली सहित अन्य पकवानों का भोग भी लगेगा।

### महाकाल सेना राष्ट्रीय धर्म प्रकोष्ठ का तर्क

## महाकाल पर चढ़ाई जाने वाली हर वस्तु का वैज्ञानिक आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले दिनों महाकाल पर भांग चढ़ाने को लेकर एक नया विवाद शुरू किया गया हैं। इसमें पूर्व संभागायुक्त मोहन गुप्त और अन्य ने बाबा महाकाल पर चढ़ने वाली भांग को शास्त्र विरुद्ध बताया था और कहा था कि पुजारी ज्यादा दक्षिणा के लिए भांग चढ़ाते हैं। जिस पर प्रतिबंध की मांग की थी। उनका कहना था कि शिव पुराण, लिंग पुराण आदि में कही भी भांग चढ़ाने का उल्लेख नहीं है। महाकाल सेना राष्ट्रीय धर्म प्रकोष्ठ प्रमुख महेन्द्र सिंह बैंस ने बताया कि बाबा महाकाल पर चढ़ाई जाने वाली प्रत्येक वस्तु का वैज्ञानिक आधार हैं जिसका वर्णन पुराणों और वेदों में है।

#### मनोहारी दर्शन के लिए करते हैं श्रृंगार

*बैंस ने कहा कि हमारे ग्रंथों में ऋषियों की परंपरा का भी बहुत बड़ा स्थान हैं जब भगवान पर चंदन या भांग चढ़ाई जाती हैं, तो मनोहारी और सुंदर दर्शन के लिए निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन कराने के लिए पुजारी श्रृंगार करते हैं, दर्शन कर भक्त की भक्ति बढ़ती है और वह भाव विभोर हो कर दर्शन करते हैं पिछले कई दशकों से बाबा महाकाल पर भांग, चंदन आदि का श्रृंगार किया जाता रहा हैं।*

### बिजली कंपनी का करेंगे घेराव

## स्मार्ट मीटर से दोगुना हुआ बिजली बिल बढ़े हुए बिल लेकर पहुंचे रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी भोपाल में जब से बिजली की स्मार्ट मीटर लगे हैं लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कई क्षेत्रों से लोग बढ़े हुए बिल लेकर बिजली कार्यालय पहुंच रहे हैं। लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। भोपाल के गोंडीपुरा इलाके में रविवार को स्मार्ट बिजली मीटर लगने के बाद आए बढ़े हुए बिल लेकर उपभोक्ताओं ने रोष जताया। मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने आक्रोशित लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर बिजली के बिल देखकर उपभोक्ताओं से चर्चा की। लोगों ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद अचानक उनके बिल दो गुना तक बढ़ चुके हैं जिसकी सुनवाई किसी भी स्तर पर नहीं हो रही है। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने लोगों को आश्वस्त किया है कि वह जल्द ही इस मामले में बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगे। यदि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा।

### द गेट बंधन की ओर से हुआ कार्यक्रम गीत गाता चल का आयोजन

## कोरोना काल के दौरान सीखा संगीत अब जाकर दी पहली स्टेज परफॉर्मेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवीन्द्र भवन का अंजनी सभागार रविवार की शाम सुर और लय से सराबोर रहा। अवसर था द गेट बंधन की ओर से आयोजित संगीतमयी संध्या गीत गाता चल का, जिसने शहरवासियों को पुराने फिल्मी गीतों की मधुर यादों में डुबो दिया। इस संगीत संध्या की विशेषता यह रही कि मंच पर वे शौकिया कलाकार उतरे, जिन्होंने कोरोना काल में संगीत सीखना शुरू किया और पहली बार अपनी प्रतिभा का सार्वजनिक प्रदर्शन किया। उनके उत्साह और आत्मविश्वास ने पूरे वातावरण को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर महापौर मालती राय मुख्य रूप से उपस्थित हुईं।




#### मधुर शुरुआत और सुरमयी यात्रा

*कार्यक्रम की शुरुआत प्रवीण जानोरकर ने गणेश मंत्र और सरस्वती मंत्र से की। इसके साथ ही जैसे ही सुरों की धारा बही, पूरा सभागार संगीत के रंग में रंग गया। इसके बाद गिरीश कृष्णनानी और दीक्षा ने फिल्मी इतिहास का अमर गीत मैंने प्यार तुम्हीं से किया है।*

### संवाद सत्रों के माध्यम से उद्यमिता कौशल का किया गया विकास

देशभर से 175 से ज्यादा प्रतिभागी हुए कार्यक्रम में शामिल

## निटर: महिलाओं को सशक्त बनाने स्वदेशी शक्ति पर राष्ट्रीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर (निटर) तथा स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय महिला शोध, प्रशिक्षण एवं विचार वर्ग का आयोजन शनिवार और रविवार को किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में हुआ।

इस वर्ग का उद्देश्य देश में मातृशक्ति की सक्रिय भूमिका को प्रोत्साहन देना और स्वदेशी कार्यों की दिशा को स्पष्ट करना है। स्वदेशी कार्यरत बहनों का इसमें स्वागत किया गया। देशभर से 175 से ज्यादा



प्रतिभागी शामिल हुए। यह कार्यक्रम महिला उद्यमियों, शोधकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इसमें प्रशिक्षण, कार्यशालाओं और संवाद सत्रों के माध्यम से ज्ञान व उद्यमिता कौशल का विकास किया गया।



यह कार्यक्रम न केवल महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्तवपूर्ण कदम है, बल्कि स्वदेशी उत्पादों, आत्मनिर्भरता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के एनआईटीटीटीआर के दृष्टिकोण को भी सशक्त करता है।

#### यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

*उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में निर्मला भूरिया (महिला एवं बाल विकास मंत्री) उपस्थित रही। साथ ही सतीश कुमार (राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री, स्वदेशी जागरण मंच), मालती रॉय (महापौर, भोपाल), प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी (निदेशक, एनआईटीटीटीआर, भोपाल) और अर्चना मीना (अखिल भारतीय महिला प्रमुख, स्वदेशी जागरण मंच) भी शामिल हुई। समापन सत्र में कृष्णा गौर (राज्य मंत्री), वीरा राणा (पूर्व मुख्य सचिव), कश्मीरी लाल (राष्ट्रीय संगठक, स्वदेशी जागरण मंच) और जितेन्द्र गुप्त (अखिल भारतीय सह संयोजक, स्वावलंबी भारत अभियान) डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी (अखिल भारतीय सह प्रमुख, स्वावलंबी भारत अभियान) शामिल रहे। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. पल्लवी भटनागर रहीं। मध्य भारत प्रान्त की महिला कार्य प्रमुख व कार्यक्रम संयोजक सीमा भारद्वाज और कार्यक्रम प्रबंधक प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम टीम वर्क के साथ सफल रहा और सभी प्रतिभागियों को स्वदेशी किट प्रदान की गई जिसमें स्वदेशी उत्पाद रखे गए थे।*

### मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के चुनाव संपन्न

## डीके यादव संरक्षक तो गांधी बने राजपत्रित संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ को नया अध्यक्ष मिला है। मौजूदा प्रांताध्यक्ष डीके यादव के रिटायरमेंट के बाद रविवार को संगठन के चुनाव हुए। जिसमें सर्वसम्मति से तकनीक शिक्षा एवं कौशल विकास में पदस्थ संतोष गांधी को अध्यक्ष बनाया गया है।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डीके यादव का संघ के पदाधिकारियों ने सम्मान कर विदाई दी। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री शिव चौबे एवं रमेशचंद्र शर्मा अतिथि के तौर पर मौजूद हुए। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डीके यादव ने कहा कि राजपत्रित अधिकारी संघ का इतिहास गौरवशाली रहा है। प्रदेश के




विभिन्न विभागों में पदस्थ राजपत्रित अधिकारियों को आईएएस अवार्ड दिलाने की लड़ाई संघ ने प्रमुखता से लड़ी है।

सरकार के हर कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में राजपत्रित अधिकारियों का विशेष योगदान रहा है। विदाई समारोह के बाद संघ संरक्षक एसएस दांगी एवं अमरसिंह परमार की मौजूदगी में संतोष गांधी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 सितंबर 2025

07 मार्बल कारोबारी ने ट्रेन से कटकर दी जान...

12 1000 प्रमुख डिजिटल क्रिएटर्स की शिरकत...




# चंद्रशेखर तिवारी के माथे पर लगेगा विजय तिलक...मतगणना में सबसे आगे

**लालघाटी स्थित मानस भवन गुफा मंदिर परिसर में हुआ मतदान**

**मतदान सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चला, कुल 11114 में से 5647 मतदाताओं ने वोट डाले**

**हिंदू उत्सव समिति चुनाव में देर रात 1 बजे तक चलती रही मतगणना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में हिंदू समाज की प्रतिष्ठित और 62 साल पुरानी संस्था हिंदू उत्सव समिति के रविवार को भारी गहमागहमी के बीच लालघाटी स्थित मानस भवन गुफा मंदिर परिसर में मतदान हुआ।

मतदान सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चला। रात 8 बजे मतों की गिनती शुरू हुई, जो देर रात तक जारी रही। इसमें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार चंद्रशेखर तिवारी सबसे आगे रहे। कुल 11114 में से 5647 लोगों ने मत डाले। मतदान सीटीटीवी कैमरे की निगरानी में हुआ। पुलिस बल तैनात रहा। महापौर मालती राय, कांग्रेस नेता संजीव सक्सेना सहित कई जन प्रतिनिधियों ने भी मत डाले।



### देर रात एक बजे 21वें राउंड के बाद स्थिति

1) चंद्रशेखर तिवारी- 635
2) नारायण सिंह कुशवाह- 439
3) हेमंत कुशवाह- 340
4) कैलाश बेगवानी- 425
5) दीपेश श्रीवास्तव- 254


चंद्रशेखर तिवारी





**अध्यक्ष पद के लिए 5 दावेदार**

इस बार चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए 5 दावेदार हैं। 62 साल पुरानी समिति के चुनाव के लिए 190 लोगों का पैनल भी बनाया गया है। मतदान केंद्र पर पारदर्शिता के लिए 4 कैमरे लगाए गए, जिसका बाहर स्क्रीन पर लाइव प्रसारण भी हुआ। अध्यक्ष पद के लिए इस बार चंद्रशेखर तिवारी, दीपेश श्रीवास्तव, हेमंत कुशवाह, कैलाश बेगवानी और नारायण कुशवाहा मैदान में हैं।

## खबर संक्षेप

### रिलायबल पैथ लैब ने रक्तदान शिविर लगाया

**भोपाल।** पंचवटी उत्सव समिति के तत्वावधान में तथा रिलायबल पैथ लैब के सहयोग से रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और रक्तदान कर समाजसेवा में योगदान दिया। शिविर में 300 से अधिक ब्लड टेस्ट किए गए, जिनमें शुगर, थायरॉइड और कोलेस्ट्रॉल जैसी जांचें शामिल रहीं। वहीं, 59 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। इसके अलावा एएसजी आई हॉस्पिटल द्वारा 150 निःशुल्क नेत्र परीक्षण किए गए।

### स्कूलों में आज होगा संकल्प पत्र का वाचन

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेश और देशभर के स्कूलों में सोमवार को हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत संकल्प पत्र का वाचन किया जाएगा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले प्रदेश के सवा लाख और देशभर के 5 लाख से अधिक विद्यालयों में यह आयोजन किया जाएगा। यह अभियान हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ की परिकल्पना के तहत चलाया जाएगा।

**फार्मासिस्टों की कमी, चार में से बंद हुए दवा के दो काउंटर**

# जेपी अस्पताल में ट्रेनी फार्मासिस्ट मरीजों को दे रहे दवाएं, गलत दवा वितरण का खतरा

**अस्पताल में मरीजों को दवा बांटने के लिए फार्मासिस्ट तक नहीं**

***मॉडल अस्पताल में एक हजार से ज्यादा ओपीडी, तीन घंटे इंतजार***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के मॉडल अस्पताल जेपी में मरीजों को दवाएं ट्रेनी फार्मासिस्ट दे रहे हैं। अस्पताल में फार्मासिस्टों की कमी से दवा के दो काउंटरों को बंद कर दिया गया है। मरीजों को लंबी लाइनों में लग कर दवा लेनी पड़ रही है।

वहीं अस्पताल में ट्रेनी स्टूडेंट मरीजों को दवा बांटते नजर आते हैं। एक तरफ अस्पताल में लगातार अत्याधुनिक मशीनें सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन लगाई गई। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल में आने मरीजों को दवा बांटने के लिए फार्मासिस्ट तक नहीं है। अस्पताल में अभी तक मरीजों को दवा वितरण के लिए चार काउंटर बनाए गए थे, जिनमें से दो बंद कर दिए गए हैं, केवल दो काउंटर ही संचालित किए जा रहे हैं।

### मौसम में उतार-चढ़ाव से मरीजों की संख्या बढ़ रही



जेपी अस्पताल की ओपीडी में रोजाना एक हजार से ज्यादा मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं। इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण मरीजों की संख्या और ज्यादा बढ़ गई है। ऐसे में दवा वितरण के दो काउंटर बंद होने से मरीजों को दो से तीन घंटे लंबी लाइनों में लगकर दवा का इंतजार करना पड़ रहा है।

### दवाइयों की ज्यादा समझ नहीं

अस्पताल में जो दो दवाओं के काउंटर खुले भी हैं, उनमें ट्रेनी स्टूडेंट होने की वजह से दवा वितरण में और ज्यादा समय लग रहा है, क्योंकि उन्हें दवाइयां ज्यादा समझ में नहीं आतीं। जो नियमित फार्मासिस्ट रहते हैं, उनसे बार-बार पूछ कर दवाएं देते हैं। इस वजह से और ज्यादा समय लग रहा है।

### मरीज बोले, दो घंटे से कर रहे इंतजार

जेपी अस्पताल में शिवाजी नगर से पहुंचे आकाश ने बताया कि सुबह डॉक्टर को दिखाया। इसके बाद दवा के लिए एक से डेढ़ घंटे से लाइन में लगे तब जाकर दवा मिल पाई है। इसी प्रकार भीम नगर से आई रीना पांडे ने बताया कि उनके 12 साल के बच्चे की तबीयत खराब हो गई थी, जिस वजह से वह उसे दिखाने अस्पताल में आई थी। छोटा बच्चा होने के कारण वे खुद लाइन में लगी थी।

### परमानेंट फार्मासिस्ट को स्टोर का जिम्मा

जेपी अस्पताल में एक तरफ फार्मासिस्ट की कमी है। वहीं परमानेंट फार्मासिस्ट को स्टोर का जिम्मा दिया गया है, जो स्टोर में दवाइयां खरीदने और देने का काम करते हैं। अस्पताल में 16 फार्मासिस्ट के पद है, उनमें से छह ही फार्मासिस्ट है।

### रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी

फार्मासिस्ट की कमी को देखते हुए विभाग को पद लिखकर पांच और फार्मासिस्टों की ड्यूटी लगाने का प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति मिलते ही रिक्त पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी।

डॉ. राकेश श्रीवास्तव, अधीक्षक, जेपी अस्पताल

# सितंबर की शुरुआत बरसात के साथ, लेकिन पिछले साल से 500 मिमी पीछे दर्ज हुए आंकड़े

***अगस्त के अंतिम दिन बादल-धूप के बाद शाम को तेज बौछारों से राहत***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में अगस्त महीने के अंतिम दिन रविवार बारिश, बादल और धूप के बीच बीता।

सोमवार से सितंबर महीने की शुरूआत हो रही है, जो बारिश के बीच ही होगी। लेकिन इस साल मानसून सीजन में जून से 31 अगस्त तक बारिश के आंकड़े पिछले साल की तुलना में काफी पीछे चल रहे हैं। सितंबर वर्ष 2024 में भोपाल में एक सितंबर तक मानसून सीजन (1 जून से 31 अगस्त के बीच) की कुल बारिश के आंकड़े 1352 मिमी के करीब थे, लेकिन इस बार यह 850 मिमी को भी पार नहीं कर पाए हैं। इससे इस साल शहर में बारिश पिछले साल की अपेक्षा करीब 500 मिमी पीछे चल रही है।



### सामान्य से 68 मिमी कम बारिश हुई

पिछले 31 अगस्त तक सामान्य से 423 मिमी से अधिक बारिश हुई, जबकि इस बार सामान्य से करीब 68 मिमी कम है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस साल सितंबर में भोपाल में बारिश की उम्मीद अच्छी है। इससे सामान्य बारिश के आंकड़े मिल सकते हैं, लेकिन पिछले साल की अपेक्षा यह काफी कम रहेगी।

### 26 डिग्री के करीब रहेगा पारा

भोपाल में इस महीने शुरूआत में बादल, बारिश और धूप के बीच औसत तापमान 26 डिग्री के आसपास रह सकता है। आमतौर पर पहले सप्ताह में पारा 25 से 30 डिग्री के बीच रहेगा, जबकि दूसरे सप्ताह में 25 से 28 डिग्री और तीसरे सप्ताह में दिन का तापमान 26 से 29 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है। महीने के अंत में दिन का तापमान औसतन 26 डिग्री तक रहेगा, जबकि रात का पारा गिरना शुरू होगा, जिससे हल्की उमस के बीच गुलाबी सर्दी की शुरूआत होने की उम्मीद है।

### रविवार को मौसम रहा सुहाना

रविवार को सुबह से बादल और धूप के बीच दिनभर मौसम सुहाना रहा। शाम 5 बजे से काले घने बादलों ने डेरा डाला और करीब आधे घंटे जमकर बौछारें पड़ीं। शाम 5 से 5:30 बजे के बीच बैरागढ़ में 5 मिमी बारिश दर्ज हुई। इससे शाम को पारा 6 डिग्री तक गिरकर 27 डिग्री के करीब पहुंच गया। सोमवार को शहर में मध्यम बारिश से तापमान में गिरावट की उम्मीद है।

# आज करोंद, छोला समेत 40 कॉलोनी में बिजली और पानी की नहीं होगी सप्लाई

**मेट्रो और फिल्टर प्लांट के काम के चलते बंद रहेगी सप्लाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में सोमवार को कई इलाकों में बिजली और पानी की सप्लाई नहीं होगी। करोंद, छोला समेत 40 से अधिक जगहों पर बिजली और पानी की सप्लाई नहीं की जाएगी। ऐसे में नगर निगम यहां पानी के टैंकर भेज रहा है।

### इन इलाकों में बिजली नहीं

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सलैया, सनखेड़ी, बीडीए कॉलोनी ई-सेक्टर, स्नेहा नगर, दीप मोहिनी, श्रीराम कॉलोनी एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक त्रिभुवन कॉलोनी, लीला अतुल्यम, महेंद्रा एंपल, शिव आंगन, अर्बन रिवर, मुकुंद रत्नम, जवाहर चौक, टीटी नगर, गंगोत्री भवन, प्रियदर्शनी, एमपी एमएलए क्वार्टर एवं आसपास के इलाके। सुबह 10.30 से दोपहर 3.30 बजे तक भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल, नवीबाग, पंचवटी, माया इन्क्लेव, पलासी, संजीव नगर, अलेक्सर गार्डन, करोंद, विवेकानंद कॉलोनी आदि। बृज कॉलोनी, रतन कॉलोनी, पारस हाइट्स, कोरल कसा आदि में बिजली नहीं रहेगी।

### आज इन इलाकों में जलप्रदाय नहीं होगा

करोंद, विश्वकर्मा नगर, नवीबाग, भानपुर, लांबाखेड़ा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, न्यू जेल रोड, नयापुरा, संजीव नगर, चांदबाड़ी, छोला, शिव नगर फेज-1, 2 और 3, शिवशक्ति नगर, अटल नेहरू नगर, देवकी नगर। नवाब कॉलोनी, गोंडीपुरा, दानिश कॉलोनी, शहीद कॉलोनी, आशियाना कॉलोनी, फिजा कॉलोनी, जनता नगर, हनीफ कॉलोनी, मोतीलाल नगर, रतन कॉलोनी, संजय नगर, गैस राहत क्वार्टर, कमल नगर, पन्ना नगर, ब्ल्यू मून कॉलोनी, प्रेम नगर, सुंदर नगर आदि क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा।

# मछली कारोबारी के तार टीकमगढ़ से जुड़े, हथियार बनाने की सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

राजधानी भोपाल में चर्चित मछली कारोबारी पर हुई कार्रवाई के बाद पूछताछ व निशानदेही पर भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने जिले के जतारा थाना अंतर्गत ग्रामीण रामगढ़ में दबिश दी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम अपने साथ एक आरोपी को भोपाल से लेकर आई थी। रामगढ़ गांव में क्राइम ब्रांच और जतारा पुलिस ने दबिश दी, जहां पर किराए का मकान लेकर सुरेंद्र विश्वकर्मा नाम का व्यक्ति रहता था।



जिसके पास से हथियार बनाने की मशीनें औजार सहित हथियार बनाने की सामग्री जब्त की है। सूत्रों ने बताया कि सुरेंद्र विश्वकर्मा टीकमगढ़ जिले के चंदेरी गांव का निवासी है जो कुछ दिनों से रामगढ़ में किराए से रहकर मिस्त्री का काम करता था, जहां गाड़ियों की बॉडी बनाने का भी काम किया जाता था, साथ अवैध हथियार बनाए जाते थे।

# नियम विरुद्ध दौड़ रही बसों को पकड़ने बारिश और रात में सड़कों पर उतरा आरटीओ अमला

**9 वाहनों से 47 हजार रुपए समन शुल्क वसूला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नियम विरोध व टैक्स चोरी कर बसों का संचालन करने वाले संचालकों की धरपकड़ के लिए परिवहन विभाग की ओर से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के तहत रविवार को बारिश के बीच रात आरटीओ अमले ने चेकिंग की। परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल द्वारा




मोटर यान कर बकाया वसूली एवं यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के संबंध में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा भी सड़कों पर उतरे।भोपाल बाईपास, नर्मदापुरम रोड, इंदौर राजमार्ग, रायसेन, विदिशा रोड सहित अन्य जगहों पर यात्री वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन की स्थिति में 19 वाहनों से समन शुल्क के रूप में 47 हजार रुपए वसूल किए गए।

**आज मुख्यमंत्री आवास में होगा कार्यक्रम, शौर्य स्मारक से सीएम हाउस तक निकलेगी रैली**

# मुख्यमंत्री करेंगे विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अनावरण एवं एप का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय काल गणना पद्धति और वैज्ञानिक परम्परा को एक नई पहचान मिलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार (एक सितंबर) को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और इसके मोबाइल एप का लोकार्पण करेंगे।

यह घड़ी भारतीय पंचांग और कालगणना को आधुनिक तकनीक से जोड़ती है। इसे 189 से अधिक भाषाओं में देखा जा सकेगा। इस घड़ी से समय के साथ-साथ पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग और त्यौहारों की जानकारी उपलब्ध होगी।

### युवा संवाद कार्यक्रम होगा

मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी ने बताया कि एक सितम्बर को सुबह 9 बजे शौर्य स्मारक पर कॉलेज, विश्वविद्यालयों के युवा एवं विद्यार्थी एकत्रित होंगे। शौर्य स्मारक से बाइक, बस रैली भारत का समय - पृथ्वी का समय आरंभ होगी, जो श्यामला हिल्स थाने तक जाएगी। श्यामला हिल्स थाने में बाइक पार्क कर रैली पैदल मार्च में बदलकर मुख्यमंत्री निवास के मुख्य द्वार तक पहुंचेगी। इस मौके पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी: भारत के समय की पुनर्स्थापना की पहल विषय युवा संवाद कार्यक्रम भी होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव युवाओं से सीधा संवाद करेंगे।



***मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के लोकार्पण एवं युवा संवाद कार्यक्रम के चलते आज राजधानी में बदली रहेगी टैफिक व्यवस्था***

मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण एवं युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। इस दौरान शौर्य स्मारक से आकाशवाणी चौराहा तक दो-पहिया वाहन रैली निकाली जाएगी। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बदली रहेगी।

**सीएम हाउस के पास बदला रहेगा ट्रैफिक**

**आकाशवाणी चौराहा के पास यातायात रहेगा प्रभावित**

### इन रास्तों से नहीं आ-जा सकेंगे वाहन

कार्यक्रम में दौरान सभी प्रकार के वाहन सुबह 9:30 बजे से पॉलिटेक्निक चौराहा से आकाशवाणी चौराहा, स्काउट गाइड तिराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, जनजातीय संग्रहालय, आकाशवाणी चौराहा, किलोल पार्क चौराहा, मुख्यमंत्री निवास, बी-9, आकाशवाणी चौराहा की ओर परिवर्तित मार्ग से चलाए जाएंगे। केवल कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले वाहन ही कार्यक्रम स्थल की ओर आ सकेंगें।

**इस दौरान यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था**

कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले चार पहिया वाहनों की पार्किंग भारत भवन के सामने पार्किंग परिसर से होगी। छात्र-छात्राओं को लेकर आने वाली बसें छात्रों को सीएम निवास गेट पर उतारने के बाद बोट-क्लब पर पार्क होगी।

### परिवर्तित मार्ग

- आकाशवाणी चौराहा होकर पॉलिटेक्निक चौराहा से आवागमन करने वाले वाहन जनजातीय संग्रहालय से स्काउट गाइड तिराहा स्मार्ट पार्क, भारत माता चौराहा स्मार्ट रोड होकर आ-जा सकेंगे।
- रैली के समापन उपरांत स्काउट गाइड से पॉलिटेक्निक चौराहा होकर भी आवागमन कर सकेगें।
- पॉलिटेक्निक चौराहा से रोशनपुरा चौराहा, वीआईपी रोड की ओर आवागमन संचालित रहेगा।

### भाजपा हरदा जिले की कार्यकारिणी घोषित

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को हरदा जिले की कार्यकारिणी गठित की। जिसमें 17 पदाधिकारियों की घोषणा की गई। भारतीय जनता पार्टी ने जो कार्यकारिणी की सूची जारी की है। इसमें 5 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 मंत्री और 1 कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष-जगदीश सोलंकी, प्रह्लाद पटेल, गयाप्रसाद पांडे, सुधीर सोनी, विनित गीते। महामंत्री- बसंत सिंह राजपूत, राजेंद्र गोदारा, मनीष निषोद विजय पटेल, मंत्री-अखिलेश बांके, निशा दुबे, रुक्मणी गौर, ज्योति गहलोद, बिंदु गुर्जर, सपना अग्रवाल, पूजा शर्मा। कोषाध्यक्ष- समर्थ सिंहल। जिला अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि नई टीम भाजपा की विचारधारा और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करेगी।

## जैकेट का शेष...

### उपहार वही हो- जो ...

ये स्वदेशी है। उपहार वही हो, जो भारत में बना हो, पहनावा वही हो, जो भारत में बुना हो, सजावट वही हो, जो भारतीय सामान से हो, और रोशनी वही हो, जो भारत में बनी झालरों से हो। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का मंत्र दोहराते हुए कहा कि यही विकसित भारत की ओर जाने का रास्ता है। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि स्वदेशी अपनाने से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान भी और सशक्त बनेगी। साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को जन आंदोलन बनाना जरूरी है। हर नागरिक को अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए ताकि भारत आत्मनिर्भर और विकसित बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। पीएम मोदी ने युवाओं से भी अपील की कि वे इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं और स्वदेशी व स्वच्छता दोनों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी एक छोटा वीडियो साझा किया और लिखा- गर्व से कहो ये स्वदेशी है।

### फुटबॉल खिलाड़ियों को...

हाल ही में उन्होंने विश्व प्रसिद्ध पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों की मेहनत और संघर्ष का जिक्र किया था। इस पॉडकास्ट को सुनने के बाद जर्मनी के फुटबॉल कोच डायटमार बेयर्सडॉर्फर खिलाड़ियों की कहानी से प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय दूतावास से संपर्क कर प्रशिक्षण देने की पेशकश की। मध्य प्रदेश सरकार ने इस दिशा में तेजी से कदम उठाए हैं। तय हुआ है कि शहडोल के चार युवा खिलाड़ी, जिनमें दो बालक और दो बालिकाएं शामिल होंगी, अक्टूबर में जर्मनी जाएंगे। खिलाड़ियों के साथ एक प्रशिक्षक भी भेजा जाएगा। सभी का चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नाम घोषित किया जाएगा। सरकार इसके लिए पूरा खर्च वहन करेगी।

**'मिनी ब्राजील' की पहचान से अंतरराष्ट्रीय मंच तक:** विचारपुर गांव को फुटबॉल के प्रति जुनून के कारण 'मिनी ब्राजील' कहा जाता है, जिसने हाल के वर्षों में खेल जगत में खास पहचान बनाई है। यहां के खिलाड़ी अपने संघर्ष और समर्पण से न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

### भारत और चीन के...

के लिए दोस्त बनना ही सही विकल्प है, दोनों देशों को सीमा विवाद को आपसी रिश्तों की पहचान नहीं बनने देना चाहिए। इस पर पीएम मोदी भी सहमत हुए। सोमवार को पीएम मोदी की पुतिन से द्विपक्षीय वार्ता होगी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने रविवार को तिआनजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में आए अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के स्वागत में भव्य भोज का भी आयोजन किया। पीएम मोदी के साथ एनएसए अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री, चीन में भारत के राजदूत प्रदीप रावत, ज्वाइंट सेक्रेटरी (ईस्ट एशिया) गौरांग लाल दास और पीएमओ से अतिरिक्त सचिव दीपक मित्तल मौजूद थे। वहीं, शी जिनपिंग के साथ विदेश मंत्री वांग यी, प्रधानमंत्री ली कियांग, डायरेक्टर जनरल ऑफिस कैई ची और भारत में चीन के राजदूत शू फेहोंग मौजूद रहे। मोदी को वहां की सरकार ने प्रवास के दौरान विशेष होंगची कार उपलब्ध कराई है। यह वही कार है जिसे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग आधिकारिक दौरों पर इस्तेमाल करते हैं। 'होंगची' का अर्थ है 'रेड फ्लैग'। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के इतर नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली, मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू, मिस्र के प्रधानमंत्री मोस्तफ़ा मदबौली, बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्ज़ेंडर लुकाशेंको, ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन से मिले। जिनपिंग अज़रबैजान, आर्मेनिया और मालदीव के नेताओं से मिले। तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन भी पहुंच गए हैं।

### भारत-चीन को रणनीतिक ...

संवाद बढ़ाने, आपसी विश्वास मजबूत करने, बहुपक्षीय सहयोग में भागीदारी बढ़ाने और वैश्विक दक्षिण की एकजुटता को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। भारत और चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी हैं। उन्होंने जोर दिया कि दोनों देश एक-दूसरे के विकास के अवसर हैं, खतरा नहीं।

### धाकड़ समाज ने दिखाए...

नाराजगी के चलते समाजजन द्वारा किया गया है। पटवारी पर ये हमला उस समय हुआ, जब वो वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन में शामिल होने रतलाम आ रहे थे। इसी दौरान जिले के मांगरोल में धाकड़ समाज भी पटवारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था। समाज की ओर से पहले ही आंदोलन की घोषणा कर दी गई थी। पटवारी का गुजरना उसी क्षेत्र से हुआ तो धाकड़ समाज के प्रदर्शनकारियों ने अचानक से मार्ग घेर लिया और उन्हें काले झंडे दिखाते हुए पहले तो जमकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। लोगों को चारों ओर से घेरे देख जीतू पटवारी वाहन से उतर गए, इसी बीच भीड़ से किसी ने उन पर पत्थर से हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके पहले जीतू पटवारी द्वारा महिला के शराब पीने को लेकर दिए गए बयान का भी विरोध हो रहा है।

### यू-टर्न लेकर दिल्ली...

ही देर बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। मानक प्रक्रिया अपनाते हुए पायलटों ने इंजन बंद किया और विमान को सुरक्षित दिल्ली एयरपोर्ट पर उतार लिया। इस घटना में सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरलाइन ने बताया कि विमान को निरीक्षण के लिए ग्राउंड कर दिया गया है और उसकी तकनीकी जांच चल रही है। यह घटना ऐसे वक्त में हुई है, जब एयरलाइंस में तकनीकी सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी बढ़ाई जा रही है। हालांकि, एयर इंडिया ने साफ किया है कि पूरे ऑपरेशन के दौरान स्टैंडर्ड सेफ्टी प्रोटोकॉल अपनाया गया और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

### इंदौर के गैंगस्टर सलमान...

थे। दरअसल, शुक्रवार देर रात इंदौर क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि सलमान लाला अपने साथियों के साथ सागर से लौट रहा है। क्राइम ब्रांच ने भोपाल-इंदौर हाईवे पर दरबार ढाबे के पास स्कॉर्पियो को रोका। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने भागने की कोशिश की। चार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए, लेकिन सलमान मौके से फरार हो गया। सूत्रों के अनुसार सलमान लाला अपने भाई सिद्धू उर्फ शादाब को लेने सागर जेल गया था। शादाब हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था। स्कॉर्पियो में अरुण मालवीय, सौरभ और कुलदीप भी मौजूद थे। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर पिस्टल और कारतूस भी बरामद किए। लेकिन सलमान गिरफ्तारी से बचने के लिए अंधेरे में भाग निकला। भागते-भागते सलमान सीहोर जिले के पास एक तालाब तक पहुंचा और उसमें कूद गया। शायद उसे लगा होगा कि यह छोटा तालाब है और वह इसमें छिप सकता है, लेकिन गहराई ज्यादा होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पाया। रविवार को पानी से उसका हथकड़ी लगा शव बरामद हुआ।

### पहाड़ों को 'चीरकर' ...

के लिए रेल गेटवे का काम करेगी। बैराबी-सैरांग रेल लाइन, आर्थिक दृष्टि से मिजोरम के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि, इस रेलवे लाइन के साथ मिज़ोरम की क्षेत्रीय जीडीपी सालाना 2-3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। ऐसे में 25,000 करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था वाले राज्य को हर साल 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

### भोपाल-इंदौर समेत...

ऊपर से करीब तीन फीट पानी बह रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पुल के दोनों ओर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। पुल पर पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात है। रायसेन में भारी बारिश के बाद राहतगढ़ वाटरफॉल 80 फीट ऊंचाई से गिर रहा है। उज्जैन में गंभीर डैम का एक गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। नर्मदापुरम में तवा डैम के तीन गेट खुले रहे। भांडेर तहसील के बेरछ गांव में एक घर पर बिजली गिरी। इसमें एक महिला सुमित्रा दोहरे (48) गंभीर रूप से घायल हो गई। उनका एक पैर झुलस गया। जबकि मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। सितंबर में भोपाल सहित प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस महीने पहले सप्ताह के साथ ही दूसरे सप्ताह में भी बारिश का दौर जारी रहेगा। भोपाल में आमतौर पर सितंबर में करीब 189 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस साल इससे अधिक बारिश होगी।

# ईडी का एक्शनः छापेमारी में मिली मर्सिडीज पोर्श, मिनी कूपर बीएमडब्ल्यू और ऑडी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने से जुड़े धन शोधन मामले में ओडिशा के एक व्यवसायी और उसकी कंपनियों के खिलाफ छापेमारी के बाद एक पोर्श, एक मर्सिडीज, एक मिनी कूपर और एक बीएमडब्ल्यू समेत 10 से अधिक लग्जरी वाहन जब्त किए हैं।

अनमोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड व अनमोल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रबंध निदेशक शक्ति रंजन दाश के भुवनेश्वर में स्थित परिसरों पर शनिवार को छापेमारी की गई। हिमाचल प्रदेश में स्थित इंडियन टेक्नोमैक कंपनी लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ दर्ज कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में यह कार्रवाई की गई। धन शोधन का यह मामला आईटीसीओएल और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश पुलिस सीआईडी द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी से संबंधित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी के निदेशकों ने विभिन्न कंपनियों के कर्मचारियों और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के साथ मिलकर बैंकों के एक संघ से लिए गए ऋणों की हेराफेरी की। ईडी के अनुसार आईटीसीओएल और उसकी संबंधित फर्जी कंपनी ने एएमपीएल के बैंक खातों में 59.80 करोड़ रुपए डलवाए।

### क्या है आरोप

आरोप है कि अनमोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड व अनमोल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शक्ति रंजन दाश ने ओडिशा में खनन गतिविधियों के लिए इस पैसे का उपयोग करने में "जानबूझकर" आईटीसीओएल के प्रवर्तक राकेश कुमार शर्मा की सहायता की।

## जबलपुर बैंक लूट में बिहार एसटीएफ का बड़ा खुलासा

# तीन किलो से अधिक गोल्ड के साथ गया से दो गिरफ्तार

***जबलपुर में बैंक से 14 किलो सोने की हुई थी लूट, तीन किलो सोना बरामद, आरोपियों पर कई राज्यों में मामले दर्ज***

एजेंसी ▶▶| पटना

मध्यप्रदेश के जबलपुर में स्थित इंसाफ बैंक की शाखा से करीब 14.87 किलो सोने के आभूषण और पांच लाख की नकदी की लूट के मामले में बिहार एसटीएफ ने गया से दो आरोपियों, राजेश दास उर्फ आकाश दास और इंद्रजीत दास को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 3.112 किलो ग्राम सोना भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार सोने की कीमत तीन करोड़ से अधिक बताई जा रही है। गिरफ्तार राजेश दास पर बिहार के विभिन्न जिलों के साथ ही झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। बरामद आभूषण के साथ रविवार को दोनों आरोपियों को जबलपुर पुलिस अपने साथ ले गई। नगर एसपी रामानंद कुमार कौशल ने लूट के सोने के साथ दो आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। जबलपुर जिला के खितौला थाना क्षेत्र में इंसाफ बैंक की शाखा में 11 अगस्त, को हथियारबंद अपराधियों ने लूटपाट की थी। जांच में बिहार से जुड़े लुटेरों की जानकारी मिलने पर बिहार एसटीएफ ने डीएसपी आनंद कुमार के नेतृत्व में टीमें बनाकर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान एक अपराधी की पहचान गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र के बीजा टोला निवासी राजेश दास उर्फ आकाश दास के रूप में हुई। राजेश पर गया और ओडिशा के बीरभूमि पुलिस थाने में कांड दर्ज हैं।

## तेलंगाना विधानसभा से विधेयक पारित

# स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ी जातियों को मिलेगा 42% आरक्षण

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा ने रविवार को ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पिछड़ा वर्ग को स्थानीय निकाय चुनावों में 42 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े दो महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए। ये विधेयक 2018 के कानून में संशोधन के रूप में लाए गए हैं। विधानसभा ने तेलंगाना नगरपालिकाएं (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2025 और तेलंगाना पंचायत राज (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2025 को संक्षिप्त चर्चा के बाद पारित कर दिया। इससे पहले सरकार ने अध्यादेश जारी किया था, जिसे राज्यपाल ने राष्ट्रपति के पास भेजा था। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने बहस के दौरान कहा कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार स्थानीय निकाय चुनाव 30 सितंबर से पहले कराना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार चुनाव तभी कराएगी जब 42 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू हो जाएगा। रेवंत रेड्डी ने पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए कहा कि बीआरएस सरकार ने कभी पिछड़ा वर्ग आरक्षण बढ़ाने की ईमानदार कोशिश नहीं की। 2018 का पंचायत राज कानून आरक्षण 50 प्रतिशत से ज्यादा देने की अनुमति ही नहीं देता था। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर बीआरएस सचमुच गंभीर थी, तो दिल्ली के जंतर मंतर पर पिछड़ा वर्ग आरक्षण की मांग को लेकर हुए धरने में उनका साथ क्यों नहीं दिया। सरकार ने विधायी और कानूनी पहलुओं की समीक्षा करने के बाद ही समर्पण आयोग का गठन किया।

### पिछड़ा वर्ग समाज को बड़ा लाभ मिलेगा- टीपीसीसी

कांग्रेस मंत्री पोननल प्रभाकर ने कहा कि अध्यादेश को अब बिल का रूप दिया गया है, यह संसदीय परंपरा और प्रक्रिया है। वहीं, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने इस पर खुशी जताई और कहा कि विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव से पिछड़ा वर्ग समाज को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि समाज इसे खुले दिल से स्वीकार करेगा। कांग्रेस ने 2023 विधानसभा चुनावों से पहले वादा किया था कि स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत किया जाएगा।

### // आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती सरोज देवी सोनी पत्नी श्री ज्ञानचंद सोनी निवासी इब्राहिमगंज म. नं. 25, गली नम्बर. 2 भोपाल से उनके स्वत्व, स्वामित्व, व आधिपत्य का एक किता प्लाट 9600 वर्गफीट जोकि खसरा नं.-33/1 का अंश भाग है। नारियल खेड़ा भोपाल मे स्थित है। उक्त प्लाट की चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है- पूरब मे- रोड , पश्चिम मे- अन्य का मकान, उत्तर मे- रोड, दक्षिण मे- रोड है। उक्त प्लॉट को क्रय करने का अनुबंध कर विक्रेता को बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विक्रय संव्यवहार अथवा उक्त प्लॉट या उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, या सोसायटी को कोई भी आपत्ति हित हो अथवा कोई ऋण, भार, दान, बंधक अनुबंध हो तो वह सूचना प्रकाशन से पंद्रह (15) दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। समय अवधि समाप्त होने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। और मेरा पक्षकार उक्त प्लॉट का पंजियन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष मे कराने हेतु स्वतन्त्र होगा।

भवदीय **ब्रजेन्द्र शुक्ला** (एडवोकेट)
कार्या.-38, ओम लॉ एसोसिएट, पुरानी विधान सभा के सामने, भोपाल मो. 9993806073

## पेज एक का शेष...

### औद्योगिक व ऊर्जा...

के मौके पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से संवाद कर आशय-पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों, गरीबों और लघु उद्यमियों के लिए स्वदेशी की लड़ाई लड़ रहे हैं।

राज्य सरकार और प्रदेशवासी पूरी प्रतिबद्धता से उनके साथ हैं। मुरैना में शुरू हो रही हाईड्रोजन इकाई में कोरिया और ब्रिटेन की अग्रणी कंपनियां तकनीकी सहयोग कर रही हैं।

निकट भविष्य में इससे ग्रीन हाईड्रोजन का उत्पादन किया जाएगा। परियोजना से लगभग 500 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही रोजगार के कई अप्रत्यक्ष अवसर भी सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने मुरैना स्थित असीम आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र शनिचरा मंदिर पहुंचकर मंदिर के नवनिर्मित तोरण द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने न्याय के देवता शनि महाराज की मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया और प्रदेश की उत्तरोत्तर तरक्की एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

### प्रथम आओ- प्रथम ...

आरती दर्शन करते हैं। मंदिर समिति जल्द ही श्रद्धालुओं को वर्चुअल अनुमति के साथ नंबर जारी करने की व्यवस्था करेगी। अभी भक्तों को ये पता नहीं होता है कि उन्हें कहां बैठाया जाएगा।

### प्रतिदिन 1700 भक्तों ....

अवसरों पर विवाद का कारण बनती है। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि भस्म आरती दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्थान तय करने की व्यवस्था बना रहे हैं।

### फैक्ट्री मालिक उनकी....

क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं कुछ मकानों में मामूली दरार आई है। पुलिस का दावा है कि आलम की भाभी खातून के नाम पर पटाखा बनाने का लाइसेंस है। बताया गया कि आलम चूड़ी बेचने के साथ ही पटाखे का भी कारोबार करता है। रविवार सुबह उसके घर में पटाखा बनाया जा रहा था। सुबह 11.30 बजे अचानक पटाखों में आग लगी और फिर जोरदार धमाके हुए। एक के बाद एक कई धमाकों से आलम का मकान ताश के पत्तों की तरह ढह गया। घर में मौजूद आलम, उसकी पत्नी मुन्नी, बेटा दिलशान, इरशाद मलबे से नीचे दब गए। धमाका इतना तेज था कि एक किमी के दायरे में उसकी आवाज गूंज उठी। आवाज सुनकर दहशतजदा ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने आलम के मकान से धुएं का गुबार उठते देखा। भागकर लोग वहां पहुंचे तो आलम का मकान जमींदोज मिला। सात घंटे बाद दोबारा पास में दोबारा धमाका हुआ, जिसमें गोदाम ध्वस्त हो गया।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457
R-03-09-2025

सफाई कर्मचारी नियुक्तिः चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाडू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800
R- 29-09-2025 to 01-sep-25

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5975

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | | | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | ■ | ■ | ■ | 22 | | | |
| | ■ | ■ | 23 | ■ | 24 | | ■ | ■ | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

**बाएँ से दाए-**
1. पद्माकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5974 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बे | मि | सा | ल | ■ | प | ह | चा | न | ■ |
| बे | ■ | ल | ■ | हु | न | र | ■ | क | ■ | स |
| ई | मा | न | ■ | लु | ■ | व | ■ | र | स | म |
| मा | ■ | ■ | ■ | हा | ज | रि | ■ | ■ | ■ | क |
| न | क | ब | ज | न | ■ | श | य | न | क | क्ष |
| ■ | म | ■ | र | ■ | ■ | ■ | की | ■ | हा | ■ |
| अ | ल | सु | ब | ह | ■ | का | न | भ | र | ना |
| प | ■ | ■ | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | ■ | स |
| रा | श | न | ■ | व | ■ | ख | ■ | स | ला | म |
| ध | ■ | हा | ■ | त | रा | जू | ■ | रो | ■ | झ |
| ■ | स | ना | त | न | ■ | रा | ज | पा | ट | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5985

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकू नवताल - 5984 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## कैट मध्यप्रदेश ने जीएसटी में सुधार के लिए सरकार को सौंपे सुझाव

# संगठन के पदाधिकारी ने की समस्याओं को दूर करने और टैक्स ढांचे को सरल बनाने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



आगामी जीएसटी काउंसिल बैठक से पहले कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश ने सरकार से व्यापार जगत की समस्याओं को दूर करने और कर ढांचे को सरल बनाने की मांग की है।

कैट की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पूर्व प्रिन्सिपल चीफ कमिशनर सीजीएसटी नवनीत गोयल, सुनील जैन 501, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा इस अवसर पर उपस्थित रहे। संगठन ने कहा कि वर्तमान जीएसटी व्यवस्था में छोटे व्यापारी, एमएसएमई और निर्यातक वर्ग लगातार अनुपालन और उच्च दरों से परेशान हैं। यदि सुधार नहीं किए गए तो व्यापार प्रभावित होगा और उपभोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ पड़ेगा। कैट ने अपने ज्ञापन में कहा कि दर कटौती से न केवल व्यापार लागत घटेगी, बल्कि भारतीय उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और उपभोक्ता को भी सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी और मुकदमेबाजी कम होगी।

### *व्यापारिक संगठन की यह है प्रमुख मांगे*

*वस्तुओं पर राहत- स्टेशनरी, तैयार खाद्य पदार्थ (नमकीन, बिस्किट, आइसक्रीम आदि), सौंदर्य प्रसाधन, ड्राईफ्रूट्स, वस्त्र, मोबाइल (30,000 रुपए तक), ईवी पार्ट्स, कृषि उपकरण, साइकिल, खिलौने, टीवी (32 इंच तक) और रसोई बर्तन जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीएसटी को 12 और 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए। वहीं सीमेंट, टायर, वाहन, बैटरी, एयर कंडीशनर और कार्बोनेटेड पेय जैसी वस्तुओं पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाए। आइसक्रीम जैसे आम उपभोग की वस्तु पर कॉम्पोजिशन स्कीम का लाभ दिया जाए। पदाधिकारियों ने सेवाओं पर राहत की मांग करते हुए कहाकि कोल्ड स्टोरेज, सैलून, शादी समारोह सेवाएं, खनन पट्टे और कमर्शियल किराये पर जीएसटी को 5 प्रतिशत तक सीमित किया जाए। इसके साथ ही एमएसएमईएस और छोटे व्यापारियों के लिए सरल एक पेज वार्षिक रिटर्न लागू हो। पंजीकरण सीमा और कॉम्पोज़िशन स्कीम की सीमा को 5 से 10 करोड़ तक बढ़ाया जाए, ताकि बी2सी ट्रेडर्स भी सरल जीएसटी व्यवस्था का लाभ ले सकें। जीएसटी पोर्टल को तकनीकी रूप से बेहतर बनाया जाए और ईमानदार व्यापारियों को अनावश्यक छापों से छूट दी जाए। आपूर्तिकर्ता की गलती का बोझ खरीदार पर न डाला जाए। इंफ्रास्ट्रक्चर व परिवहन क्षेत्र में ईंधन (डीजल, गैस, एटीएफ) पर आईटीसी का लाभ दिया जाए। साथ ही ब्याज दर को 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी करने की मांग की गई है। कैट मध्यप्रदेश ने सरकार से अपील करते हुए उम्मीद जताई है कि सरकार व्यापारियों की इन व्यावहारिक मांगों को गंभीरता से सुनेगी और आगामी जीएसटी काउंसिल बैठक में निर्णय लेगी। संगठन का कहना है कि यदि यह सुधार लागू होते हैं तो व्यापार जगत को राहत, उपभोक्ताओं को सस्ता सामान और सरकार को अधिक राजस्व मिलेगा।*

## आयकर अधिकारियों के लिए राजपत्रित अधिकारी संघ करेगा निष्ठा और पारदर्शिता से काम : महासचिव

# संजय कुमार अध्यक्ष और डॉ. दीपक कुमार तीसरी बार निर्वाचित हुए संघ के महासचिव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल


संजय कुमार रामटेके


डॉ. दीपक कुमार

आयकर विभाग के राजपत्रित अधिकारी संघ,मध्यप्रदेश एवं छग के नवनिर्वाचित महासचिव डॉ. दीपक कुमार ने अधिकारियों की समस्याओं का समाधान आपसी संवाद, सदभाव और एक सुनिश्चित प्रक्रिया के माध्यम से हो। आयकर अधिकारियों की सेवा शर्तों से जुड़ी लंबित समस्याओं के समाधान,अधिकारियों के नियमित कामकाज के दौरान आने वाली चुनौतियों के बीच संतुलन और संशोधन तथा विभाग और संगठन के बीच सकारात्मक संवाद के जरिए अपने संगठन को इतना प्रभावी और मजबूत बनाया जाएगा कि सरकार और संघ के बीच किसी तरह का अवरोध या विवाद पैदा नहीं हो। डॉ. दीपक कुमार इंदौर में संपन्न हुए संघ के दो दिवसीय अधिवेशन के दौरान तीसरी बार महासचिव पद पर निर्वाचित हुए हैं। इस अधिवेशन में भोपाल के आयकर उपायुक्त संजय कुमार रामटेके अध्यक्ष चुने गए हैं। डॉ. दीपक कुमार की संगठनात्मक सूझबूझ और उनकी कार्यशैली तथा अपने साथियों के प्रति आत्मीय और गरिमापूर्ण व्यवहार का ही नतीजा माना जा रहा है कि वे लगातार तीसरी बार मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के राजपत्रित अधिकारी संघ के महासचिव चुने गए हैं। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि इन सभी चुनौतियों का समाधान यही है कि विभाग से हम तकनीकी और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की मांग करें। हमारा टैक्निकल इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत और आधुनिक हो तथा जिम्मेदारियों का न्याय संगत वितरण हो। केवल आंकड़े पूरे करने की दौड़ में लगना ठीक नहीं होगा। मैं चाहता हूं कि आज की युवा पीढ़ी जो बहुत अधिक सक्षम और तकनीकी रूप से अपडेट है, वह ईमानदारी , नवाचार और पारदर्शिता के माध्यम से अपनी पहचान बनाएं। हम अपने संघ के माध्यम से युवा अधिकारियों को भी अवसर देना चाहते हैं और उन्हें भी संगठन की कार्यकारिणी में लेकर उनकी ऊर्जा एवं सुझावों का उपयोग करेंगे।

## आज लागू होगी 840 रु.प्रति किग्रा फैट की यह नई दर

# भोपाल दुग्ध संघ ने की दुग्ध उत्पादकों से क्रय किए जाने वाले दूध की दरों में दोबारा वृद्धि

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



भोपाल दुग्ध संघ ने अपनी सभी दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से क्रय किए जाने वाले दूध खरीदी मूल्य में दूसरी बार ऐतिहासिक वृद्धि की है। संघ ने दुग्ध उत्पादकों से 840 रुपए प्रति किग्रा फैट से दूध क्रय करने का निर्णय लिया गया है, जो 1 सितंबर 2025 से प्रभावशील होगा। यह दूध संघ के इतिहास में दोबारा बढाई गई सर्वाधिक क्रय दर है।

### तीन, 13 और 23 तारीख को राशि का अनिवार्य रूप से नियमित भुगतान

दुग्ध उत्पादकों एवं सभी संस्थाओं ने कहा कि भोपाल दुग्ध संघ द्वारा दूध क्रय दर में वृद्धि करने और निर्धारित तिथियों में भुगतान होने पर दुग्ध उत्पादकों में जहां खुशियों की लहर दौड़ने लगी है। दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को आर्थिक लाभ होने से लोगों को रूचि पशुपालन व्यवसाय के प्रति बढ़ रही है। दुग्ध प्रदायकों ने दूध क्रय दर में वृद्धि किए जाने के प्रति खुशिया व्यक्त की जा रही है। ज्ञात हो कि संघ द्वारा दुग्ध उत्पादकों को नियत तिथि 3 ,13 और 23 तारीख में अनिवार्य रूप से नियमित भुगतान किया जा रहा है।

### एक हजार नवीन दुग्ध समितियों का गठन किया जा रहा

मध्यप्रदेश सहकारी दुग्ध महासंघ के प्रबंध निदेशक डॉ. संजय गोवाणी ने कहाकि राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के मध्य हुए सहकार्यता अनुबंध के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार इस वर्ष संघ के कार्यक्षेत्र में 1000 नवीन दुग्ध समितियों का गठन किया जा रहा है। भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने बताया कि इस कदम से 25 हजार पशुपालकों को संघ से जोड़ा जा रहा है, जो इस वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करेंगे।

## ब्रिक्स सीसीआई हेल्थकेयर समिट का सफल आयोजन

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) ने ब्रिक्स सीसीआई हेल्थकेयर समिट 2025 का सफल आयोजन किया। ब्रिक्स सीसीआई हेल्थकेयर वर्टिकल के अध्यक्ष और ब्रिक्स सीसीआई के कार्यकारी निदेशक (रणनीति) प्राण शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन ने आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के साथ औषधियों की पारंपरिक प्रणालियों के मेल की दिशा में बढ़ रही वैश्विक गति को रेखांकित किया।

लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण राज्यमंत्री रामदास बी.अठावले ने अपने विचार रखे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय आयुष मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने अपने अनुभव साझा किए। इस आयोजन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा संबोधित एक एक्सक्लूसिव वीडियो भी चलाया गया।

# 10 नंबर मार्केट को मिलेगी 'मल्टीलेवल पार्किंग' की सौगात व्यापारी महासंघ ने जताया शासन-प्रशासन का आभार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

राजधानी के 10 नंबर मार्केट और आईएसबीटी पर करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से दो नई मल्टीलेवल पार्किंग बनेगी। व्यापारी संघ के संरक्षक डॉ. सुरजीत सिंह चौहान और रामचंद्र पाटीदार,हरीश चोइथानी द्वारा दिए गए प्रस्ताव को महापौर श्रीमती मालती राय द्वारा नगर निगम में मल्टीलेवल पार्किंग परियोजनाओं के लिए डीपीआर तैयार कर नगरीय आवास मंत्रालय को भेजा गया। इस पहल के लिए दस नंबर के व्यापारियों ने शासन-प्रशासन का आभार माना है। महासंघ के महासचिव हरीश चोईथानी ने बताया कि इन दोनों पार्किंग में शहर के प्रमुख बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। दोनों पार्किंगों का डिजाइन एक जैसा होगा, जिसमें 5 मंजिलें होंगी। निगम ने दोनों परियोजनाओं के लिए डीपीआर तैयार कर 3 माह पहले नगरीय आवास मंत्रालय को भेज दी है। इसके साथ ही जमीन के आवंटन के लिए जिला प्रशासन को भी पत्र लिखा गया है। प्रत्येक पार्किंग की अनुमानित लागत 25 करोड़ है। इन पांच मंजिला इमारतों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि प्रत्येक में तीन फ्लोर पर करीब 500 कारों की पार्किंग हो सकेगी। जबकि 500 बाइक की भी जगह होगी। कुल मिलाकर एक पार्किंग में 1000 से अधिक वाहनों को व्यवस्थित जगह मिल पाएगी। कलेक्टर द्वारा गठित टीम पुराने शहर में भी मौजूद बाजारों में पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अध्ययन कर उनके सुधार को लेकर प्रशासन को रिपोर्ट देगी। उसके बाद सुधार के काम शुरू होंगे। इन पार्किंग के निर्माण के साथ ही आसपास के क्षेत्रों की सडक़ों को भी सुधारा जाएगा। 10 नंबर मार्केट में वंदे मातरम चौराहे से 10 नंबर तिराहे तक का हिस्सा, जो अभी 60 फीट चौड़ा है उसे बढ़ाकर 80 फीट किया जाएगा। इसी तरह आइएसबीटी के सर्विस रोड का भी चौड़ीकरण किया जाएगा और इसे सीसी रोड में बदला जाएगा। 10 नंबर मार्केट में अभी केवल 100 गाडिय़ों के लिए पार्किंग की जगह है, जबकि वहां हजारों गाडिय़ां आती हैं। आईएसबीटी पर आने वाले वाहनों में से केवल 10 फीसदी को ही पार्किंग मिल पाती है। नई मल्टीलेवल पार्किंग बनने से बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों के परिजन, निगम कार्यालय, रजिस्ट्री ऑफिस के वाहन पार्क हो सकेंगे।

### *मार्केट स्थित श्रीगणेश झांकी में महापौर ने की आरती*

*महापौर श्रीमती मालती राय ने राजधानी के दस नंबर मार्केट में व्यापारी संघ द्वारा स्थापित गणेशजी की झांकी में उपस्थित होकर आरती की और श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त गण व्यापारी सहित पूर्व नगर निगम अध्यक्ष डॉ.सुरजीत सिंह चौहान,अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोइथानी, उपाध्यक्ष अमृत गहलोत, एहफाज भाई, विनोद खटवानी,सुनील सचदेव, जीतू भाई,करण खटवानी, जीजा, अनिल आहूजा,मम्मू सेठ, इंदर तलरेजा,पप्पू आहूजा,बाबू नंदी,कमल अमुलानी,जीवन नंदी,काबुल नंदी,आदि सभी व्यापारी वर्ग श्रद्धाभाव से उपस्थित रहे। साथ ही उमेश त्रिपाठी एवं अर्जुन पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर 10 नंबर मार्केट व्यापारी संघ के महापौर के अथक प्रयासों से प्रस्तावित मल्टी लेवल पार्किंग के डीपीआर प्रस्तुत होने पर आभार व्यक्त किया गया।*



## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर पब्लिक स्कूल में 'अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल' संपन्न





**भोपाल ।** मानसरोवर पब्लिक स्कूल कोलार रोड भोपाल में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य छात्रों और स्टाफ को आग से बचाव सुरक्षा उपायों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में तैयारी के प्रति जागरूक करना था। ड्रिल में विशेष रूप से रसोई गैस में लगी आग, तेल की आग, अलार्म का उपयोग तथा स्मोक डिटेक्टर की कार्यप्रणाली पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें यह प्रदर्शित किया गया कि आग लगने की स्थिति में किस प्रकार तुरंत और सुरक्षित तरीके से कार्य करना चाहिए तथा संयम और सतर्कता का कितना महत्व है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सोजन जोसेफ द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंकज खरे प्रभारी फायर स्टेशन उपस्थित रहे। फायर स्टेशन की विशेष टीम ने लाइव रेस्क्यू ऑपरेशन और आग बुझाने की तकनीकें प्रदर्शित कीं। टीम में लखाराम फायरमैन, राजन सुरले फायरमैन, शैलेन्द्र दुलारे फायरमैन, अनिल यादव फायर चालक शामिल थे। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी उपस्थित रहे। ड्रिल का समापन एक इंटरएक्टिव सत्र के साथ हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने आग से सुरक्षा निकासी प्रक्रिया तथा प्राथमिक उपचार से जुड़े प्रश्न पूछे। विद्यालय प्रबंधन ने फायर सेफ्टी विभाग एवं पूरी टीम का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस मॉक ड्रिल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया।

### ऑप्टिमस 4,500 नौकरियां पैदा करने करेगी 800 करोड़ रु. का निवेश

**भोपाल।** इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता ऑप्टिमस इंफ्राकॉम ने मैटेरियल साइंस में विश्व की अग्रणी कंपनियों में से एक कॉर्निंग इनकॉरपोरेटेड द्वारा विकसित टेक्नोलॉजी-इंजीनियर्ड बाय कॉर्निंग के साथ टेंपर्ड ग्लास के लिए देश के प्रथम विनिर्माण संयंत्र का उत्तर प्रदेश के नोएडा में उद्घाटन किया। इस विनिर्माण इकाई का उद्घाटन केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, सूचना एवं प्रसारण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा किया गया। यह भारत के बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स पारितंत्र के लिए एक ऐतिहासिक कीर्तिमान है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 11 लाख, 70 हजार करोड़ रुपए का स्तर पार कर गया और यह देश विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल विनिर्माण देश बन गया। इस इकाई में 70 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश से अत्याधुनिक आधारभूत ढांचा तैयार किया गया ह प्रथम चरण में सालाना 2.5 करोड़ यूनिट की स्थापित क्षमता होगी जिससे 600 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### एथर एनर्जी ने की ईएल पेश, स्कूटरों की नई जनरेशन शुरू

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी ने एथर कम्युनिटी डे 2025 के तीसरे एडिशन में उत्पाद और टेक्नोलॉजी में हुए जबरदस्त विकास की घोषणा की। एथर ने अपने ऑल-न्यू ईएल प्लेटफॉर्म का अनावरण भी किया। यह 450 के बाद पेश किया गया एथर का पहला वाहन प्लेटफॉर्म है। ईएल प्लेटफॉर्म का विकास बहुउपयोगिता, विस्तार और कीमत के अनुकूलन के लिए किया गया है। इसके साथ विभिन्न सेगमेंट्स में एथर स्कूटरों की एक नई जनरेशन शुरू होगी, जो भारतीय राईडर्स के लिए परफॉर्मेंस, विकल्पों और इनोवेशन के नए मानक स्थापित करेगी। एथर ने एथरस्टैक 7.0 भी पेश किया। इसमें स्कूटर के साथ संवाद आवाज के माध्यम से होगा। इसके अलावा, टेक्नोलॉजी को अधिक इन्ट्यूटिव एवं उपयोग में आसान करने के लिए कई नए फीचर्स भी पेश किए गए। एथर ने अगली जनरेशन के फास्ट चार्जर भी प्रदर्शित किए, जो इलेक्ट्रिक स्कूटरों को और अधिक तेजी से चार्ज कर सकते हैं। साथ ही, मौजूदा उत्पाद श्रृंखला को अपडेट करने की घोषणा भी की गई।




### बेस्ट इन टेक अवॉड्र्स के विजेताओं की घोषणा

**भोपाल।** बेस्ट इन टेक अवॉड्र्स (बिटा) के विजेताओं की घोषणा कर दी गई। ये अवॉड्र्स भारत के विभिन्न कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कंज्यूमर टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स को समर्पित हैं, जिसका उद्देश्य उन गैजेट्स को पहचान दिलाना है जिन्होंने असाधारण प्रदर्शन किया है और मार्केट में उपभोक्ताओं का विश्वास अर्जित किया है। उन्होंने लगातार बेहतर प्रदर्शन और उपभोक्ता संतुष्टि के मानकों को पूरा किया है। अमेजन इंडिया की डायरेक्टर - कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, जेबा खान ने कहाकि उपभोक्ता अपनी टेक्नोलॉजी खरीदारी के लिए भरोसेमंद स्रोतों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। मान्यता प्रक्रिया को प्रामाणिक बनाने के लिए इसमें कई मूल्यांकन मानकों को शामिल किया गया।

### सैमसंग ने लांच किया 'बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर'

**गुरुग्राम।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग अपने प्रीमियम होम अप्लायंसेज की रेंज को और मजबूत करने के लिए तैयार है। कंपनी जल्द ही 'मेड इन इंडिया बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर कॉम्बो' लॉन्च करेगी, जिसे खासतौर पर आधुनिक भारतीय घरों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। त्योहारों के सीजन से ठीक पहले आने वाला यह नया वॉशर ड्रायर कॉम्बो उन भारतीय उपभोक्ताओं के लिए खास पेशकश है, जो डिज़ाइन, टेक्नोलॉजी और आसान इस्तेमाल का परफेक्ट संयोजन चाहते हैं। इस लॉन्च के साथ सैमसंग तेजी से बढ़ते वॉशर-ड्रायर सेगमेंट में अपनी पकड़ और मजबूत करेगा। नया बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर कॉम्बो इंटेलिजेंट इनोवेशन, सिग्नेचर बेस्पोक डिज़ाइन और एडवांस्ड फैब्रिक केयर का बेहतरीन संगम है।

### अमेजन के ओणम स्टोर पर 60 फीसदी तक की छूट

**बेंगलुरु ।** फसल, एकजुटता और परंपराओं को जीने के इस मौसम को और भी स्मरणीय बनाने के लिए अमेजन इंडिया ने अपना ओणम स्टोर लांच किया है। ओणम साध्य में पहनी जाने वाली पारंपरिक कसावु साड़ियों और धोतियों से लेकर अन्य आवश्यक वस्तुएं, पूजा के लिए सामान, घर की सजावट और खाना बनाने के बर्तनों तक, यह स्टोर देश भर के ग्राहकों के लिए ओणम की असल भावना और स्वाद को जीवंत करता है। ग्राहक त्योहारों का स्वागत करते हुए स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, किराना और घरेलू जरूरी चीजों पर 60फीसदी तक की छूट के साथ अपनी जरूरत की हर चीज खरीद सकते हैं। ग्राहक उत्पाद खोजने, व्यक्तिगत सुझाव प्राप्त करने और त्योहारों के लिए अपने खरीदारी अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए अमेज़न के संचालित शॉपिंग असिस्टेंट, रूफस का भी उपयोग कर सकते हैं।

### बैंकों के माध्यम से 'वित्तीय समावेशन संतृप्ति' शिविर ग्राम पंचायत स्तर पर आज से 30 सितंबर तक



**भोपाल।** सभी बैंकों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर देशभर में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक आयोजित होगा। इन शिविरों में नए जनधन खाते खोलने व सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं में पंजीकरण के साथ साथ मौजूदा खाताधारक अपने खातों में री-केवॉयसी तथा निष्क्रिय खातों को री-केवॉयसी के माध्यम से सक्रिय कर सभी बैंकिंग योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। इसी कड़ी में 30 अगस्त को ग्राम पंचायत रंगवासा, जिला इंदौर में वित्तीय समावेशन का एक विशाल संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा, भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस सेट्टी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल की क्षेत्रीय निदेशक रेखा चंदनावेली, भारतीय स्टेट बैंक भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा, जिलाधीश आशीष सिंह एवं सरपंच रंगवासा शामिल हुए। लगातार हो रही बारिश के बावजूद शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के जन धन खाताधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष एवं अन्य वक्ताओं ने सभी ग्राहकों से जन धन खातों में 10 वर्ष पूरे होने पर री-केवॉयसी करने के बारे में प्रकाश डाला एवं सभी से अपने खातों में री-केवॉयसी करवाने की अपील की । ग्राहकों को बताया गया कि बैंक मित्र अब इस मुहिम में अपना सहयोग दे रहे हैं और सभी ग्राहक उनके माध्यम से अपने खातों में केवायसी अपडेट करवा सकते हैं ।

### स्वशासन दिवस पर 'रक्तदान शिविर' का आयोजन



**भोपाल।** ऑल इंडिया इन्स्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेन्ट (एआईआईएलएसजी ) शिक्षण-प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत एक अग्रणी संस्थान है तथा नगरीय निकायों के कर्मचारियों - जनप्रतिनिधियों के क्षमता निर्माण संबंधी प्रशिक्षण के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराने वाला प्रमुख स्वायत्तशासी संगठन है। संस्थान की स्थापना 31 अगस्त, 1926 को मुंबई में हुई तथा वर्तमान में देश के विभिन्न राज्यों में 52 क्षेत्रीय केन्द्र संचालित किए जा रहे है। इस वर्ष संस्थान द्वारा 'शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। अपने 100वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्र, भोपाल में 'रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के कर्मचारियों सहित प्रशिक्षणरत छात्रों द्वारा कैम्प में भाग लेकर रक्तदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के क्षेत्रीय संचालक के.आर. शर्मा, के.एम त्रिपाठी. प्रशासकीय अधिकारी तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थिति में भारतीय रेडक्रास सोसाइटी के डॉक्टर ओ.पी. श्रीवास्तव एवं टेक्नीशियन दीपशिखा द्वारा रक्तदान शिविर को सम्पन्न कराने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई गई।

### टीआरएसटीओ01 ने सोपा सदस्यों के साथ समझौता किया

**इंदौर।** प्रौद्योगिकी की अग्रणी कंपनी टीआरएसटी01 ने इंदौर में सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, सोपा सदस्य टीआरएसटीओ चैजन अपनाएंगे, जो यूरोपीय संघ के वन-विनाश नियमन की कठोर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार एक उन्नत ट्रेसबिलिटी और अनुपालन मंच है। इस साझेदारी के साथ, भारत के प्रमुख नॉन-जीएमओ सोया निर्यातकों ने टीआरएसटीओ1 चैन को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह रणनीतिक कदम सुनिश्चित करेगा कि भारत से यूरोप को नॉन-जीएमओ सोया का निर्यात निर्बाध और पूर्ण रूप से ईयूडीआर मानकों के अनुरूप होगा, जिससे भारत की पहचान और सतत कृषि-उत्पाद आपूर्तिकर्ता के रूप में और मजबूत होगी।

### ऑप्टिवॅल्यू टेक का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** ऑप्टिवॅल्यू टेक कंसल्टिंग लिमिटेड (ऑप्टिवॅल्यू, कंपनी) तकनीकी समाधान और कंसल्टिंग सेवाएं प्रदान करती है, जिनमें क्लाउड समाधान, एंटरप्राइज एप्लिकेशन डेवलपमेंट सेवाएं, एप्लिकेशन और प्रोसेस इंटीग्रेशन सेवाएं और डेटा ऑटोमेशन सेवाएं शामिल हैं। कंपनी 2 सितंबर मंगलवार को अपनी इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग खोलने जा रहीं है, जिसका उद्देश्य 51.82 करोड़ (उच्चतम मूल्य बैंड पर) जुटाना है और इसके शेयर एनएई इमर्जी प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। एंकर भाग 1 सितंबर 2024 को खुलेगा और इश्यू 2 सितंबर 2025 को खुलेगा तथा 4 सितंबर 2024 को बंद होगा।

# पुराना स्टॉक कम होने से मक्का में 150 रु. तक की तेजी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल




मनीष मरेले

किसानों के पास मक्का का बहुत कम स्टॉक बचा हुआ है, जबकि इसकी मांग मजबूत बनी हुई है। इसके फलस्वरूप नई फसल की कटाई-तैयारी एवं मंडियों में आवक शुरू होने से पूर्व मक्का के दाम में 150 रुपए प्रति क्विंटल तक की तेजी आने का अनुमान लगाया जा रहा है। मक्का कारोबारी मनीष मरेले ने बताया कि मक्का का भाव वैरायटी अनुसार 2250-2400 रुपए प्रति क्विंटल पर स्थिर बना हुआ है। उन्होंने कहाकि अगले सप्ताह से मक्का की मांग बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि किसानों के साथ-साथ व्यापारियों एवं बिचौलियों के पास भी स्टॉक लगातार तेजी से घटता जा रहा है। केन्द्र सरकार ने मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2024-25 सीजन के 2225 रुपए प्रति क्विंटल से 175 रुपए बढ़ाकर 2025-26 सीजन के लिए 2400 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित कर दिया है जबकि थोक मंडी भाव इसके आसपास ही चल रहा है। किसानों को अपने उत्पाद का आकर्षक एवं लाभप्रद मूल्य प्राप्त होने से मक्का की खेती में उसकी दिलचस्पी एवं सक्रियता काफी बढ़ गई है। इसके फलस्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर मक्का का उत्पादन क्षेत्र चालू खरीफ सीजन में 22 अगस्त तक उछलकर 93.34 लाख हेक्टेयर के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया जो पिछले साल की समान अवधि के बिजाई क्षेत्र 83.58 लाख हेक्टेयर से 9.76 लाख हेक्टेयर ज्यादा है।

### *बनी हुई है एथनॉल उद्योग में मक्का की भारी मांग*

*कारोबारी मनीष मरेले के मुताबिक इस बार मक्का का पंचवर्षीय औसत क्षेत्रफल 78.95 लाख हेक्टेयर आंका गया है जबकि वास्तविक रकबा उससे काफी आगे निकल चुका है। अगले महीने के अंत या अक्टूबर के आरंभ से अगैती बिजाई वाले मक्का की नई फसल की कटाई-तैयारी शुरू होने की संभावना है। एथनॉल उद्योग में मक्का की भारी मांग बनी हुई है। मक्का का रकबा बढ़ने से कुल उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है मगर कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा एवं बाढ़ से फसल को क्षति होने की सूचना भी मिल रही है।*

## वनस्पति तेल उद्योग को राहत की उम्मीद

# जीएसटी रिफंड प्रतिबंध हटाने पर जल्द फैसला संभव

एजेंसी. नई दिल्ली

वनस्पति तेल पर कर रिफंड प्रतिबंध हट सकता है। इस पर जीएसटी परिषद की बैठक में फैसला होने की उम्मीद है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहाकि खाद्य मंत्रालय ने वनस्पति तेल उद्योग के अनुरोध को वित्त मंत्रालय को भेज दिया है। खाद्य तेल उद्योग जुलाई, 2022 से उल्टे शुल्क ढांचे के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) रिफंड पर प्रतिबंधों से जूझ रहा है।

इसका विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों और घरेलू निर्माताओं पर प्रभाव पड़ रहा है। खाद्य तेलों पर 5 फीसदी जीएसटी लागू है। पैकेजिंग, केमिकल और प्रसंस्करण उपकरण सहित इनपुट सामग्री पर 12-18 फीसदी की उच्च दर लागू है। इस असमानता के कारण उद्योग को 2021-22 तक आईटीसी पर रिफंड का दावा करने की मंजूरी थी। उधर, सभी वनस्पति तेल उत्पादकों को चीनी एवं वनस्पति तेल निदेशालय में पंजीकरण कराना होगा।

IRCTC
इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए बोलियां आमंत्रित करता है:–

1. खुली ई–निविदा संख्या आईआरसीटीसी/सीओ/टीआरएसएम(डीटीटी)/5/2021/पर्यटन/सीओ – 'बौद्ध सर्किट टूरिस्ट ट्रेन' के पर्यटकों के लिए ग्राउंड हैंडलिंग व्यवस्था के प्रावधान हेतु सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए, जिसमें होटलों में फ्रेश–अप/रात भर ठहरना, ऑफ–बोर्ड खानपान, सड़क स्थानान्तरण, दर्शनीय स्थल, प्राथमिक चिकित्सा, पेशेवर/भाषा गाइड आदि शामिल हैं, दो साल की अवधि के लिए, सीजन 2025–26 और 2026–27 के लिए। बोली–पूर्व ऑनलाइन बैठकः **10.09.2025** को **11:00 बजे ।** जमा करने की अंतिम तिथिः **25.09.2025** को **15:00 बजे** तक।

2. खुली ई–निविदा संख्या 2025/आईआरसीटीसी/आरएन/संचालन/बिलासपुर – 5 साल की अवधि के लिए बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में 'रेल नीर' पैकेज्ड पेयजल संयंत्र के लिए ऑपरेटर के चयन हेतु। जमा करने की अंतिम तिथिः **12.09.2025** को **15:00 बजे** तक।

विस्तृत विवरणों के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट **www.irctc.com** एवं **www.tenderwizard.com/IRCTC** को देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता वेबसाइट **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का आगे कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट **www.irctc.com** एवं **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर प्रकाशित किया जाएगा।

आईआरसीटीसी लिमिटेड, चौथा तल, टॉवर–डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029

## चिंतन

# चीन से दोस्ती तो ठीक सतर्क रहना भी जरूरी

चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। ये विश्व के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। दोनों साथ आते हैं तो दोनों देशों का ही नहीं बल्कि 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा। आज चीन के शहर बीजिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का सार यही है। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। गलवान झड़प के बाद मोदी पहली बार चीन पहुंचे हैं। हालांकि दोनों नेताओं में रूस में मुलाकात हो चुकी है। वैसे भी गलवान के तनाव और अब के हालात में बहुत अंतर है। इस अंतर का कारण हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने सबसे पहले चीन को निशाने पर लिया था। उस पर एक के बाद एक टैरिफ थोपे गए। हालांकि बाद में वो चीन को लेकर नरम पड़ गए और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि डोनाल्ड ट्रंप पर किसी भी सूरत में भरोसा नहीं किया जा सकता। वो अपनी सनक के चलते कब क्या फैसला लेंगे, इसकी जानकारी किसी को भी नहीं। इसलिए जरूरी है कि मिलकर उनसे मुकाबला किया जाए। यह पहला मौका नहीं है जब भारत और चीन साथ आए हो। कभी 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगता था, लेकिन 1962 के युद्ध ने रिश्तों में कड़वाहट घोल दी थी। भारत और चीन के रिश्तों की शुरुआत 1938 में हुई थी। उस समय चीन जापान के हमलों से परेशान था। भारत ने इंसानियत दिखाते हुए चीन की मदद के लिए एक मेडिकल टीम भेजी। इस टीम में पांच भारतीय डॉक्टर थे, जिनमें से एक थे डॉ. द्वारकानाथ कोटनीस। डॉ. कोटनीस ने चीन के लोगों की सेवा करने का फैसला किया और वहीं रुक गए। भारत और चीन ने आजादी के बाद अपने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रयास किया। दोनों देशों ने एक समझौता किया। यह समझौता 29 अप्रैल, 1954 को हुआ था लेकिन यह समझौता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया। 1959 में जब भारत ने चीन से भागे दलाई लामा को शरण दी तो चीन ने इसे अपने अंदरूनी मामलों में दखल देना माना। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा को लेकर तनाव बढ़ने लगा। भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और चीन के प्रीमियर झोउ एनलाई ने कई बार मिलकर इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार 20 अक्टूबर, 1962 को चीन ने भारतीय सीमा पर हमला कर दिया। इस युद्ध ने भारत के भरोसे को बुरी तरह से तोड़ दिया। साल 2020 में लद्दाख के अक्साई चिन में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई थी। इस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हो गए। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत ने चीन के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया था। फ्लाइट सर्विस भी रोक दी गई थी। इससे दोनों देशों के बीच यात्रा करना मुश्किल हो गया था। भारत के लिए परेशानी का एक कारण चीन द्वारा बार-बार पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा होना भी है। वो पाक का समर्थन करके आतंकवाद के समर्थन में खड़ा हो जाता है। अब प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद जिनपिंग का यह कहना कि ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। सुनने में बहुत अच्छा लगता है और चीन-भारत की दोस्ती समय की मांग भी है, लेकिन चीन की विस्तारवादी सोच के चलते भारत को हमेशा सतर्क भी रहना होगा।

# जल्द निकालना होगा टैरिफ का तोड़



टैरिफ संकट
विकेश कुमार बडोला

भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है।

अंततः भारत-अमेरिका की आर्थिक शत्रुता बढ़ाने वाला बड़ा निर्णय ट्रंप ने ले ही लिया। गत 28 अगस्त से अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय उत्पादों पर कुल पचास प्रतिशत शुल्क लगने लगेगा। भारत में तो नहीं किंतु अमेरिका में बढ़े हुए शुल्क के शासकीय निर्णय पर पक्ष-विपक्ष के राजनेता तथा उनसे संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दो समूह बन गये हैं। एक समूह भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को अनुचित मान रहा है, तो दूसरा ट्रंप के निर्णय का समर्थन कर रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट सकारात्मक हैं। वे आशान्वित हैं कि अंततः अमेरिका व भारत के मध्य अर्थव्यवस्था की अनुकूल स्थितियां बनेंगी।

उनके अनुसार एकपक्षीय टैरिफ व कुछ अनावश्यक वक्तव्यों के बाद भी दोनों देशों के मध्य वार्ता की राह बंद नहीं हुई है। कुछ अन्य प्रभावशाली पदाधिकारी भी बारंबार कह रहे हैं कि यदि भारत पर पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस से तेल खरीद के कारण लगा है तो फिर चीन पर बढ़ा हुआ टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया, क्योंकि वो तो भारत की तुलना में रूस से अधिक तेल आयात कर रहा है। इस आपत्ति के आलोक में विचार करें तो यही ज्ञात होता है कि ट्रंप जो हैं वे मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के कारण यही चाहते थे कि भारत के साथ प्रस्तावित अमेरिका के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर व्यापार से संबंधित समझौतों पर भारत वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्यों पर विचार किये बिना ही सहमति के साथ हस्ताक्षर कर दे। भारत ने ऐसा नहीं किया और अमेरिकी टैरिफ के चक्रव्यूह में फंस गया। भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के स्तर पर निर्यातकों हेतु नकदी की चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विचार हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मूलतः अमेरिका में वस्तुयें भेजने वाले निर्यातकों को शीघ्रातिशीघ्र सहायता उपाय लागू करने का भरोसा दिया है। शासन पहले से चली आ रही योजनाओं को पुनर्जीवित करने व निर्यात संवर्द्धन अभियान को भी शीघ्र लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री जापान, चीन की यात्रा पर हैं। वे इस समयावधि में प्रमुख रूप से भारत के उन आर्थिक-व्यापारिक क्षेत्रों के लिए ही नये विकल्प ढूंढने को प्राथमिकता देंगे, जिन्हें अमेरिकी टैरिफ के बाद मंदी का सामना करना पड़ेगा। टैरिफ संकट से निकलने का प्रत्यक्ष एवं आसान उपाय तो यही है कि भारत टैरिफ की चिंताओं व समस्याओं के संबंध में अमेरिका से निरंतर वार्ता करता रहे। अमेरिकी वित्त मंत्री सहित भारत हितैषी कुछ नेताओं द्वारा इस संदर्भ में सकारात्मक वक्तव्य भी



प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जो कहीं न कहीं गुप्त रूप से यही इंगित कर रहे हैं कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद से हटते ही भारत-अमेरिका के मध्य टैरिफ संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। टैरिफ व्यूह से निकलने के इन तात्कालिक उपायों, आशाओं एवं कार्यों के अतिरिक्त भारत को अपनी भावी आर्थिक स्थितियों को अमेरिका या किसी एक बड़े देश पर आश्रित करने की तुलना में आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी के अर्थबल द्वारा साधना होगा। स्वदेशी अर्थव्यवस्था को कार्यबल देकर भारत टैरिफ की समस्याओं से तात्कालिक मुक्ति पा सकता है। पारंपरिक रूप से मांग व उपभोग आधारित रही अपनी अर्थव्यवस्था को भारत एफएमसीजी यानी फास्ट मूविंग कंज्यूमर प्रोडक्ट के उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोग के चरण तक आर्थिक वृद्धि का आधार बना सकता है। इसके लिए भारतीय बाजारों को वस्तु के कम मूल्य से लेकर गुणवत्ता तक का तो ध्यान रखना ही होगा, साथ ही बाजारीकरण के पुराने ढर्रे और ऑनलाइन आपूर्ति श्रृंखला का सामंजस्य भी बनाये रखना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े विनिर्माणन उद्योगों में निर्मित होने वाले यांत्रिक उत्पादों में लगने वाले छोटे व सहायक उपकरणों हेतु मेक इन इंडिया अभियान को स्टार्ट अप से जोड़कर परिणोन्मुखी व लाभोन्मुखी बनाना होगा। अमेरिका को निर्यात होने वाले हीरे-जवाहरात, वस्त्र, शिल्पकारी की वस्तुओं, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों व अन्य उत्पाद सामग्रियों के लिए मांग आधारित स्वदेशी व विदेशी, दोनों बाजारों में मूल्य को प्रतिक्षण प्रतिस्पर्द्धी व लचीला रखना होगा। मूल्यह्रास की प्रतिस्पर्द्धा में बने रहकर होने वाली आर्थिक हानि को वस्तुओं व सामग्रियों की मांग में पुनरावृत्ति करके कम करना होगा।

अमेरिका को छोड़ जिन अन्य देशों के साथ भारत का आयात-निर्यात दहाई के प्रतिशत में है, उनके हाई परचेजिंग उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों व सेवाओं के प्रति विशेष रुचि उत्पन्न करने की दिशा में कार्य करना होगा। अभी ब्रिक्स के दो सदस्य देशों रूस और ब्राजील को भी भारत के निर्यात खरीदार के रूप में स्थापित करने की चुनौती सामने है। विश्व में जनसंख्या में शीर्ष के तीन देशों में तो अमेरिका, चीन समेत स्वयं भारत प्रथम स्थान पर है। शीर्ष दस बड़े आबादी वाले देशों में से पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार संबंध रसातल में पहुंचे हुए हैं। इनके अतिरिक्त ब्राजील, नाइजीरिया, रूस व यूथोपिया के अधिक जनसंख्या वाले देशों तक भी भारतीय एफएमसीजी उत्पादों एवं सेवाओं का प्रसार करना होगा। इन देशों की बड़ी क्रयशक्ति वाले ग्राहकों की रुचि के अनुसार स्वदेशी निर्माण, विनिर्माण व निर्यातकों का यथोचित पूल बनाना होगा। इन तात्कालिक उपायों के अतिरिक्त अनेक दीर्घकालिक उपाय भी हैं, जो भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था को हर संकट, समस्या एवं चुनौती से सुरक्षित रख सकते हैं। जैसे कि प्राकृतिक खेती एवं कृषि। इस क्षेत्र में नवोन्नत प्रगति करके इससे संबंधित खाद्य उत्पादों के सबसे बड़े विक्रेता, निर्यातक व लाभार्जक के रूप में भारत की स्थापना अवश्य हो सकती है, क्योंकि दुनिया में बढ़ते स्वास्थ्य संकट, कृत्रिम व रसायन मिश्रित खाद्यान्नों की प्रचुरता से विश्व के लोग दुःखी हैं।

इसी प्रकार भारत के पास आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा की विलक्षण योग्यता है। इन उपायों के बल पर दुनिया का हरेक व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ करना चाहता है। भविष्य में इस क्षेत्र को भी भारत के अर्थतंत्र का बड़ा आधार स्तंभ बनाया जा सकता है। इन दीर्घकालिक उपायों को अपनाकर भारत भविष्य में अमेरिका हो अथवा कोई अन्य देश, उसके किसी भी टैरिफ युद्ध का प्रतिरोध करने में पूर्णरूपेण सक्षम हो सकेगा

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## व्यक्तित्व

कमल कटकी



# उत्कृष्ट भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ थे 'भूपेन दा'


मुझे लगता है कि समग्र विश्व में ऐसा कोई कलाकार नहीं होगा- जिसके पास गायक, गीतकार, संगीतकार, कहानी लेखक, निबंधकार, नाटककार, पटकथा लेखक, फिल्म निर्देशक, फिल्म निर्माता, संगीत निर्देशक, अभिनेता, पत्रकार, साहित्यकार, पत्रिका संपादक, पुस्तक पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता, बुद्धिजीवी आदि सभी गुण एक साथ हों। ऐसा ही एक व्यक्ति हैं डॉ. भूपेन हाजरिका। 1984 से भूपेन दा के एक गिटार वादक के रूप में 5 नवंबर 2011 को महाप्रयाण के दिन तक, अपने पच्चीस वर्षों से अधिक समय की निकटता के दौरान हर एक क्षण में, मैंने बहु-प्रतिभाशाली, बहुआयामी कर्मयोगी, भूपेन दा को करीब से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। 8 सितंबर, 1926 को उस समय के नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर के अधीन तथा आज के अरुणाचल प्रदेश की तलहटी में स्थित एक छोटे से शहर सदिया से अपनी जीवन यात्रा की शुरुआत करने वाले भूपेन दा अपनी जीवन परिक्रमा को कठोर संघर्ष, सुख-दुख, उतार-चढ़ाव के बीच आगे ले जाते हुए खुद को एक वैश्विक कलाकार के रूप में स्थापित करना इतना आसान नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी गुणवत्तापूर्ण गीत-संगीत की रचनाओं के माध्यम से आम लोगों का दिल जीतने में सक्षम हुए थे। भूपेन दा की चिरस्थायी वैश्विक लोकप्रियता केवल उनके गीतों के कारण ही है, ऐसी बात नहीं है। मेरी दृष्टि में, भूपेन दा एक बरगद के पेड़ की तरह विशाल हृदय के व्यक्तित्व के धनी थे और इस पेड़ की जड़ें खारखोआ (मूल) असमिया थे, पूरे पेड़ समग्र भारत था और पेड़ की शाखाएं, उप-शाखाएं, पत्ते आदि विश्व-उन्मुख थे। बिहू, ब्रह्मपुत्र और



भूपेन- अंग्रेजी वर्णमाला के तीन अक्षरों से समृद्ध इन शब्दों ने आज भी असम का परिचय विश्व के सामने उजागर करती है। भूपेन दा के सहयोगी के रूप में काम करने के कारण, असम के अलावा दुनिया भर के कई जाने-माने कलाकारों और हस्तियों से मिलने का अवसर मुझे मिला। लेकिन भूपेनदा जैसे महान व्यक्तित्व की सुगंध मुझे उनमें नहीं मिली। हमारे जैसे आम लोगों के लिए भूपेन दादा को समझ पाना मुश्किल है। उनमें विभिन्न रूपों का एक अद्भुत संयोजन था। क्रोध उनके जीवन का हमसफर जैसा था, ठीक उसी तरह जैसा उनके साथ हमेशा अपनी प्यारी मुस्कान रहती, जैसे धान के खेत की पराली तुरंत जलते ही थम जाती है, गुस्सा भी उसी तरह तुरंत गायब हो जाता है। पैसे के प्रति उनमें तनिक भी मोह नहीं था। उन्होंने मुझे कभी यह नहीं पूछा कि "फलाँ कार्यक्रम में गाने के लिए तुम्हें कितना मानदेय मिला?" या "मैं गाकर कितना कमा पाया?" यहां तक कि कार्यक्रम से संबंधित आय-व्यय का हिसाब-किताब जानने की कोशिश भी उन्होंने कभी नहीं की। पैसों के प्रति उनकी उदासीनता इतनी थी कि एक बार गुवाहाटी में आयोजित लता मंगेशकर के संगीत-प्रदर्शन का भारी-भरकम मानदेय लेकर भूपेन दा ने वह पैसों का थैला मुम्बई की टैक्सी में ही भूलकर छोड़ दिया था। धन के जोड़-घटाव से भूपेन दा का कोई लेना-देना नहीं था, वे जानते थे तो केवल शब्द और सुर का जोड़-घटाव, जनता से संवाद का जोड़-घटाव। आम लोगों के बीच रहकर असाधारण जीवन जीकर उन्हें बहुत संतोष मिलता था। साधारण जन के बीच रहकर खुश रहने वाले इस असाधारण भूपेन हजारिका ने समय से आगे चलकर अपनी जीवन-यात्रा को गहन आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाया और असम सहित सम्पूर्ण भारत में स्वयं को एक चिरस्मरणीय संगीतकार के रूप में स्थापित कर गए। राजपथ के किनारे आराम कर रहे रिक्शा चालक से वे कभी एक चुटकी खैनी लेकर अचानक ही गाने लगते थे -"मानुहे मानुहर बाबे, जदीहे अकनो ना भाबे"। उस क्षण कोई सोच भी नहीं सकता था कि ये वही भूपेन हाजरिका हैं जिन्होंने पचास के दशक में कोलंबिया विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। तेजपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में जब भूपेन दा को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई, तब डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा था - 'डॉ. हज़ारिका, मैं हमेशा आपके जैसा बनना चाहता हूँ। लेकिन मैं आपके जैसा कैसे बन सकता हूँ?' तेजपुर विश्वविद्यालय ने इन दोनों महापुरुषों को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की थी। भूपेन दा के महाप्रयाण के कुछ दिन पहले स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने भूपेन दा को दीपावली की शुभकामनाएं भेजते हुए जीवन-संघर्ष में विजय पाने का उत्साह दिया और कहा था- 'सभी उत्कृष्ट भारतीयों में आप सर्वश्रेष्ठ हैं।' मेरी नजर में भूपेन दा एक ऐसे ही व्यक्तित्व थे।

(लेखक प्रसिद्ध संगीतज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

# ऐसे काम न करें, जिनसे गलत संदेश जाए



संकलित
प्रेरणा

गुरुजी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## 'ओणम' पर 'रस्साकस्सी' प्रतियोगिता



तिरुवनंतपुरम। तिरुवनंतपुरम में रविवार को 'ओणम' त्योहार के दौरान जश्न के तौर पर लोग 'रस्साकस्सी' प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए।

## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे


जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*- विकास लाहोटी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# मैक्रों के फैसले से इजराइल और अमेरिका हुए नाराज

फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निर्णय के बाद अन्य पश्चिमी देशों ने भी इसी प्रकार के कदम उठाए जिसे लेकर इजराइल और उसके सहयोगी अमेरिका में नाराजगी है। इस फैसले ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों के केंद्र में दो-राष्ट्र समाधान को एक बार फिर से ला खड़ा किया। पिछले सप्ताह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, "फलस्तीनी जनता को उनका अपना राष्ट्र दिलाने के हमारे संकल्प की जड़ें इस विश्वास से जुड़ी हैं कि स्थायी शांति इजराइल की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। मैक्रों ने कहा, फ्रांस के कूटनीतिक प्रयास गाजा में उस भयावह मानवीय आपदा पर हमारे आक्रोश से उत्पन्न हुए हैं, जिसका कोई औचित्य नहीं हो सकता। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व में इजराइल पर हमले के साथ शुरू हुए युद्ध में अब तक 63,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और माल्टा ने कहा है कि वे 23 सितंबर से शुरू हो रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के दौरान फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के अपने संकल्प को औपचारिक रूप देंगे।



## ऑफ बीट

# एआई को प्रशिक्षित करने का डेटा खत्म हो सकता है

जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अपनी लोकप्रियता के चरम पर पहुंच रही है, शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि उद्योग में प्रशिक्षण डेटा खत्म हो सकता है - वह ईंधन जो शक्तिशाली एआई सिस्टम चलाता है। यह एआई मॉडल, विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल के विकास को धीमा कर सकता है, और एआई क्रांति के प्रक्षेपवक्र को भी बदल सकता है। लेकिन वेब पर डेटा की मात्रा को देखते हुए, डेटा की संभावित कमी एक मुद्दा क्यों है? और क्या जोखिम से निपटने का कोई तरीका है? एआई के लिए उच्च गुणवत्ता वाला डेटा क्यों महत्वपूर्ण है? शक्तिशाली, सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले एआई एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए हमें बहुत सारे डेटा की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, चैटजीपीटी को 570 गीगाबाइट टेक्स्ट डेटा या लगभग 300 अरब शब्दों पर प्रशिक्षित किया गया था। इसी तरह, स्थिर प्रसार एल्गोरिथ्म (जो डीएएलएल-ई, लेंसा और मिडजर्नी जैसे कई एआई छवि-जनरेटिंग ऐप्स के पीछे है) को 5 .8 अरब छवि-पाठ जोड़े वाले एलआईएओएन-5बी डेटासेट पर प्रशिक्षित किया गया था। यदि किसी एल्गोरिदम को अपर्याप्त मात्रा में डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, तो यह गलत या निम्न गुणवत्ता वाले आउटपुट उत्पन्न करेगा।




## ट्रेंड

### 'प्रतिभा सेतु' प्लेटफार्म



यूपीएससी की अलग-अलग परीक्षाओं में जो होनहार प्रतिभागी आखिरी मेरिट लिस्ट का हिस्सा नहीं बन पाते, उनके लिए 'प्रतिभा सेतु' डिजिटल प्लेटफार्म बनाया गया है। यह बहुत खुशी की बात है कि इसकी मदद से उन्हें नए अवसर मिलने लगे हैं।
- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### निर्यात में गिरावट की आशंका



अमेरिकी टैरिफ से निर्यात में गिरावट की आशंका के कारण राजस्थान के हैंडीक्राफ्ट निर्यातक भी परेशान हैं। इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं कारीगरों एवं श्रमिकों के रोजगार पर भी पड़ेगा। केंद्र सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए जल्द ठोस कदम उठाने होंगे।
**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### चीन पर निर्भरता



चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### संवैधानिक ज़िम्मेदारी



गुजरात में भी बड़े पैमाने पर वोटों में धांधली का पर्दाफाश हुआ है। चुनाव आयोग ऐसे मामलों पर प्रतिक्रिया देने व उनकी जाँच करने की अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारी निभाएगा या फिर यूँ ही चुपचाप बैठा रहेगा?
**-जयराम रमेश, सांसद, कांग्रेस**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# मार्बल कारोबारी ने ट्रेन से कटकर दी जान, नेवरी रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

मेट्रो प्रोजेक्ट में दुकान टूटने के कारण तंगी से जूझ रहे थे कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित साहिब बंदगी आश्रम के पास नेवरी रेलवे ट्रैक पर शनिवार शाम मार्बल कारोबारी ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मेट्रो प्रोजेक्ट के कारण उनकी दुकान अतिक्रमण में आ गई थी। उनकी दुकान तोड़ने पड़ी। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ था। इसी बात को लेकर वह तनाव में थे।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गोकुलधाम कॉलोनी गांधीनगर निवासी रामलाल गुर्जर (46) मार्बल कारोबारी थे। उनकी जिंसी चौराहा पर मार्बल की दुकान थी। मेट्रो प्रोजेक्ट बनने के कारण उनकी दुकान अतिक्रमण में आ गई। दुकान टूटने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ था। इसके अलावा वह



बीमार थे और उनका अहमदाबाद में इलाज चल रहा था। बीमारी और दुकान टूटने के कारण वह आर्थिक रूप से कमजोर हो गए थे। परिजन ने बताया शनिवार सुबह वह घर से बिना बताए निकल गए थे। उनकी काफी देर तलाश करने के बाद गांधीनगर थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। इधर, शाम को कोहेफिजा पुलिस ने उनकी लाश नेवरी रेलवे ट्रैक से बारामद की। ट्रेन की चपेट में आने से उनके शरीर के दो टुकड़े हो गए थे। अनुमान है रेलवे ट्रैक पर लेटकर उन्होंने आत्महत्या की है।

## युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित वीएनएसल पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार नीरज सौदा पिता विक्रम सौदा (21) गली नंबर-4 वीएनएस पब्लिक स्कूल के पास झुग्गी स्टेशन बजरिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके परिवार में माता-पिता के अलावा बहन है। उसके घर से कुछ दूरी पर गणेश झांकी का आयोजन किया गया है। माता-पिता और बहन शनिवार रात झांकी में आरती करने गए थे। वहां से दस बजे घर लौटे तो नीरज फांसी के फंदे पर लटके मिला। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## बाइक के अनियंत्रित होकर फिसलने से घायल मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत

*गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित जेपी नगर मंडी पुल के पास हुआ था हादसा*

भोपाल। गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित जेपी नगर मंडी पुल के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक चला रहे और पीछा बैठा युवक घायल हुआ था। सिर में गंभीर चोट होने के कारण इलाज के दौरान बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे युवक की हालत में सुधार होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस के अनुसार सुरेश अहिरवार पिता गणेश अहिरवार (28) शिव नगर, छोला में रहता था और मिस्त्री का काम करता था। गत 22 अगस्त की शाम सुरेश अपने साथी भूपेंद्र के साथ जेपी नगर से घर लौट रहा था। मंडी पुल के पास पहुंचते ही सुरेश से बाइक अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित बाइक गिरने से सुरेश और भूपेंद्र को चोट आई थी। उन्हें हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। वहां भूपेंद्र के स्वास्थ्य में सुधार होने बाद छुट्टी दे दी गई। सिर में गंभीर चोट होने के कारण सुरेश का इलाज चल रहा था। शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे इलाज के दौरान सुरेश की मौत हो गई।

## कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

इधर, ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा में कार की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि सागर कुशवाह पिता नंदराम कुशवाह (21) गांव कलारा में रहता था। गत 25 अगस्त की शाम साढ़े 7 बजे उसे लांबाखेड़ा में कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसे गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### मन की बात कार्यक्रम में खूबीलाल का स्वागत

औबेदुल्लागंज। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ नंबर 86 नानाखेड़ी में सुना। इसके बाद वरिष्ठ कार्यकर्ता खूबीलाल परमार का पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता दशरथ गुर्जर, माखन परमार, मंडल मंत्री कोमल सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी राहुल नागर, युवा नेता दीपक परमार आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म

भोपाल। ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग उमराव दूल्हा इलाके से आठवीं कक्षा की छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की उम्र 14 साल है, जबकि आरोपी स्नातक का छात्र है। करीब ढाई माह पूर्व आरोपी ने इंस्टाग्राम पर पीड़ित छात्रा से दोस्ती की थी। छह दिन पूर्व वह अपनी बाइक से नाबालिग को अपने घर ले गया और जबरन संबंध बनाए। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ऐशबाग थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 साल की नाबालिग आठवीं कक्षा की छात्रा है। करीब ढाई महीने पहले इंस्टाग्राम पर छात्रा की दोस्ती अरबाज पठान से हुई थी। अरबाज मूलरूप से शुजालपुर का रहने वाला है और भोपाल में स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। विगत 26 अगस्त को आरोपी अरबाज ने छात्रा को मिलने बुलाया था। बाग उमराव दूल्हा क्षेत्र से वह छात्रा को बाइक पर बिठाकर करोंद स्थित अपने सूने घर ले गया और डरा-धमकाकर शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह छात्रा को उसके घर के पास छोडकर फरार हो गया। डरी-सहमी छात्रा ने दो दिन बाद अपनी मां को घटना की जानकारी दी।

### पर्यूषण के महापर्व के चौथे दिन उत्तम सोच धर्म पर हुई चर्चा

**पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया**

तामोट। 1008 श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर तमोट में पर्यूषण के महापर्व के चौथे दिन रविवार को उत्तम सोच धर्म पर चर्चा की। सुबह जलाभिषेक और शांति धारा की गई। उसके बाद 1008 श्री पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक बड़े धूमधाम से मनाया गया। भगवान को निर्माण लाडू समस्त समाज द्वारा चढ़ाया गया। इस दौरान मनोज जैन अध्यक्ष जैन समाज तामोट के परिवार द्वारा रविवार दोपहर श्री 1008 बड़े बाबा का विधान किया गया, जिसमें समाज के लोग शामिल हुए। फिर निर्वाण लड्डू चढ़ाई और शाम को मंगल आरती कर शास्त्र जी का वचन हुआ। मनोज जैन, रीना, मुनमुन, गुनगुन, अरुण कुमार जैन, सुमन जैन, पूर्वी जैन, मोहित जैन, अजीत जैन, प्रतिभा जैन, अरविंद जैन, पिंकी जैन, युवंशी, युगांशी जैन सहित समाज के अन्य लोग शामिल हुए।

## टीला जमालपुरा पुलिस ने किया लाइसेंसी बंदूक और चाकू जब्त

# शादी-पार्टियों में ऑर्डर पर करते थे काले हिरण का शिकार, मांस की सप्लाई करने वाला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीला जमालपुरा पुलिस ने काले हिरण व नील गाय जैसे वन्यप्राणी का शिकार कर उनका मांस सप्लाई करने वाले कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी फहीम बम के गिरोह का सदस्य है। यह गिरोह शादी व पार्टियों में ऑर्डर पर शिकार का मांस सप्लाई करता है। फिलहाल सरगना फहीम बम फरार है। पुलिस ने आरोपी से चाकू और लाइसेंसी बंदूक बरामद की है। पुलिस के सूचना मिली कि काले हिरण व नील गाय जैसे वन्यप्राणी का शिकार करने वाला फरार आरोपी जफर बेग उर्फ धार भोपाल से भागने की फिराक में इस्लामी गेट बस स्टैंड के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

वहां से एक व्यक्ति अंधेरे में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जफर बेग उर्फ धार (40) निवासी सुपर बाजार के सामने काजीकैंप थाना टीला जमालपुरा का होना बताया। तलाशी लेने पर उसकी कमर में खुसी एक धारदार छुरी बरामद की गई।

*आरोपी जफर बेग उर्फ धार भोपाल से भागने की फिराक में था, सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा*




### गिरोह का सदस्य है फहीम बम

*विगत 11 जुलाई को वन विभाग की टीम ने कुख्यात बदमाश फहीम बम के तलैया थाना क्षेत्र स्थित घर पर छापे की कार्रवाई की थी। टीम को वहां से बड़ी मात्रा में फ्रिज में रखा वन्य प्राणी का मांस बरामद हुआ था। उस समय फहीम बम के बेटे हुजेफा को हिरासत में लिया गया था, जबकि फहीम बम समेत गिरोह के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पूछताछ में हुजेफा ने वन्य प्राणियों के मांस की तस्करी करने वाले जफर बेग व यूसुफ चिकना व अन्य साथियों के नाम का खुलासा किया था। फरार फहीम बम का गिरोह शादी व पार्टियों में नील गाय व काले हिरण जैसे वन्य प्राणियों का मांस सप्लाई करने का काम करता है। शिकार का मांस 300 से 500 रुपए किलो तक के भाव में बेचा जाता था।*

### एमसीए के छात्र से मारपीट कर बाइक लेकर भागे तीन बदमाश गिरफ्तार, वारदात में एक नाबालिग भी शामिल





भोपाल। ऐशबाग पुलिस ने प्रभात चौराहा पर दोस्त का इंतजार कर रहे एमसीए छात्र से मारपीट कर उसकी बाइक छीनकर ले जाने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों में एक बालअपचारी भी शामिल है। पूछताछ में पता चला कि नशे की हालत में आरोपियों की छात्र से कहासुनी हुई थी। इसके बाद बदमाशों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और उसकी बाइक लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को दबोच लिया है। उनसे लूटी गई बाइक बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार चर्च रोड पटेल नगर पिपलानी निवासी चंदन मौर्या (20) एमसीए का छात्र है। विगत 26 अगस्त की रात सवा एक बजे वह अपने घर पटेल नगर से अंकित के भाई की बाइक से अपने दोस्त अंकित को लेने प्रभात चौराहे पर आया था। अंकित रेलवे स्टेशन से प्रभात चौराहा ऑटो से आ रहा था। चंदन प्रभात चौराहे पर बाइक पर बैठकर अंकित का इंतजार करने लगा। तभी वहां तीन लड़के आए और बोले कि तू पिज्जा वाला है या पिज्जा मंगवा रहा है। इस पर चंदन ने कहा कि वह अपने दोस्त का इंतजार कर रहा है। इसके बाद बदमाशों ने वादात की।

#### सीसीटीवी फुटेज से पकड़ाए बदमाश

*घटनास्थल और आसपास लगे करीब दो दर्जन से अधिक कैमरों के फुटेज खंगाले और उसी आधार पर मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिया। इस बीच सूचना मिली कि धोबीघाट पातरा बरखेड़ी थाना जहांगीराबाद निवासी अयाज खान (20) वारदात में शामिल था। पुलिस ने उसकी खोजबीन शुरू की तो पता चला कि वह दिए गए पते पर नहीं रहता है। मुखबिर ने सूचना दी कि अयाज बिट्टन मार्केट में मिल सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस बिट्टन मार्केट पहुंची तो वहां मुखबिर के बताए हुलिए वाला युवक दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने दूसरे आरोपी समीर खान (22) निवासी शिव नगर कॉलोनी टीटी नगर को पीरगेट स्थित चिरायु अस्पताल के पास और तीसरे 17 साल के नाबालिग बाल अपचारी को सब्जी मंडी भदभदा से हिरासत में ले लिया।*

## उपनगर के सराफा बाजार में गणेश जी की झांकी देखने लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



उपनगर बैरागढ़ में गणेशोत्सव की धूम मची हुई है। यहां पर भगवान गणेश की एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकियां बनाई गई है। शाम होते ही इन झांकियों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। उपनगर के सराफा बाजार में भगवान गणेश की झांकी आकर्षक का केंद्र है, जिसे देखने श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है।

यहां पर डायमंड ग्रुप द्वारा पिछले 15 साल से गणेश जी की मूर्ति स्थापना की जा रही है। शाम को भगवान गणेश की विशेष पूजा कर आरती की जाती है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस ग्रुप के सदस्य में प्रशांत खुशलानी, जतिन दादलानी, करण जेठानी, नवीन जनयानी, मोहित चंदनानी, आर्यन टेकवानी, करण हरचंदानी, गौरव खिलवानी, वंश रुघानी, हितार्थ जाट, नमन, रोहित, साहिल व अनुष आदि शामिल हैं।

## माटी से गणेश प्रतिमा बनाने वाले प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माटी के गणेश बनाने वालों को भासिंस नारायण सेवा संस्था व बजरंग सेना समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। समिति के अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग ने कहा कि बच्चों का मनोबल बढाने के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया एवं महासचिव गुरदास रामचंदानी ने बताया कि जिन बच्चों ने माटी के गणेशजी की प्रतिमाएं बनाई है वे धन्यवाद के पात्र है। जिनका सम्मान किया गया उनमें प्रमुख रुप से युवराज गोलानी, जीया गोलानी, पीयूष नाथानी, शिवांश गर्ग, जय गर्ग, दक्ष बिजोरिया, कौशल बिजोरिया, लवीश्का सोनी, मानव देवानी, मनन मोहनानी है। आरती करने वालों में कुमार सोनी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, अर्चक पुरोहित पं राज कुमार गर्ग, राज बिजोरिया, गुरदास रामचंदानी, विष्णु नाथानी आदि शामिल है।

## उपनगर के वार्ड चार मछली मार्केट में हुई घटना

# तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान अचानक जमीन का हिस्सा धंसने से मचा हड़कंप, कई घायल

*लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए भेजा*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मछली मार्केट में जमीन का कुछ हिस्सा धंसने से हड़कंप मच गया। अचानक बने गड्ढे में कुछ महिला गिरकर घायल हो गईं। मछली मार्केट क्षेत्र में आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम के दौराना पास में अचानक जमीन का कुछ हिस्सा धंस गई।

इससे इस गड्ढे में कुछ महिला सहित आधा दर्जन लोग गिरकर घायल हो गए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों ने बताया कि जहां पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था वहां भवन के एक हिस्से में जहां पर लोग रसोई के लिए बैठे थे तभी अचानक जमीन का कुछ ऐसा ही भरभराकर धंस गया और वहां पर एक बड़ा गड्ढा बन गया, जिसमें कुछ लोग गिर कर घायल हो गए। लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए भेजा। यह भवन तालाब के किनारे बना होने से कमजोर हो गया है। रविवार होने के कारण कोई अधिकारी घटनास्थल पर समय पर नहीं पहुंच पाया था।

## विधायक पटवा के निवास पर विराजे भगवान गणेश के दरबार में किया भजन-कीर्तन

### भजनों की सुंदर प्रस्तुतियों पर खूब झूमे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर विराजे भगवान गणेश के दरबार में औबेदुल्लागंज के तीन भजन मंडलों ने आकर्षक भगज-कीर्तन की प्रस्तुति दी। विधायक सुरेंद्र पटवा उनकी धर्मपत्नी मोना पटवा सहित नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, महिला मंडल मोर्चा अध्यक्ष माया राय, वरिष्ठ राधा कुशवाहा, पार्षद हेमलता चौरसिया, नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, माखन सेन, दीपू परमार, बागिश अग्रवाल, कांता पटेल, वचन लोधी, सुरजीत सिंह बिल्ले, नीरज चावला, रवि कमल, जगदीश चंदानी, प्रदीप अरोरा, बल्लू अरोरा, आशीष दीक्षित, विवेक मित्तल, रतन मेघानी, दिनेश सेन, नीरज वासवानी, लोकेश परमार, धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, सोनू चौकसे, रामकिशोर चौहान तामोट, बाबूलाल चौहान तामोट आदि भजन मंडलों के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान भजनों की सुंदर प्रस्तुतियों पर कार्यकर्ता जमकर झूमे।

### महावीर कॉलोनी में विराजे भगवान गजानन



औबेदुल्लागंज। महावीर कॉलोनी वार्ड 2 में विराजे गणपति महाराज के दरबार में नन्हे मुन्ने बच्चे प्रति दिन आरती कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

## मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गोल्डन सिटी कॉलोनी में हुई वारदात

# पेट्रोल पंप डीलर के घर से साढ़े 13 लाख की चोरी, फर्स्ट फ्लोर के दो कमरों की तीन अलमारी के लॉक भी तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गोल्डन सिटी में पेट्रोल पंप डीलर के सूने घर का सेंट्रल लॉक तोड़कर बदमाश डेढ़ लाख की नगदी और सोने व डायमंड के जेवर चुराकर ले गए। बदमाश उनके घर से करीब साढ़े 13 लाख रुपए का माल चुरा ले गए हैं। घटना के समय वह अपने परिवार के साथ नागपुर गए हुए थे। कवर्ड कैंपस के कुछ मकानों की बाउंड्री वॉल के पीछे खेत हैं। संभवतः चोर



**परिवार के साथ नागपुर अपनी ससुराल गए हुए थे डीलर, नौकरानी के पहुंचने पर टूटा मिला सेंट्रल लॉक**

खेत के रास्ते बाउंड्रीवॉल कूदकर कॉलोनी में घुसे थे। आरोपियों की खोजबीन के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार मकान नंबर 15, फेस टू, गोल्डन सिटी मिसरोद निवासी सौरभ यादव (43) रिलायंस पेट्रोल पंप के डीलर हैं। विगत 27 अगस्त को वह अपने परिवार के साथ नागपुर स्थित ससुराल गए थे। शनिवार 30 अगस्त को वह भोपाल लौट रहे थे।

इस बीच उनकी नौकरानी ने कॉल कर पूछा कि आपके घर का दरवाजा खुला है, क्या आप लोग आ गए हैं। इस पर सौरभ यादव ने कहा कि अभी हम रास्ते में हैं। तब सौरभ के कहने पर नौकरानी ने वीडियो कॉल किया। वीडियो कॉल में मेनगेट का सेंट्रल लॉक टूटा नजर आया। देर शाम घर लौटने पर प्रथम तल पर स्थित दो कमरों में रखी तीन अलमारियों के लॉक टूटे मिले। अज्ञात चोर उन तीनों अलमारी के लॉक तोडकर डेढ़ लाख रुपए नगद व सोने तथा डायमंड के जेवर सहित साढ़े 13 लाख रुपए का सामान चुराकर ले गया गए है। पुलिस का कहना है कि पेट्रोल पंप डीलर के घर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। बड़े कारोबारी और सीनियर कारोबारियों के है निवास पूरी तरह से कवर्ड गोल्डन सिटी कॉलोनी 16 एकड़ एरिया में फैली है। इसमें बड़े कारोबारी और सीनियर अधिकारियों के घर हैं। कॉलोनी के मेनगेट पर गार्ड रहते हैं, जबकि सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। फरियादी के घर पर कोई कैमरा नहीं लगा है। कॉलोनी के पीछे वाले हिस्से में खेत लगे हुए हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि अज्ञात चोर खेत के रास्ते ही बाउंड्रीवॉल लांघकर कॉलोनी में घुसे होंगे।

## 101 किलो की माला से राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्यों का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चार सदस्य, नरेन्द्र जैन, शैलेन्द्र वर्मा, रश्मि ऋतु जैन और अहद उल्लाह उस्मानी का भोपाल जिला अधिवक्ता संघ के कार्यालय में जिला अधिवक्ता संघ के सह सचिव सोनल नायक द्वारा 101 किलो की माला पहनाकर स्वागत कर सम्मान किया गया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक खरे ने चारों सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव मनोज श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष ब्रिज बिहारी रघुवंशी सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित थे। भोपाल बार के सदस्य प्रियनाथ पाठक, जयदीप सक्सेना, प्रमोद सक्सेना, संतोष शर्मा, इंद्रजीत सिंह राजपूत, विनोद चौकसे, शिवपूजन सिंह चौहान आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

# प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में तकनीक रही अहम, भारत की अंतरिक्ष उड़ान प्रेरणादायी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में उत्तर भारत में आई बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया और कहा कि संकट की घड़ी में देश ने आधुनिक तकनीक और संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में उत्तर भारत में आई बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया और कहा कि संकट की घड़ी में देश ने आधुनिक तकनीक और संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया। पीएम ने कहा कि संकट के समय जवानों ने थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, स्निफर डॉग और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया। हेलीकॉप्टरों से राहत सामग्री पहुंचाई गई और घायलों को एयरलिफ्ट किया गया। इससे राहत कार्यों की गति तेज हुई। उन्होंने बताया कि इन संसाधनों ने हजारों लोगों की जिंदगी बचाने में मदद की।

**मन की बात के125 वें एपिसोड में बोले पीएम मोदी**

आपदा में देश ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया



### एनडीआरएफ- एसडीआरएफ को सराहा

पीएम मोदी ने कहा कि मानसून ने देश की कठिन परीक्षा ली है। कई जगह बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई। कहीं घर और खेत बह गए, तो कहीं पुल और सड़कें टूट गईं। परिवार उजड़ गए और लोगों की जिंदगी संकट में फंस गई। लोगों का दर्द हम सबका दर्द है। उन्होंने राहत और बचाव कार्य में जुटी एजेंसियों और नागरिकों की सराहना की। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और सुरक्षा बलों ने लगातार दिन-रात काम किया। स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर और प्रशासन ने भी हर संभव योगदान दिया। हर नागरिक ने इस कठिन समय में मानवता को सबसे ऊपर रखा। इसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

### बिहार की 'सोलर दीदी' का किया जिक्र



पीएम मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की एक महिला देवकी देवी का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कैसे देवकी देवी ने सौर ऊर्जा की मदद से अपने गांव की तकदीर बदल दी। आज वह न सिर्फ अपने लिए, बल्कि अपने आस-पास के कई किसानों के लिए भी पानी का इंतजाम कर रही हैं। लोग उन्हें प्यार से 'सोलर दीदी' कहते हैं।

### भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व जताया

पीएम मोदी ने भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि इस समय सबकी निगाहें अंतरराष्ट्रीय स्पेस सेंटर पर भी हैं। भारत ने एक नया इतिहास रचा है। इस संदर्भ में उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से अपनी हालिया बातचीत का जिक्र किया, जो इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### यूपीएससी कुछ नंबर से फेल युवाओं को मिल रही नौकरी

पीएम मोदी ने 'प्रतिभा सेतु' पहल का जिक्र किया है। यह पहल खासतौर पर उन उम्मीदवारों के लिए है, जो यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षाओं में लिखित और इंटरव्यू जैसे सभी चरण पार कर लेते हैं, लेकिन फाइनल मेरिट लिस्ट में नाम न आने से सपनों से कुछ कदम दूर रह जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि देश की यह प्रतिभा यूं ही व्यर्थ नहीं जानी चाहिए, बल्कि उन्हें एक और मौका मिलना चाहिए। 'प्रतिभा सेतु' न केवल एक डिजिटल डेटाबैंक है, बल्कि यह उस भरोसे का भी प्रतीक है कि संघर्ष करने वाले हर युवा की मेहनत को पहचाना जाएगा। जो उम्मीदवार मेरिट लिस्ट में कुछ अंकों से चूक गए थे, वे भी अपनी क्षमता के हिसाब से नए अवसर पा सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### सिद्धारमैया पर टिप्पणी पुजारी गिरफ्तार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ एक पुजारी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अब पुलिस ने पुजारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुजारी ने मैसूर दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुस्ताक को आमंत्रित करने की आलोचना करते हुए कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था।

### एसआईआर केस: सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई



**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने के आरजेडी और एआईएमआईएम के आवेदनों पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। एसआईआर को लेकर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तारीख एक सितंबर है।

### 'वोटर अधिकार यात्रा' का समापन आज



**पटना।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महागठबंधन के अन्य नेता सोमवार को यहां पैदल मार्च निकालेंगे। इसके साथ 'वोटर अधिकार यात्रा' का समापन होगा। यह मार्च गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से पटना उच्च न्यायालय के निकट बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा तक निकाला जाएगा।

### मांगें नहीं मानी तो पानी का भी कर देंगे त्याग



**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर जहां एक तरफ मनोज जरांगे लगातार तीसरे दिन अनशन पर बैठे है। वहीं राज्य सरकार में भी ऊहापोह तेज हो गई है। राज्य सरकार कोई स्पष्ट और साफ हल नहीं निकाल पाई है। जरांगे ने कहा कि मांगें नहीं मानी तो हम पानी का भी त्याग कर देंगे।

## सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# वाहन का सार्वजनिक स्थान का इस्तेमाल नहीं तो टैक्स नहीं लगेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि कोई वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग में नहीं आता है, तो उसके मालिक पर उस अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसंबर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली एक अपील पर अपना फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मोटर वाहन कर प्रतिपूरक प्रकृति का होता है।

मोटर वाहन कर लगाने का औचित्य यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का इस्तेमाल करता है तो उसे इसका भुगतान करना होगा। जब कंपनी के वाहन केंद्रीय डिस्पैच यार्ड परिसर में इस्तेमाल किए जा रहे थे, उस अवधि में कंपनी ने आंध्र प्रदेश प्राधिकरण से मोटर वाहन कर के भुगतान से छूट की अपील की। बाद में मामला उच्च न्यायालय पहुंचा जहां से कंपनी को राहत देते हुए राज्य प्राधिकरण को कंपनी को 22,71,700 रुपए वापस करने का निर्देश दिया।

**आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963**

शीर्ष न्यायालय ने 29 अगस्त को दिए अपने फैसले में कहा कि अगर किसी मोटर वाहन का उपयोग 'सार्वजनिक स्थान' पर नहीं किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ नहीं ले रहा है। इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत कर लगाने का प्रावधान है और यह राज्य सरकार को मोटर वाहनों पर कर लगाने का अधिकार देती है।

### यह है मामला

पीठ ने 1985 से रसद सहायता देने के व्यवसाय में लगी एक फर्म द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि फर्म को नवंबर 2020 में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की एक कॉर्पोरेट इकाई, विशाखापत्तनम स्टील प्लांट, आंध्र प्रदेश के केंद्रीय डिस्पैच यार्ड में लौह और इस्पात सामग्री के संचालन और भंडारण के लिए एक अनुबंध दिया गया था। कंपनी ने केंद्रीय डिस्पैच यार्ड परिसर में 36 मोटर वाहन चलाए थे। कंपनी ने बताया कि केंद्रीय डिस्पैच यार्ड चारदीवारी से घिरा हुआ है और प्रवेश-निकास उन द्वारों से होता है जहां सीआईएसएफ के जवान तैनात हैं।

## अहमदाबाद में शहरी स्वास्थ्य केंद्र का गृह मंत्री शाह ने किया उद्घाटन

# लोगों को सभी बुनियादी व विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, आसानी से मिलेगा इलाज

घाटलोडिया में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण अभियान का नेतृत्व भी किया



**विशेष चिकित्सकों से लोगों को होगा लाभ**

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसी दिन गृह मंत्री अमित शाह ने गोता वार्ड में बने शहरी स्वास्थ्य केंद्र का भी उद्घाटन किया। लगभग 3.84 करोड़ की लागत से बने इस केंद्र में लोगों को सभी बुनियादी और विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। अहमदाबाद नगर निगम के अनुसार, इस तरह यह स्वास्थ्य केंद्र गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को अब अपने इलाके में ही विशेषज्ञ डॉक्टर और जरूरी इलाज आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घाटलोडिया वार्ड में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत पौधरोपण अभियान का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम अहमदाबाद नगर निगम की तरफ से आयुष्मान वन में आयोजित किया गया था।

सभी को गहरा संदेश भी दिया



### सभी रोगों का भी होगा यहां पर उपचार

इसमें आयुष्मान भारत योजना कार्ड, अभा कार्ड जैसी योजनाओं से जुड़ी सेवाएं, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और जननी सुरक्षा योजना जैसी मातृ कल्याण योजनाओं का लाभ, महिलाओं की बीमारियों का इलाज व परामर्श, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए विशेष सुविधा शामिल हैं। नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए जांच, इलाज और टीकाकरण के साथ-साथ गंभीर बीमारियों की जांच व पहचान- जैसे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कैंसर इत्यादि की सुविधा मौजूद है। यहां संक्रामक बीमारियों की समय पर पहचान और इलाज, ममता दिवस कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बच्चों के पोषण व स्वास्थ्य पर ध्यान, प्रयोगशाला जांच, दवाइयों की सुविधा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परामर्श सेवाएं पर उपलब्ध हैं।

### मकसद...पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली को बढ़ावा

पौधरोपण का मकसद है कि पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली दोनों को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण को बचाने का काम करेगा बल्कि लोगों के दिलों को अपनी मां से जोड़ते हुए एक भावनात्मक संदेश भी देगा। शाह ने कहा कि यह पहल समाज को प्रकृति और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने वाली है।

### 2 दिनी दौरे पर पहुंचे किश्तवाड़ बारिश से आफत का लेंगे जायजा

किश्तवाड़। जम्मू-कश्मीर में मूसलधार बारिश के चलते स्थिति का जायजा लेने गृहमंत्री शाह 2 दिनी दौरे पर जम्मू पहुंचे। बारिश से अब तक 110 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, कई लापता बताए जा रहे हैं। शाह कटड़ा में वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर का दौरा कर सकते हैं और किश्तवाड़ का हवाई सर्वेक्षण भी करेंगे। यह दौरा ज़मीनी हालात की सीधी जानकारी लेने के लिए है।

### उच्चस्तरीय बैठक में होगी स्थिति की समीक्षा

गृह मंत्री जम्मू स्थित राजभवन में एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, प्रशासनिक अधिकारी और शीर्ष पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। राहत कार्यों की प्रगति, बचाव अभियानों की स्थिति और पुनर्वास की योजना पर विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे।

**बिहार चुनाव को लेकर दिल्ली में बुलाई अहम बैठक**

## 3 सितंबर को दोनों डिप्टी सीएम भी रहेंगे मौजूद

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में 3 सितंबर को अहम बैठक बुलाई है. इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, बिहार के दोनों डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी समेत एनडीए के नेता शामिल होंगे। इस बैठक में एनडीए के सीट बंटवारे पर भी चर्चा की जा सकती है। इस बैठक में आगामी बिहार चुनाव को लेकर एनडीए की महत्वपूर्ण रणनीतियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। साथ ही बैठक में संगठन की चुनावी तैयारियां, बूथ मैनेजमेंट और पार्टी का सामाजिक समूहों तक पहुंचने जैसे विषयों पर चर्चा की जा सकती है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित यात्राओं को लेकर भी चर्चा की संभावना है, ताकि गठबंधन की साख को और मजबूत किया जा सके।

अंसारी ने रायफल क्लब में विद्युत समिति की बैठक में कहा

# हिंदू धर्म के लिए संघ को बताया सबसे बेहतर, सीख लेने पर भी दिया जोर

## अफजाल ने की आरएसएस प्रमुख डॉ.भागवत की तारीफ

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी से सांसद अफजाल अंसारी अक्सर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हैं। शनिवार को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ.मोहन भागवत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि लोगों को उनसे सीख लेनी चाहिए। अंसारी रायफल क्लब में विद्युत समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। अंसारी ने कहा कि आरएसएस के 3 दिनी शिविर के बाद भागवत ने महसूस किया है कि देश में एकता और भाईचारे की जरूरत है और नफरत का कारोबार बंद होना चाहिए। अंसारी ने तारीफ करते हुए कहा, हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने के लिए संसार में आरएसएस से बढ़कर कोई प्लेटफार्म नहीं है।

### धर्मगुरु भी संघ प्रमुख के वक्तव्य का स्वागत करें



अंसारी ने कहा कि मैं भागवत की बातों का स्वागत करता हूं। अन्य धर्मों के धर्मगुरुओं से भी अपील है कि वे संघ प्रमुख के वक्तव्य का स्वागत करें। बिना नाम लिए भाजपा के बड़े नेताओं पर भी टिप्पणी की और कहा कि जिसके पास अपना परिवार नहीं होता, वह दूसरों के परिवार का दर्द क्या ही समझेगा?

**टेक्सटाइल इंडस्ट्री में 30 लाख लोग होंगे बेरोजगार**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर अंसारी ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ से टेक्सटाइल मिलें बंद हो रही हैं। इससे टेक्सटाइल इंडस्ट्री में 30 लाख लोग बेरोजगार हो जाएंगे।

### पहलगाम हमले का भी किया जिक्र

अंसारी ने पहलगाम घटना का जिक्र करते हुए कहा कि शुरुआत अच्छी थी, लेकिन अंत शर्मनाक रहा। ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर सीजफायर का ऐलान कर दिया और भारत-पाकिस्तान ने इसे स्वीकार कर लिया। विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुनिया का कोई भी देश खुलकर भारत के पक्ष में नहीं बोल रहा है। उन्होंने कि कि अडाणी को बचाने सरकार चुप है।

## देश में10,000 स्थानों पर चला 'संडे ऑन साइकिल'



### मांडविया और पाटिल ने दिया संदेश

नई दिल्ली/सूरत। 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के उपलक्ष्य में 3 दिनी राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने दिल्ली में 'फिट इंडिया : संडे ऑन साइकिल' में 'आत्मनिर्भर भारत' और फिट 'इंडिया मूवमेंट' का प्रतीक बताया। देश भर में 10,000 से अधिक स्थानों पर कार्यक्रम हुआ। सूरत में साइक्लोथोन का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने इसे हरी झंडी दिखाई। मुंबई में केंद्रीय राज्य खेल मंत्री रक्षा खडसे ने अभियान में हिस्सा लिया।

## 9 सितंबर को होगा उपराष्ट्रपति का चुनाव

# एकजुटता बढ़ाने को मतदान से पहले पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों को डिनर पर बुलाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को मतदान होना है। मतदान से ठीक एक दिन पहले आठ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के सभी सांसदों को डिनर पर बुलाया है। इसके जरिए एनडीए की एकजुटता और मजबूती का संदेश दिया जाएगा। इस चुनाव के लिए एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल और तमिलनाडु के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है और उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है।

### सरकार ने की विशेष तैयारी



एनडीए ने अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए विशेष तैयारी की है। इसके लिए सांसदों को तीन दिनों तक प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए सभी एनडीए सांसदों को 6-8 सितंबर तक दिल्ली में रहना होगा। प्रशिक्षण शिविर में अन्य बातों के अलावा यह भी बता जाएगा कि मतदान कैसे करना है?

**गुप्त मतदान इसमें लागू नहीं होता व्हिप**

उपराष्ट्रपति चुनाव में गुप्त मतदान होता है और व्हिप लागू नहीं होता है। ऐसे में एनडीए यह सुनिश्चित करना चाहता है कि वोट डालने में कोई खामी न रहे। इसके लिए ऐसे विपक्षी दलों से संपर्क किया गया है, जो इंडिया गठबंधन में नहीं हैं।

## बरसाना में राधारानी का अभिषेक दर्शन करने उमड़ी भीड़

# श्रद्धालुओं की भीड़ ने तोड़ा बैरियर, 3 श्रद्धालु चोटिल

## वृषभान दुलारी का अभिषेक किया, भक्तिगीत और आतिशबाजी में डूबे लोग

राधारानी का जन्मोत्सव मनाया

एजेंसी ▶▶ बरसाना

मथुरा के बरसाना में श्रीराधारानी का जन्मोत्सव से धूमधाम से मनाया गया, ब्रह्म मुहूर्त में श्रीराधा रानी का पंचामृत से रविवार को सुबह चार बजे अभिषेक किया गया। दूध, दही, शहद, इत्र आदि का पंचामृत तैयार किया गया जिससे राधा रानी का अभिषेक किया गया। राधारानी के जन्म के दौरान पुलिस प्रशासन ने बैरियर लगाकर भीड़ को रोक रखा था, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ ने पुलिस का बैरियर तोड़कर भागने लगे। इस दौरान 3 लोग चोटिल हो गए। हालांकि किसी बड़े हादसे को नहीं होने दिया, तुरंत गिरे लोहे के बैरियर को हटा दिया।



### संपूर्ण नगर भक्ति रस में डूब गया

लाडली जू के महल की ओर जाते श्रद्धालुओं के मुख पर बधाई गीत थे और यह दृश्य मानो संपूर्ण नगर को भक्ति-रस में डुबो रहा था। सखियां भी श्रृंगार कर आल्हा और बधाई पदों पर थिरक उठीं, महिलाएं समूह बनाकर पद गातीं तो बच्चे ढोलक-करतल की ताल पर झूमते नजर आए। इस बार अनूठी बात यह रही की इस बार राधा रानी के जन्मोत्सव के पूर्व संध्या पर बरसाना में भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया जिसे देखकर दर्शक प्रफुल्लित हो गए।

**2 बजे रात्रि से ही उमड़ने लगे थे श्रद्धालु**

वृषभान दुलारी के अभिषेक दर्शनों के लिए रात्रि दो बजे से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ने लगा। इस दौरान पीली कोठी से लेकर कटारा पार्क तक जगह जगह पुलिस प्रशासन ने बैरियर लगाकर श्रद्धालुओं की भीड़ को रोक रखा था।

### देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आए

राधा रानी का नाम मूला भी है क्योंकि उनका जन्म मूल नक्षत्र में हुआ था, उसके लिए 27 तीर्थ का जल 27 कुओं का जल , 27 तीर्थ की रज और 27 वृक्षों के पत्ते लाए गए, जिससे कि उनकी मूल शांति की गई। पूरी रात बधाई गायन चला इस आनंद को लूटने के लिए देश-विदेश से लाखों की श्रद्धालु संख्या में श्रद्धालु बरसाना पहुंचे, जगह-जगह लाइव स्क्रीनिंग की व्यवस्था कराकर श्रद्धालुओं को राधा रानी जी के दर्शन उपलब्ध कराए गए।





ऋषिकेश में एसडीआरएफ ने एक 12 वर्षीय किशोर को सॉन्ग नदी से बचाया

11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया

### राज्य में अब तक 12 जिलों में 63 स्थानों पर हुए बड़े भूस्खलन

# उत्तराखंड में भूस्खलन: धौलीगंगा परियोजना की दोनों सुरंगों में 11 श्रमिक फंसे, 8 को निकाला

एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में धारचूला के पास ऐलागाड़ क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से धौलीगंगा विद्युत परियोजना की सामान्य और आपातकालीन सुरंगों को जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया, जिससे राष्ट्रीय जलविद्युत निगम लिमिटेड (एनएचपीसी) के 19 श्रमिक बिजलीघर के अंदर फंस गए। इनमें से 8 को निकाल लिया गया और 11 को सुरक्षित बचाने के प्रयास खबर लिखे जाने तक जारी थे। धारचूला के उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि मलबा हटाने के लिए मशीनें तैनात कर दी गई हैं और रविवार शाम तक रास्ता साफ कर लिया जाएगा, जिसके बाद सभी मजदूर बाहर आ सकेंगे। उन्होंने बताया कि ऊपर से लगातार मलबा गिरने के बावजूद सीमा सड़क संगठन और हालवेज कंपनी की जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का कार्य जारी है।

#### लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बरकरार

*उधर आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने रविवार को एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सितंबर में उत्तराखंड में लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बना हुआ है। अगले महीने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सितंबर में सामान्य (167.9 मिमी) से ज्यादा बारिश होगी। उधर पंजाब के आठ जिलों में भारी बारिश के बाद 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है।*

#### गौरव यात्रा को दिखाई हरी झंडी

वर्मा ने कहा कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और बिजलीघर का रास्ता खुलने के बाद वे बाहर निकल आएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत परियोजना से बिजली उत्पादन सामान्य रूप से जारी है। उत्तराखंड में इस बार मानसून में भूस्खलन की एक के बाद एक घटनाओं ने चिंता और चुनौती दोनों बढ़ा दी हैं। राज्य में मई से अब तक 12 जिलों में 63 स्थानों पर बड़े भूस्खलन हुए हैं।



#### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन से केदारनाथ हाईवे ठप

*उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। केदारनाथ हाईवे भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर बंद हो गया, जिससे तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। शनिवार-रविवार की रात भारी मलबा गिरने और गौशाला के मलबे में तब्दील होने की घटनाएं सामने आईं।*


## खबर संक्षेप

### दुर्घटनावश गोली लगने से सैनिक की मौत



**श्रीनगर।** गांदेरबल जिले में दुर्घटनावश गोली लगने से एक सैनिक की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना की राष्ट्रीय राइफल्स के कांस्टेबल छोटू कुमार जब मध्य कश्मीर जिले के मानसबल इलाके में पहुंचने के बाद एक ट्रक से कूद रहे थे, तभी उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई। अधिकारियों ने बताया, 'उनकी राइफल का 'ट्रिगर' गलती से दब गया। कांस्टेबल कुमार को ठोड़ी के नीचे गोली लग गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### रूस के दागेस्तान में भीषण धमाका, कई लोग घायल



**नई दिल्ली।** रूस के दागेस्तान में एक गैस स्टेशन पर धमाका हो गया। इस शक्तिशाली विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। घटना मखचकाला के पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित खासाव्युर्ट जिले के सुलेवकेंट गांव के पास हुई। खासव्युर्ट जिले के सुलेवकेंट गांव में एक पेट्रोल पंप में विस्फोट हुआ, जिससे घटनास्थल पर आग लग गई।विस्फोट में घायल हुए चार लोगों को भर्ती कराया गया। फुटेज में लोगों को विस्फोट से बचने के लिए भागते हुए देखा जा सकता है।

### ट्रंप को भारत के इतिहास और उसकी अहमियत का कोई अंदाजा नहीं

# भारत को झुकाने में सफल नहीं हुए ट्रंप ने यूरोप से की अमेरिका जैसे एक्शन की मांग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय आयात पर 50% प्रतिशत का टैरिफ लगाने के बाद भी भारत को झुकाने में नाकाम होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब नया पैंतरा चल रहे हैं। वॉइट हाउस ने अब यूरोपीय देशों से भारत पर अमेरिका जैसे ही प्रतिबंध लगाने को कहा है, जिसमें नई दिल्ली से खरीदे जाने वाले सभी तेल और गैस पर पूरी तरह से रोक लगाना भी शामिल है। रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप प्रशासन चाहता है कि यूरोप भारत पर सेकेंडरी टैरिफ लगाए। यह उसी तरह से होगा, जैसे अमेरिका ने मॉस्को से तेल खरीदना बंद नहीं करने पर भारत के ऊपर लगाने की चेतावनी दी थी। अमेरिका ने इसी सप्ताह बुधवार को भारत के ऊपर 50% टैरिफ लागू कर दिया है।

इसमें 25% रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर लगाया गया है। भारत ने टैरिफ को लेकर आपत्ति जताई है। नई दिल्ली ने पश्चिम के पाखंड की आलोचना की है और कहा कि चीन रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है, जबकि यूरोप लगातार मॉस्को से ऊर्जा उत्पाद खरीदता रहा है और दोनों को ही नई दिल्ली की तरह टैरिफ का सामना नहीं करना पड़ा है।

### भारत,रूस और चीन आ गए साथ, ट्रंप की चिंता बढ़ी

यूरोपीय देश भी खुश नहीं हैं ट्रंप की कार्यशैली से



#### भारत, चीन और रूस के नेता होंगे साथ

*यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के नेता शी जिनपिंग तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान मिल हैं। दुनिया के चार बड़े नेताओं में से तीन का एक साथ होना वर्तमान भू-राजनीतिक हलचल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिस पर सभी की नजरें हैं।*

#### मजबूत रिश्तों पर हुई बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कै क्यू से मुलाकात की, जो सत्ताधारी पार्टी की पोलित ब्यूरो स्थायी समिति के सदस्य हैं। इस दौरान दोनों ने भारत-चीन सहयोग को मजबूत बनाने पर बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पीएम मोदी और कै क्यू के बीच हुई मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा कीं। उन्होंने कहा, ''पीएम मोदी ने चीन के तियानजिन में पोलित ब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य कै क्यू से मुलाकात की। आज की बैठक के अनुरूप, उन्होंने भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय आर्थिक, राजनीतिक और लोगों के बीच आपसी विचार साझा किए।

#### ट्रंप, भारत से स्कूली बच्चों जैसा व्यवहार कर रहे

अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार रिक सांचेज ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अपनी सरकार की तीखी आलोचना की है। सांचेज ने कहा है कि ट्रंप सरकार को भारत के इतिहास और उसकी अहमियत का कोई अंदाजा नहीं है और यही वजह है कि वे बिना सोचे समझे फैसले ले रहे हैं। बातचीत में सांचेज ने कहा कि ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो द्वारा यूक्रेन युद्ध को मोदी का युद्ध कहने पर कहा कि उनका बयान पर हंसा ही जा सकता है। वे कोई बहुत बुद्धिमान व्यक्ति नहीं हैं और न ही वे कोई बड़े विचारक हैं। सांचेज ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ के बारे में मेरे देश की समझ बहुत सीमित है। वे भारत के इतिहास, भारत और चीन के रिश्तों और रूस-यूक्रेन के रिश्तों के बारे में कुछ नहीं जानते। तभी वे मूर्खतापूर्ण बयान देते हैं। नव-रूढ़िवादी, हथियार उद्योग से जुड़े लोग ट्रंप को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं ट्रंप को अहसास है कि उन्होंने गलत मोड़ ले लिया है और यही वजह है कि ट्रंप अब ग्लोबल साउथ और यूरोपीय संघ को बराबर महत्व देते दिखाई दे रहे हैं और संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

#### यूरोप को लेकर खुश नहीं ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन ने बीती 15 अगस्त को अमेरिका के अलास्का में मुलाकात की थी। रिपोर्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय के शीर्ष सूत्र के हवाले से दावा किया गया कि वॉइट हाउस यूरोपीय नेताओं के साथ अपना धैर्य खो रहा है। दावा है कि यूरोपीय नेता यूक्रेन को लेकर रूस से ऐसी क्षेत्रीय रियायतें दिए जाने का दबाव बना रहे हैं, जो अवास्तविक हैं। वॉइट हाउस का मानना है कि यूरोप जेलेंस्की पर बेहतर डील के लिए दबाव बना रहा है, जिसने युद्ध को और बढ़ा दिया है।

### सेना ने किया बड़ी साजिश का खुलासा



# पुंछ में सुरक्षा बलों ने 2 आतंकियों को पकड़ा,एके-47, हैंड ग्रेनेड जब्त

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में पुंछ के मंडी सेक्टर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक एके-47 और एक हैंड ग्रेनेड मिला है। पुंछ पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पुलिस ने बताया कि इस दौरान पुलिस ने छापेमारी भी की।

इसमें आजमाबाद स्थित एक घर पर छापा मारा, यहां से इस घर के मालिक स्थानीय निवासी तारिक शेख और उसके साथी चैंबर गांव निवासी रियाज अहमद को हिरासत में लिया गया है।अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार करने के बाद दोनों से पूछताछ की गई, जिससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने जलियां गांव स्थित शेख के एक और किराए के मकान पर छापा मारा, जहां से यह हथियार बरामद किए गए।

गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले और फिर उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही सुरक्षाबल लगातार आतंकवादियों पर कहर बनकर टूट रहे हैं। 28 अगस्त को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एक मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया था।

#### दो आतंकियों को किया ढेर

इसकी जानकारी देते हुए चिनार कॉर्प्स ने लिखा, जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संदिग्ध घुसपैठ के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर भारतीय सेना और स्थानीय पुलिस ने गुरेज सेक्टर में संयुक्त अभियान शुरू कर दिया। सैनिकों ने एक गतिविधि देखी और कार्रवाई शुरू कर दी। परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सैनिकों ने भी जवाबी कार्रवाई की और दो आतंकियों को मार गिराया।

### मालवेयर से यूजर्स को था बड़ा खतरा

# गूगल ने प्ले स्टोर से एक साल में हटाए 40 लाख से ज्यादा एप्स



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल ने एक बड़ा ऐक्शन लेते हुए अपने प्ले स्टोर से 77 खतरनाक एप्स को हटा दिया है। ये सभी एप्स यूजर्स की सुरक्षा और प्राइवेसी के लिए खतरा बने हुए थे। हालांकि, यह केवल हालिया कार्रवाई का हिस्सा है।

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल ने पिछले साल लगभग 40 लाख एप्स को डिलीट किया, यानी औसतन हर दिन 11,000 एप्स को हटाया गया। यह जानकारी सर्फशार्क की रिपोर्ट और गूगल के ट्रांसपेरेंसी डेटा से सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, हटाए गए आधे से ज्यादा ऐप्स डेटा प्रोटेक्शन और प्राइवेसी नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

#### जांच से गुजरना होगा

इसके साथ ही गूगल ने इस साल करीब 1.55 लाख डेवलपर अकाउंट्स को भी ब्लॉक कर दिया। कंपनी अब साइडलोडेड एप्स (जो सीधे प्ले स्टोर से डाउनलोड नहीं होते) पर भी सख्ती कर रही है। गूगल का कहना है कि अब केवल वही डेवलपर्स एप्स पब्लिश कर सकेंगे, जो वेरिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरेंगे। गूगल ने यूजर्स को चेतावनी दी है कि अगर कोई एप प्ले स्टोर से गायब हो जाए, तो इसका मतलब यह नहीं है कि डेवलपर ने उसे हटाया है। बल्कि अक्सर इसका कारण होता है कि एप ने नियमों का उल्लंघन किया है। हालांकि, अगर एप आपके फोन में पहले से मौजूद है तो वह चलता रहेगा, लेकिन उसे आगे अपडेट नहीं मिलेगा। कंपनी ने साफ किया है कि अगर ऐप खतरनाक पाया गया तो प्ले प्रोटेक्ट आपको उसे अनइंस्टॉल करने का अलर्ट देगा। लेकिन अगर ऐसा अलर्ट नहीं आया, तो ऐप आपके फोन में बिना सिक्योरिटी अपडेट्स के चलता रहेगा।

#### पहले आधे एप्स हटाए जा चुके थे

*गूगल ने पिछले साल ही एप पब्लिशिंग को लेकर सख्त नियम लागू करने का ऐलान किया था और अब उसका असर साफ दिखाई दे रहा है। 2024 की शुरुआत तक ही प्ले स्टोर पर मौजूद लगभग आधे एप्स हटाए जा चुके थे।*

ट्रंप नीतियों में बदलाव के बावजूद एंट्री बैन

# अमेरिका में चीनी छात्र से घंटों पूछताछ के बाद डिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका में पढ़ाई करने पहुंचे एक 22 वर्षीय चीनी छात्र का सपना अचानक टूट गया। चीन से 29 घंटे की लंबी यात्रा के बाद टेक्सास एयरपोर्ट पहुंचे छात्र गू को न केवल घंटों तक पूछताछ का सामना करना पड़ा बल्कि 36 घंटे बाद उसे वापस चीन भेज दिया गया।

यही नहीं, छात्र पर पांच साल तक अमेरिका में प्रवेश पर रोक भी लगा दी गई। छात्र ने बताया कि उसके पास सभी दस्तावेज पूरे थे। वह यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूस्टन में दर्शनशास्त्र पढ़ने आया था। इससे पहले वह कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत पढ़ाई कर चुका था और तब उसे कोई दिक्कत नहीं हुई थी। लेकिन इस बार एयरपोर्ट पर पहुंचते ही कस्टम अधिकारियों ने उसे रोक लिया, उसके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस खंगाले और लगातार घंटों पूछताछ की। पूछताछ का केंद्र उसके चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध और चाइना स्कॉलरशिप काउंसिल से जुड़े चैट्स रहे।

# मुठभेड़ में ढेर हुआ आतंकियों का समंदर चाचा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मोस्ट वांटेड आतंकी बागू खान उर्फ समंदर चाचा को नौशेरा सेक्टर में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। बागू खान अब तक 100 से ज्यादा घुसपैठ में शामिल था और वह आतंकी जगत में ह्यूमन जीपीएस कहलाता था। सुरक्षाबलों ने वीरवार को उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में बागू खान समेत दो आतंकियों को ढेर कर दिया। इसे पाकिस्तान सीमा (एलओसी) पर सक्रिय आतंकियों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

### 30 साल बाद कश्मीर में फिर खुला शारदा भवानी मंदिर

# स्थानीय मुस्लिम बोले- घाटी रही है पंडितों की जन्मभूमि

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कश्मीरी पंडित समुदाय ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शारदा भवानी मंदिर को तीन दशकों से भी ज्यादा समय बाद फिर से खोल दिया। इस समारोह में स्थानीय मुस्लिम समुदाय की भारी भागीदारी रही।

मध्य कश्मीर जिले के इचकूट गांव में 'मुहूर्त' और 'प्राण प्रतिष्ठा' के साथ आयोजित इस समारोह में कश्मीरी पंडित परिवारों का एक ग्रुप 1990 के दशक की शुरुआत में कश्मीर घाटी में उग्रवाद भड़कने के बाद पहली बार अपने पैतृक स्थान पर लौटा। इस दौरान एक मुस्लिम



बुजुर्ग ने कहा कि कश्मीर घाटी कश्मीरी पंडितों की जन्मभूमि है और दोनों समुदाय साथ-साथ पले-बढ़े हैं।बडगाम स्थित शारदा स्थापना समुदाय के अध्यक्ष सुनील कुमार भट्ट ने कहा, हम कह सकते हैं कि यह पाकिस्तान स्थित शारदा माता मंदिर की एक शाखा है। हम लंबे समय से इस मंदिर को फिर से खोलना चाहते थे।

#### कश्मीरी पंडित जल्द लौटें, यही प्रार्थना

स्थानीय मुसलमान भी यही चाहते थे। वे हमें नियमित रूप से आकर मंदिर की पुनर्स्थापना करने के लिए कहते थे। उन्होंने कहा कि पंडित समुदाय ने 35 साल बाद मंदिर को फिर से खोला है। हमें उम्मीद है कि यह (सभा) एक वार्षिक आयोजन होगा और हम माता रानी से प्रार्थना करते हैं कि समुदाय के सदस्य जल्द ही कश्मीर लौट आएं। भट्ट ने कहा कि कुछ कश्मीरी पंडितों ने, जिनमें से ज्यादातर प्रधानमंत्री पैकेज के तहत काम कर रहे हैं।

## आदिवासी छात्रों के लिए अंतरिक्ष शिक्षा को देगा बढ़ावा

स्कूल में एक आधुनिक कक्षा भी तैयार की गई है, जिसमें स्मार्ट क्लासरूम है

# त्रिपुरा में शुरू हुई स्पेस एजुकेशन लाइब्रेरी, छात्रों को मिलेगा चंद्रयान से मंगल मिशन तक का ज्ञान

एजेंसी ▶▶ उनाकोटी

त्रिपुरा के सुदूर उनाकोटी जिले के एक स्कूल में स्पेस एजुकेशन लाइब्रेरी की शुरुआत की गई है। यहां छात्रों को रॉकेट मॉडल, अंतरिक्ष अभियानों की जानकारी और रिकॉर्डेड लेक्चर के जरिए अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

नई पीढ़ी के बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि दिलाने के लिए त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के एक स्कूल में अंतरिक्ष शिक्षा पुस्तकालय खोला गया है। ईस्ट रैटविसा डालोंग पारा हाई स्कूल की इस लाइब्रेरी में एसएलवी मार्क-2, पीएसएलवी और जीएसएलवी जैसे रॉकेटों के छोटे मॉडल रखे गए हैं। साथ ही, चंद्रयान, मंगल मिशन और सौर मिशन जैसे अभियानों के मॉडल भी यहां मौजूद हैं। बच्चों को बेहतर समझ देने के लिए अंतरिक्ष विज्ञान पर रिकॉर्ड किए गए लेक्चर भी सुनाए जाते हैं। कुमारघाट के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सुदीप भौमिक ने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

**वैज्ञानिकों पर 100 से अधिक किताबें और बच्चों की पत्रिकाएं उपलब्ध**



### दूरदराज के छात्रों के लिए विकास और अवसर


*इन प्रगति के साथ, कुमारघाट ब्लॉक सलाहकार समिति (बीएसी) का लक्ष्य केवल दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समुदायों में वैज्ञानिक मानसिकता उत्पन्न करना नहीं है, बल्कि उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए उम्मीद प्रदान करना भी है। स्कूल के एक शिक्षक रिंगामपर हलाम ने कहा, विद्यालय को उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के लिए समग्र दृष्टिकोण के कारण, छात्रों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है।*

#### सौर ऊर्जा से संचालित आधुनिक स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण

बीडीओ ने बताया कि यह पुस्तकालय 'नानाजी देशमुख सर्वोत्कृष्ट पंचायत सतत विकास पुरस्कार' के तहत मिलने वाले अनुदान से बनाया गया, जिसे केंद्रीय पंचायत मंत्रालय ने वित्तीय सहायता दी। इसके अलावा, स्कूल में एक आधुनिक कक्षा भी तैयार की गई है, जिसमें स्मार्ट क्लासरूम है, जिसमें डिजिटल पैनल, डिजिटल पोडियम और प्रशिक्षण कुर्सियां लगी हुई हैं। भौमिक ने कहा, इन सभी को स्कूल में स्थापित 5 किलोवाट सौर प्रणाली द्वारा संचालित किया गया है।

#### अंतरिक्ष शिक्षा में रुचि बढ़ाना चाहते हैं

*जिससे दूरदराज के आदिवासी इलाकों के छात्र भारत की प्रगति की कल्पना कर सकें - साइकिल पर रॉकेट ले जाने से लेकर वर्तमान मानव मिशन तक। हम अंतरिक्ष शिक्षा में रुचि बढ़ाना चाहते हैं और इसे गति प्रदान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में खगोलशास्त्र, अंतरिक्ष विज्ञान और भारतीय अंतरिक्ष और खगोल भौतिकी के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों पर 100 से अधिक किताबें और बच्चों की पत्रिकाएं उपलब्ध हैं, ताकि छात्र उनके बारे में सीख सकें। फिं हमारे छात्र ही नहीं, अन्य स्कूलों के बच्चे भी अंतरिक्ष शिक्षा पुस्तकालय को देखने आ रहे हैं ताकि उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान मिल सके।*



# शाहिद कपूर की फिल्म में दिखेगी लैला-मजनू की जोड़ी

**नई दिल्ली।** देवा के बाद एक बार फिर शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। इस बार वह विशाल भारद्वाज की मूवी में दिखाई देंगे। वह विशाल के साथ 8 साल बाद वापसी कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की और डायरेक्टर के साथ सेट से पहली झलक दिखाई है। शाहिद कपूर की इस आगामी फिल्म में लैला मजनू स्टार्स तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी भी अहम भूमिका में हैं। इस बारे में एक्टर ने कहा, यह पोस्ट शानदार कास्ट तृप्ति डिमरी को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता, जिनके साथ मुझे बहुत मजा आया। इसमें उनका अभिनय देखना।

लाइफ Style



# जाह्नवी
## दो लोगों के बीच होते हैं लड़ाई-झगड़े

जाह्नवी कपूर अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर उनके सपनों के बारे में डिस्कस करती रहती हैं। अब जाह्नवी ने कपिल शर्मा के शो में बताया कि वह 3 बच्चे चाहती हैं और उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई है। जाह्नवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म परम सुंदरी हाल ही में रिलीज हुई है और फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दोनों फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। अब हाल ही में दोनों कपिल शर्मा के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पहुंचे और इस दौरान जाह्नवी ने बताया कि उन्हें 3 बच्चे चाहिए और वह साउथ में सेटल होना चाहती हैं। कपिल ने उनसे इसके पीछे की वजह भी पूछी तो जानें उन्होंने क्या कहा। जाह्नवी ने कहा, 'मुझे लगता है अच्छा होता है 3, पहले तो मेरे लिए लकी नंबर है और दूसरी बात है कि लड़ाई-झगड़े हमेशा 2 लोगों के बीच होते हैं। ऐसी सिचुएशन में एक का सपोर्ट जरूरी होता है। एक बहन या लड़का जो भी होगा, वो डबल ढ़ोलकी होगा। दोनों साइड से खेलेगा। दोनों को सपोर्ट मिलेगा। मैंने बहुत सोच समझकर ये प्लानिंग की है।'

जाह्नवी की इस बात को सुनकर ना सिर्फ कपिल बल्कि सिद्धार्थ और बाकी दर्शक भी हंसने लगे। बता दें कि इससे पहले जाह्नवी ने कोमल नहाटा के शो में कहा था, 'मैं शादी करके तिरुमला तिरुपति में पति और बच्चों के साथ सेटल होना चाहती हूं। हम केले के पत्तों पर हर दिन खाना खाएंगे और गोविंदा-गोविंदा सुनेंगे। मेरे बालों में मोगरा होंगे और मैं मणिरत्नम के म्यूजिक को सुनूंगी। मैं अपने पति के तेल चम्पी करूंगी।'

## हॉलीवुड मसाला



# किसी भी चीज में राय बहुत आसान

**नई दिल्ली।** एम्मा हेमिंग विलिस ने हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रूस विलिस के साथ अपनी शादी में लिए गए अब तक के सबसे कठिन फैसलों में से एक के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'किसी भी चीज में राय देना बहुत आसान होता है, क्योंकि कोई कोई आपके घर में नहीं होता, किसी को नहीं पता कि आपका पार्टनर कैसा व्यवहार कर रहा है और आपके घर में क्या चल रहा है। सच्चाई यह है कि राय बहुत जोरदार और शोरगुल वाली होती हैं।



# वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर छोड़ना पड़ा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने वीजा को लेकर नियम काफी सख्त कर दिए हैं और इस सख्त फैसले से दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले टिकटॉक स्टार खाबी लेम भी खुद को नहीं बचा पाए। दरअसल, लास वेगास में वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद टिकटॉक स्टार को अमेरिका छोड़ना पड़ा था। इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने पुष्टि की है कि सेनेगल में जन्मे और इटली के नागरिक खाबी लेम, जिनका पूरा नाम सेरिंगे खाबाने लेम है, उन्हें शुक्रवार को हैरी रीड इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर हिरासम में लिया गया था। खाबी लेम 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे, लेकिन उन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है।



# बुद्धि और शांति हमेशा सही रहे : ईशा


**मुंबई।** गणेश उत्सव के पावन अवसर पर एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर इस त्योहार की अहमियत के बारे में बताया। गणपति बप्पा हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। वो हमारे ईष्ट देवता हैं। बचपन से ही मैं गणेश चतुर्थी मना रही हूं। जब से मैं पैदा हुई हूं, तब से ही घर पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। मैं हमेशा बप्पा से यही प्रार्थना करती हूं कि मेरी बुद्धि सही रहे। विनाश काल विपरीत बुद्धि ये लाइन मैं हमेशा याद रखती हूं। पैसे तो इंसान कभी भी कमा सकता है, अगर खत्म भी हो जाए तो दोबारा कमा सकता है। नाम और शोहरत भी आती-जाती रहती है। लेकिन, अगर बुद्धि सही हो और मन में शांति हो, तो जीवन अच्छा चलता है। गणपति बप्पा का नाम, उनकी उपस्थिति और उनका आशीर्वाद हमेशा हमारे दिल, दिमाग और आत्मा में रहे, यही मेरी सदैव प्रार्थना है।




# ओटीटी पर रिलीज हुई हॉरर फिल्म द डोर

**नई दिल्ली।** द डोर एक तमिल हॉरर थ्रिलर है जो ओटीटी पर दस्तक देने से पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बड़े पर्दे पर 28 मार्च को आई थी और अब करीब 5 महीने बाद इसने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। जयदेव के निर्देशन में बनी द डोर को दर्शकों और क्रिटिक्स की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था, लेकिन इसके ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था जो आखिरकार खत्म हुआ। भावना, कपिल वेलावन, गणेश वेंकटरमन, श्रीरंजिनी और जयप्रकाश जैसे कलाकारों से सजी द डोर को अगर आपने अभी तक नहीं देखी है तो कोई बात नहीं,क्योंकि अब यह ओटीटी पर आ गई है। डोर एक सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर हॉरर मूवी है।

## टीवी मसाला




# तान्या मित्तल को किया टारगेट लगाए आरोप, हुईं इमोशनल

**नई दिल्ली।** पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने शुरुआती हफ्ते में ही काफी रोमांचक हो गया है। आए दिन कंटेस्टेंट के बीच गहमागहमी बढ़ती जा रही है। अब शो ने एक प्रोमो लॉन्च किया है, जिसमें प्रतियोगी तान्या मित्तल पर भड़कते नजर आ रहे हैं और उनपर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। आइए देखें कंटेस्टेंट्स ने क्या कहा। नए प्रोमो में बिग बॉस 19 के होस्ट सलमान खान ने कंटेस्टेंट से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि अशनूर कौर और तान्या मित्तल में कौन अपने आप को सबसे ज्यादा सुपीरियर बताता है। इसके जवाब में प्रतियोगियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि तान्या मित्तल अपने आप को ज्यादा बेहतर समझती हैं। वहीं यूट्यूबर कुनिका सदानंद ने कहा कि तान्या मित्तल को लगता है कि वो बहुत संघर्ष करके यहां तक पहुंची हैं। ज्यादातर कंटेस्टेंट तान्या मित्तल को टारगेट करते दिख रहे हैं। शनिवार को वीकएंड का वार देखने को मिला, जिसमें किसी को एलिमिनेट तो नहीं किया गया, लेकिन गौरव खन्ना के रिश्ते अशनूर और कुनिका से खराब होते हुए दिखे। सलमान खान के जाने के बाद अशनूर और गौरव के बीच बहस देखने को मिली। अब आज रविवार का दिन काफी रोमांचक हो सकता है। सलमान खान रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को होस्ट कर रहे हैं। प्रतियोगियों की बात करें, तो इनमें अश्नूर कौर, जीशान कादरी, तान्या मित्तल, नगमा मिराजकर, अवेज दरबार, नेहल चुडासमा, अभिषेक बजाज, बसीर अली, गौरव खन्ना, नतालिया जानोसजेक, प्रणित मोरे, फरहाना भट्ट, नीलम गिरी, कुनिका सुदानंद, अमाल मलिक और मृदुल तिवारी जैसे नाम शामिल हैं।

## इंडस्ट्री के बड़े लोग क्रू मेंबर्स का करते हैं अपमान

**नई दिल्ली।** टीवीएफ स्टार नवीन कस्तूरिया ने बॉलीवुड को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से इंडस्ट्री के सीनियर लोग क्रू मेंबर्स और बाकी लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। हाल ही में जियो



हॉटस्टार की सीरीज सलाकार में नजर आए अभिनेता नवीन कस्तूरिया अब ओटीटी की दुनिया का एक जाना-पहचाना नाम हैं। इस दौरान नवीन ने कई बॉलीवुड स्टार्स और सीनियर लोगों के साथ भी काम किया है और उन्हें सेट पर देखा है। अब नवीन ने इंडस्ट्री में बड़े पदों पर बैठे कुछ सीनियर लोगों के बारे में बात की और बताया कि किस तरह से ये सीनियर लोग सेट पर क्रू मेंबर्स के साथ व्यवहार करते हैं। नवीन ने बॉलीवुड में हेरारिकी को लेकर महत्व दिए जाने पर बात की। उन्होंने कहा, कभी-कभी फिल्म सेट पर इंडस्ट्री में बहुत ऊंचे पद पर बैठा व्यक्ति क्रू मेंबर्स से बहुत अपमानजनक तरीके से बात करता है। मुझे लगता है कि भारत में यह एक समस्या है। कई बार अगर आप मुंबई में देखें, तो जब आप किसी सोसाइटी में जाते हैं तो गार्ड खड़ा हो जाता है। यह कैसी संस्कृति है?

# इस एक्ट्रेस की ठीक वैसे ही हुई मौत जैसी आखिरी फिल्म में गई थी दिखाई

**मुंबई।** यह एक्ट्रेस साउथ फिल्मों की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में शुमार थी। बहुत ही कम उम्र में इसने अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली थी। सिर्फ छह साल के करियर में इसने 25 फिल्में कर ली थीं और इसे साउथ की अगली सुपरस्टार माना जा रहा था। मात्र 15 साल की उम्र में ही इस एक्ट्रेस ने नेशनल अवॉर्ड भी जीत लिया था और कई बड़े एक्टर्स-डायरेक्टर्स संग काम किया...पर किसी ने सोचा भी नहीं था कि जरा सी उम्र में इसकी मौत हो जाएगी। करियर से लेकर निजी जिंदगी के लिए हसीन सपने देखने वाली इस एक्ट्रेस की 21 साल की उम्र में बेहद दर्दनाक मौत हुई। बताया जाता है कि मौत वैसी थी, जैसी इस एक्ट्रेस की आखिरी फिल्म में दिखाई गई थी। इस एक्ट्रेस ने 14 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया था। इसका मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा नाम था। इसकी मां जानी-मानी डांसर श्रीदेवी उन्नी हैं, जो मोहिनीअट्टम डांस में पारंगत हैं और मलयालम सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस भी हैं। वहीं पिता एक बिजनेसमैन रहे हैं।

### 15 की उम्र में नेशनल अवॉर्ड

जिस एक्ट्रेस की यहां बात हो रही है, उसका नाम है मोनिशा उन्नी। मोनिशा ने जहां 5 साल की उम्र से डांस सीखना शुरू कर दिया था, वहीं 14 साल की उम्र में शॉर्ट फिल्म 'भव्या' में काम किया था। इस फिल्म में मोनिशा की एक्टिंग देख डायरेक्टर एम.टी. वासुदेवन नायर ने उन्हें अपनी क्लासिक फिल्म 'नक्काक्षथंगल' में साइन कर लिया। इस फिल्म के लिए मोनिशा को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। तब वह सिर्फ 15 साल की थीं और नेशनल अवॉर्ड पाने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बनीं।

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में बड़े डायरेक्टर्स संग काम

इसके बाद मोनिशा उन्नी ने बैक-टू-बैक कई फिल्में कीं, जो हिट रहीं। उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। प्रियदर्शन से लेकर हरिहरन और कमल तक, कई बड़े डायरेक्टर्स ने मोनिशा उन्नी को अपनी फिल्मों में लिया। मोनिशा को आज भी आर्यन, अधिपन, कुरुप्पिन्टे कनक्कु पुस्ताकोम, पेरुमथाचन और कदावु जैसी फिल्मों के लिए याद किया जाता है। मोनिशा ने तमिल सिनेमा में भी अपनी धाक जमा ली थी।



### अगली सुपरस्टार मानी जा रही थीं

मोनिशा उन्नी फीमेल सुपरस्टार बनने की राह पर निकल चुकी थीं। बहुत से मेकर्स उन्हें नई सुपरस्टार मानने भी लगे थे, पर उसी दौरान उन पर मौत ने झपट्टा मार दिया। साल 1992 में मोनिशा उन्नी की एक कार एक्सीडेंट में भयानक मौत हो गई। वह उस समय 22 साल की थीं। उस वक्त मोनिशा मलयालम फिल्म चेप्पादिविद्या में काम कर रही थीं। मोनिशा कार में मां के साथ थीं और वह केरल में बस से टकरा गई। बताया जाता है कि मोनिशा उन्नी कार में पिछली सीट पर सोई हुई थीं। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक्ट्रेस को मृत घोषित कर दिया। मोनिशा की मौत को लेकर जो बात सबसे ज्यादा चौंकाने वाली थी और भयावह थी, वो यह कि उनकी मौत वैसे ही हुई, जैसे उनकी एक फिल्म में दिखाया गया।

# एकता ने लाल बाग के राजा के किए दर्शन, टेका माथा, ली फोटो

**मुंबई।** लालबाग का राजा (लाल बागचा राजा) मुंबई का सबसे ज्यादा फेमस पब्लिक गणेश मंडल है। इन्हें 'मन्नतों का राजा' भी कहा जाता है। यहां फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने सेलेब्स, वीआईपी भी दर्शन करने आते हैं। पर आम जनता और वीआईपी-सेलेब्स के दर्शन में जमीन-आसमान का अंतर होता है। जहां आम जनता को एक सेकेंड भी रुककर बप्पा को निहारने का वक्त नहीं मिलता, ऊपर से ऐसा लगता कि धक्के मारकर वहां से हटाया जाता है, वहीं वीआईपी और सेलेब्स आराम से ना सिर्फ दर्शन करते हैं, बल्कि फोटो भी खिंचवाते हैं। वहां के पंडित-पुजारी भी उन्हें फूल-माला और प्रसाद भेंट में देते हैं। पहले भी वीआईपी कल्चर को लेकर सवाल उठे थे, अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो एकता कपूर का है। एक यूजर ने कहा, 'वाह, इसको धक्का नहीं मारा। पैसे का कमाल। भगवान के दर्शन में भेदभाव।' वीडियो में देख सकते हैं कि एक आम जनता के दर्शन की लाइन लगी है, जिसमें वहां पर मौजूद गाड्र्स लोगों को पलभर भी रुकने का समय नहीं देते हैं। ये भी कहा जाता है कि आम जनता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता है। दूसरी




तरफ एकता कपूर भी लाल बागचा राजा के दर्शन कर रही हैं, उनके लिए आम जनता को हटाकर साइड कर दिया जाता है। एकता आराम से दर्शन करती हैं। बप्पा के चरणों में अपने प्रोजेक्ट्स और सीडी भेंट करती हैं। आराम से उनकी फोटो खींचती हैं। वहां मौजूद लोग भी उनके साथ फोटोज खिंचवाते हैं। इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। एक ने लिखा, 'रिएलिटी जानने के बाद भी लोग वहां क्यों जाते हैं। प्लीज आपके मंदिर में जो गणपति घर पर हैं, उनकी पूजा करें। इतना ही काफी होगा।' दूसरे ने कहा, 'धंधा बना दिया है यार एकदम।' एक और ने लिखा, 'बायकॉट'। कुछ लोग मैनेजमेंट को 'बेशर्म' बोल रहे।

## कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी निभाई अहम भूमिका

# रामानंद सागर की धरोहर को प्रेम सागर ने बढ़ाया आगे

*__मुंबई।__ 90 के दशक में कई शानदार सीरियल और मुख्यतः रामायण का निर्माण करने वाले डायरेक्टर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन हो गया। प्रेम सागर ने भी मनोरंजन की दुनिया में शानदार काम किया था और अपने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाने का काम किया था। जब-जब बात रामायण की होती है, तो सबसे पहले रामानंद सागर की 'रामायण' ही याद आती है। वही रामायण, जिसकी हर शाम देश की गलियां सूनी हो जाती थीं। अब जब नितेश तिवारी अपनी फिल्म रामायण लेकर आ रहे हैं, तो सबकी नजर इस पर है। हाल ही में जब फिल्म का पहला टीजर रिलीज हुआ तो लोगों में इसकी चर्चा भी छिड़ी। जब इस टीजर पर रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर से बात की थी तो उन्होंने बड़ी साफ और सधी हुई बात कही।*



### एफटीआईआई से की पढ़ाई

प्रेम सागर ने 84 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रेम सागर एक वरिष्ठ निर्माता और जाने-माने फोटोग्राफर थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा और टेलीविजन में सागर परिवार की विरासत को आगे बढ़ाया। उन्होंने शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के बाद भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे से फोटोग्राफी और सिनेमैटोग्राफी की ट्रेनिंग ली, जिसने उनकी कला को निखारने का काम किया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता द्वारा स्थापित प्रोडक्शन हाउस, सागर आर्ट्स, के तहत कई परियोजनाओं के दृश्यों की बारीकियों पर काम किया। रामानंद सागर के पॉपुलर टीवी शो 'रामायण' के निर्माण में अनोखे योगदान के लिए भी उन्हें सबसे अधिक याद किया जाता था।

### मैं क्रिटिक नहीं रामभक्त हूं

प्रेम सागर ने खुद को न क्रिटिक बताया, न सिर्फ ऑडियंस। उन्होंने कहा, 'मैं रामभक्त हूं। अगर कोई राम का नाम ले रहा है, राम की बात फैला रहा है, तो उसे मेरा नमस्कार है। राम का प्रचार किसी भी रूप में हो, उसका स्वागत होना चाहिए।'

### अगर राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी कल्पना है

उनका मानना है कि आज की पीढ़ी ग्राफिक्स और विजुअल इफेक्ट्स से जुड़ती है, तो अगर राम का नाम इन नए रास्तों से युवाओं तक पहुंच रहा है, तो ये बुरा नहीं, अच्छा है। उन्होंने कहा, 'अगर किसी की कल्पना में राम पेड़ पर चलते हैं, तो वो उसकी सोच है। हर कलाकार को अपनी बात कहने की आजादी होनी चाहिए। आखिर में जनता ही तय करती है कि क्या ठीक है और क्या नहीं।'

### हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है

प्रेम सागर ने कहा, 'हर इंसान के मन में अपनी एक रामायण होती है। अगर कोई डायरेक्टर अपनी सोच से रामायण बना रहा है, तो हमें उसे फौरन सही या गलत नहीं कहना चाहिए। हमें उसे एक कोशिश की तरह देखना चाहिए।

### फिल्मों में दिया योगदान

प्रेम सागर ने फिल्मों में भी अपनी टैलेंट को प्रदर्शित किया था। वो साल 1968 में आई आंखें फिल्म में इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट में थे, तो वहीं 1976 में रिलीज हुई चरस में बतौर सिनेमैटोग्राफर शामिल थे।

### टेलीविजन में भी अहम भूमिका

प्रेम सागर के पिता रामानंद सागर ने रामायण सीरियल बनाकर इतिहास रचा। प्रेम सागर ने पिता की धरोहर को आगे बढ़ाया और वे सागर आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस का महत्वपूर्ण हिस्सा बने और उन्होंने जय गंगा मैया, अलिफ लैला, विष्णु पुराण, हनुमान, जय महालक्ष्मी जैसे धारावाहिकों में सिर्फ पर्दे के पीछे रहकर कैमरा ही नहीं संभाला, बल्कि प्रोडक्शन में भी अहम भूमिका निभाई।

### आदिपुरुष ने रावण को जिस तरह दिखाया, वो गलत था

हालांकि, इस दौरान प्रेम सागर का कहना था कि क्रिएटिव लिबर्टी का मतलब ये नहीं कि धार्मिक किरदारों की जड़ें ही हिला दी जाएं। आदिपुरुष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिपुरुष में रावण को जिस तरह दिखाया गया, वो ठीक नहीं था। रावण कोई मांस खाने वाला या चिल्लाने वाला राक्षस नहीं था। वो एक बड़ा विद्वान और शिवभक्त ब्राह्मण था। राम ने खुद उसे यज्ञ कराने के लिए बुलाया था। रामेश्वरम की पूजा उसी की मिसाल है। जब आप ऐसे महान पात्रों को गलत तरह से दिखाते हैं, तो जनता उसे नकार देती है। आदिपुरुष इसका उदाहरण है।

# यूएस ओपन : वीनस के साथ जीते भांबरी, कोको-नाओमी ने चौथे दौर में रखा कदम



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

■ बोपन्ना और अर्जुन का सफर समाप्त

■ 2019 के बाद ओसाका और कोको का होगा आमना-सामना

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के दौरान कोको गॉफ का शानदार प्रदर्शन जारी है। कोको गॉफ ने जहां मैग्डेलेना फ्रेच पर जीत दर्ज की। वहीं साल 2021 के बाद कोई ग्रैंडस्लैम खेलने वाली जापान की नाओमी ओसाका ने डारिया कसाटकिना को हराकर चौथे दौर में कदम रखा। अब ओसाका ओर कोको का साल 2019 के बाद किसी ग्रैंडस्लैम में आमना-सामना होगा। वहीं मेंस डबल्स में युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस ने दूसरे दौर में कदम रखा। लेकिन रोहन बोपन्ना और अर्जुन काधे अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ हारकर बाहर हो गए।

### भारतीय खिलाड़ियों में भांबरी ही जीते बाकी हारे

वहीं मेंस डबल्स में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ मिलकर अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर अगले दौर में कदम रखा। जबकि रोहन बोपन्ना और मोनाको के जोड़ीदार रोमेन अर्नेडो को पहले दौरे में ही अमेरिका के रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की जोड़ी से 4-6 और 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यूएस ओपन में डेब्यू करने वाले भारत के अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार डिएगो हिडाल्गो को दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के आगे 7-5, 6-7(4), 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।



### गॉफ पहुंची चौथे दौर में

यूएस ओपन 2025 के वीमेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में कोको गॉफ ने मैग्डेलेना फ्रेच पर 6-3, 6-1 से जीत के साथ लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जबकि ओसाका ने चार साल बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी करते हुए डारिया कसाटकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। इसके चलते अब साल 2019 के बाद पहली बार ओसाका और कोको का मुकाबला होगा।

### प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिनर



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा और लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह कोई मशीन नहीं हैं। मौजूदा चैंपियन सिनर ने दुनिया के 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'मैं कोई मशीन नहीं हूं और आप सब यह जानते हैं। मुझे भी कभी-कभी संघर्ष करना पड़ता है। मुझ पर भी दबाव होना स्वाभाविक है। आपको मैच के अनुसार सामंजस्य बिठाना पड़ता है।' इटली के इस खिलाड़ी ने इस तरह से हार्डकोर्ट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

## खबर संक्षेप



### प्रदर्शन से अधिक ध्यान मैच खेलने पर था: पराग

**बेंगलुरु।** सत्र में अधिकतर समय कंधे की चोट से जूझने के बाद रियान पराग का दलीप ट्रॉफी में आने का निजी लक्ष्य कुछ मैच खेलना था और असम के इस ऑलराउंडर को इस लक्ष्य को हासिल करने की खुशी है। पिछले साल के अंत में लगी कंधे की चोट ने आईपीएल 2025 में भी उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी को प्रभावित किया है और पराग ने आईपीएल के बाद दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पूर्व क्षेत्र की अगुवाई करने तक कोई क्रिकेट नहीं खेला। उत्तर क्षेत्र के पहली पारी की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद पराग ने संवाददाताओं से कहा, 'मैच में खेलकर अच्छा लगा।

### ओलंपिक में पदक जीत जाती, तो लेती संन्यास



**नई दिल्ली।** लवलीना बोरगोहेन ने अपनी अकादमी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्केबाजी से संन्यास लेने पर विचार किया था, लेकिन पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक से चूकने के बाद उन्होंने यह फैसला टाल दिया। असम की यह मुक्केबाज आगामी विश्व चैंपियनशिप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए तैयार है और उनका लक्ष्य ओलंपिक में दूसरा पदक जीतना है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर हैं। रिंग से दूर रहने के दौरान उन्होंने अपनी अकादमी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्घाटन जून में गुवाहाटी में हुआ। लवलीना ने कहा, 'जब मैंने अपनी अकादमी शुरू करने के बारे में सोचा तो मैंने पेरिस (ओलंपिक) तक खेलने की योजना बनाई थी और उसके बाद मैं संन्यास ले सकती थी लेकिन पेरिस में नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था।

### मैराथन : किरोस और हसन ने बनाए नए रिकॉर्ड



**सिडनी।** इथियोपिया के हैलीमारयम किरोस और नीदरलैंड के सिफान हसन ने सिडनी मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में नए रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की। किरोस ने पुरुषों की दौड़ दो घंटे छह मिनट और छह सेकंड में जीती। यह ऑस्ट्रेलिया में मैराथन में सबसे तेज समय है। उन्होंने पिछले रिकॉर्ड में एक मिनट से भी अधिक समय का सुधार किया। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी हमवतन अदिसु गोबेना से 10 सेकंड आगे रहा। हसन ने महिलाओं की दौड़ में अपना दबदबा बनाते हुए 2:18:22 का समय लेकर जीत हासिल की, जो पिछले साल इथियोपिया की वर्कनेश एडेसा के बनाए रिकॉर्ड से लगभग तीन मिनट कम है।

## हॉकी एशिया कप: कप्तान हरमनप्रीत ने दागे 2 गोल

# टीम इंडिया ने चीन के बाद जापान को भी रौंदा, लगातार मिली दूसरी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजगीर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारत ने पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल ए के कड़े मुकाबले में जापान को 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई किया। चीन के खिलाफ पहले मैच में हैट्रिक बनाने वाले हरमनप्रीत ने पांचवें और 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे जबकि भारत के लिए एक अन्य गोल मनदीप सिंह ने चौथे मिनट में किया। जापान की ओर से दोनों गोल कोसेई कावाबे ने 38वें और 59वें मिनट में किए। भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चीन पर 4-3 की जीत के साथ की थी। दो मैच में दो जीत के बाद भारत छह अंक के साथ पूल ए में शीर्ष पर है।



### करकेरा ने किए दो शानदार बचाव

मध्यांतर के बाद खेल शुरू होने के कुछ मिनट बाद सुखजीत ने मनदीप को सर्कल के अंदर पास दिया लेकिन उनके शॉट को जापान के गोलकीपर ने रोक दिया। जापान ने 38वें मिनट में काइतो तनाका के पास पर कावाबे के गोल से भारत की बढ़त को कम किया लेकिन मेजबान टीम ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के एक और गोल से फिर दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। जापान को 49वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने दो शानदार बचाव किए।मैच खत्म होने से दो मिनट पहले कावाबे ने जरमनप्रीत की कमजोरी का फायदा उठाकर गोल किया लेकिन जापान को हार से नहीं बचा पाए।

### चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराया

पूल ए के दूसरे मैच में चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की और सुपर चार में जगह बनाने का दावा बरकरार रखा। कजाखस्तान को मैच शुरू होने के 12 सेकेंड के अंदर ही पेनल्टी मिली और अगिमटे डुइसेंगजी ने सटीक फ्लिक से गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि इसके बाद चीन ने दबदबा बनाया। चीन के लिए डू शिहाओ (10वें, 53वें), किजुन चेन (13वें), चांगलियांग लिन (15वें, 39वें), बेनहाई चेन (29वें, 56वें), युआनलिन लू (31वें), जिशेंग गाओ (33वें) शियाओलोंग गुओ (41वें, 58वें) और युआनलिन लू (42वें, 44वें) ने गोल दागे। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

### भारत ने पिछले मैच की तुलना में किया बेहतर प्रदर्शन

जापान और चीन ने एक-एक जीत दर्ज की है। मेजबान टीम अपना अंतिम पूल मैच सोमवार को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी जबकि जापान और चीन के बीच होने वाले मुकाबले से पूल ए से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। भारत ने पिछले मैच की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। टीम में बेहतर समन्वय दिखा और उसे तेज हॉकी खेली, जिसके कारण प्रतिद्वंद्वी सर्कल के अंदर लगातार हमले हुए। भारत को पहला मौका दूसरे मिनट में ही मिल गया जब हरमनप्रीत ने मनप्रीत को गेंद दी लेकिन सर्कल के ठीक अंदर से लिया गया उनका शॉट गोल से कुछ इंच दूर से बाहर निकल गया।

## दिल्ली प्रीमियर लीग

# राणा ने खेली तूफानी पारी फाइनल में वेस्ट दिल्ली लायंस



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली प्रीमियर लीग के मुकाबलों का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के दूसरे क्वालीफायर मैच में नितीश राणा ने 26 गेंदों में नाबाद 45 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम वेस्ट दिल्ली लायंस को फाइनल में पहुंचाया है। वेस्ट दिल्ली की टीम ने इस मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को 8 विकेट से मात दी। मुकाबले में ईस्ट दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्ट दिल्ली ने 17.3 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया।

### दोसेजा-नितीश ने खेली शानदार पारी

140 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्ट दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अंकित कुमार के रूप में टीम को पहला झटका 16 के स्कोर पर लगा, जब वह 5 गेंदों में 2 रन बनाकर चलते बने। 55 के स्कोर पर विकेटकीपर बल्लेबाज कृष यादव भी चलते बने, उन्होंने 25 गेंदों पर 7 चौके की मदद से 37 रन बनाए। दो विकेट गिरने के बाद आयुष दोसेजा और कप्तान नितीश राणा ने मोर्चा संभाला और दोनों खिलाड़ी टीम को जीत दिलाकर वापस लौटे।

### अर्पित को छोड़कर बाकी के बल्लेबाज रहे फ्लॉप

वहीं ईस्ट दिल्ली टीम की बात करें तो इस मैच में गेंदबाजी से लेकर बल्लेबाजी तक हर डिपार्टमेंट में वह फ्लॉप रहे। बल्लेबाजी की बात करें तो वहां टीम की तरफ से अर्पित राणा को छोड़कर और कोई भी खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल पाया। अर्पित ने 38 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा रौनक वाघेला ने 24 रनों का योगदान दिया। टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज इस मैच में बुरी तरह फ्लॉप साबित हुए। कप्तान अनुज रावत ने इस मैच में टेस्ट के अंदाज में बैटिंग की और 18 गेंदों पर 15 रन बनाए।

## विश्व चैंपियनशिप

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



एजेंसी ▶▶| पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

### टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया।

### चेन और लियू की शानदार वापसी

सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली। सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त मिली। लेकिन चिराग ने नेट पर बार-बार गलतियां की और सात्विक की सर्विस भी अच्छी नहीं रही, जिससे चीन की जोड़ी ने स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। सात्विक के जबरदस्त स्मैश और भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत उन्होंने 21-18 से जीत हासिल की।

## स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर (दाएं) रियल मैड्रिड और मैलोर्का के बीच स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान अपनी टीम का दूसरा गोल करने का जश्न मनाते हुए।

## पाकिस्तान ने यूएई को हराया

**शारजाह।** सैम अयूब और हसन नवाज के तूफानी अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में संयुक्त अरब अमीरात को 31 रन से हरा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने 38 गेंदों पर 69 रन बनाए जबकि नवाज ने 26 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली जिसमें छह छक्के शामिल हैं।



कप्तान सलमान अली आगा ने लगातार दूसरी बार टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और पाकिस्तान ने 20 ओवरों में 207 रन बनाए। यूएई की तरफ से तेज गेंदबाज सगीर खान ने 44 रन देकर तीन विकेट लिए। मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ खान ने यूएई के लिए अपने 50वें टी-20 मैच का जश्न 35 गेंदों पर 77 रन की आक्रामक पारी के साथ मनाया, लेकिन उनके अलावा केवल कप्तान मोहम्मद वसीम (33) ही कुछ योगदान दे पाए। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर यूएई को आखिर में आठ विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान की तरफ से हसन अली ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए।

## सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन का सामना वेस्ट जोन से, साउथ जोन से भिड़ेगा नॉर्थ जोन

# दोनों क्वार्टर फाइनल ड्रॉ, 2 मैचों में लगे 4 शतक, 2 डबल सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

दलीप ट्रॉफी 2025 का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के बीच खेला गया, जो ड्रॉ पर खत्म हुआ तो वहीं दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच खेला गया और ये मैच भी ड्रॉ पर खत्म हुआ। बेशक दोनों मैच ड्रॉ रहे, लेकिन अपने-अपने मैचों में बड़ी बढ़त के आधार पर नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली।

पहले दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कुछ बल्लेबाजों ने अपने हाथ जमकर दिखाए और इन दोनों मैचों में चार बल्लेबाजों ने शतक लगाए जबकि दो बल्लेबाजों ने दोहरा शतक जड़ा यानी पहले दो मैचों में 4 शतकीय पारी खेली गई जबकि दो दोहरा शतक भी लगा।

### मालेवर और बदोनी ने लगाए दोहरे शतक

दानिश मालेवर ने सेंट्रल जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ पहली पारी में 222 गेंदों पर 203 रन की पारी खेली थी और फिर वो रिटायर हर्ट हो गए थे। उनकी इस पारी से उनकी टीम को बड़ी बढ़त लेने में काफी आसानी हुई। वहीं दूसरा दोहरा शतक नॉर्थ जोन के खिलाड़ी आयुष बदोनी ने ईस्ट जोन के खिलाफ लगाई। उन्होंने ईस्ट जोन के खिलाफ दूसरी पारी में 223 गेंदों पर नाबाद 204 रन बनाए।





### अंकित, ढुल, पाटीदार और शुभम ने ठोकी सेंचुरी

दलीप ट्रॉफी के दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अंकित कुमार, यश ढुल, रजत पाटीदार और शुभम शर्मा ने शतकीय पारी खेलने का कमाल किया। सेंट्रल जोन की तरफ से इस टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने पहली पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 96 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली जबकि सेंट्रल जोन के शुभम शर्मा ने दूसरी पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 215 गेंदों पर 122 रन की पारी खेली।

### सेमीफाइनल में अजहरुद्दीन करेंगे दक्षिण क्षेत्र की अगुवाई

**बेंगलुरु।** केरल के बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन को उत्तर क्षेत्र के खिलाफ चार सितंबर से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए रविवार को तिलक वर्मा की जगह दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया। तिलक वर्मा को पहले दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है और इसलिए वह आगे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे। तिलक वर्मा के साथ अजहरुद्दीन टीम के उप-कप्तान थे और अब यह भूमिका तमिलनाडु के एन. जगदीशन को सौंप दी गई है।

# एआई पर केंद्रित 'कृष्णायन' में दिखा आध्यात्मिकता और कला का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधा अष्टमी के पावन अवसर पर रविवार को रवीन्द्र भवन में एक अनुपम संगीतमय महागाथा 'कृष्णायन' का आयोजन हुआ। इस विशेष प्रस्तुति ने दर्शकों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, दर्शन और उनकी जीवन यात्रा से जोड़ते हुए भाव-विभोर कर दिया। देश में पहली बार एआई पर केंद्रित इस अद्भुत संगीतमयी प्रस्तुति के केंद्र में रहे मनसाधक मोहित शेवानी, जिन्होंने आधुनिक तकनीक और आध्यात्मिक भावभूमि का अद्वितीय समन्वय रचते हुए भगवान श्रीकृष्ण का मध्यप्रदेश में आगमन और उनकी जीवन गाथा को प्रस्तुत किया।



## रवींद्र भवन में 'कृष्णायन' की संगीतमयी प्रस्तुति

### जन्मभूमि से शिक्षा स्थली तक

मोहित ने प्रस्तुति की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा से की। उनके भावपूर्ण शब्दों और सुरम्य संगीत ने सभागार को ब्रजभूमि की पावन आभा से भर दिया। इसके बाद उन्होंने मध्यप्रदेश की धरती से जुड़े भगवान कृष्ण के गहन संबंधों को उजागर किया। विशेष रूप से उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम का उल्लेख किया।

### 90 मिनट तक चला सुर, ताल और लय का संगम

लगभग 90 मिनट तक चली यह संगीतमयी यात्रा दर्शकों को भावलोक में ले गई। सुर, ताल, शब्द और दृश्य का ऐसा संगम बना कि हर क्षण आध्यात्मिक अनुभूति होती रही।



# 'बरखा महोत्सव' में दिखी सांस्कृतिक विरासत की झलक, 150 से अधिक महिलाओं ने की शिरकत

*एनएच 12 क्रिएटिव वुमेन्स क्लब ने नंदन पैलेस में 'बरखा महोत्सव' का किया आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



एनएच 12 क्रिएटिव वुमेन्स क्लब द्वारा रविवार की शाम नंनदन पैलेस में बरखा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जहां एक ओर नख से शिख तक सजी धजी सुंदर महिलाओं की प्यारी सी झलक ने दर्शकों का मन मोहा तो वहीं दूसरी ओर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने उद्यमी महिलाओं ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई। इस आयोजन मं रैंप वॉक के साथ-साथ डांस और गीतों से सजा माहौल भी खास रहा। जहां प्यारी बहना ब्यूटी कॉन्टेस्ट में सौलह श्रृंगार में धजी महिलाएं हाथों में पूजा की सजी हुई धाली लेकर आईं तो वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकी दीर्घा में बैठी महिलाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।



## भोपाल क्रिएटर्स समिट 2025—यूनाइट क्रिएट सेलिब्रेट

# 1000 प्रमुख डिजिटल क्रिएटर्स की शिरकत, 30 मिलियन तक पहुंच बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

झीलों की नगरी भोपाल ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। भोपाल क्रिएटर्स समिट 2025 का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से आए करीब 1000 प्रमुख डिजिटल क्रिएटर्स, ब्रांड्स और सांस्कृतिक दूतों ने भाग लिया और समिट ने 30 मिलियन से अधिक लोगों तक डिजिटल पहुंच बनाई।

### समिट की मुख्य झलकियां

**लाइव परफॉर्मेंस :-** धमाकेदार डांस प्रस्तुतियों, संगीतमय कार्यक्रमों और हास्यप्रद स्टैंड-अप कॉमेडी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### भोपाल क्रिएटर समिट अवार्ड्स 2025

- क्रिएटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड- आदित्य क्रेज़ी
- बेस्ट कॉलेबरेटिव क्रिएटर- वाश-अप भोपाल
- स्टोरीटेलर ऑफ द ईयर - अनसीन एमपी



### विभिन्न विषयों पर हुई वर्कशॉप

**स्पीकर एवं विषय :**
**नमन देशमुख** - ए आई प्रोम्पट ट्रेनिंग
**मयंक तिवारी**, संकेत जोशी एवं नीरज विश्वकर्मा - फोटोग्राफी एंड वीडियोग्राफी मास्टरक्लास
**दामिनी त्रिपाठी** - मार्केटिंग एंड एनालिटिक्स
जोई - फिल्म मेकिंग एंड स्टोरी टेलिंग
**रौनक आनन्द** - आर्ट ऑफ गोइंग वायरल

**रौनक आनंद ने किसी वीडियो को वायरल करने के पांच टिप्स बताए**
हुक
प्रॉब्लम स्टेटमेंट
सेकेंडरी हुक लाइन
सॉल्यूशन
कॉल टू एक्शन



### कैग रिपोर्ट में जियो कंपनी की बिल मिसिंग पर मेरी वायरल रील से बढ़ने लगे फॉलोअर्स

***नाम - तरुण केडिया***
***पेज नेम- तरुण कुमार केडिया***
***फॉलोअर्स- 638 के***
***कंटेंट टॉपिक- सोशल, पोलिटिकल***
***वन लाइनर- काफी रिसर्च के बाद रील बनाता, एआई के यूज से रील बनती काफी अट्रैक्टिव***

सोशल, पोलिटिकल टॉपिक्स पर रील्स बनाने वाले तरुण के वर्तमान में 638 के फॉलोअर्स हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी से लॉ में डिग्री लेने वाले तरुण ने कहा कि शुरू में तो सिर्फ एक लाख फॉलोअर्स थे, लेकिन इसके बाद पांच-छ महीने में सीधे पांच लाख फॉलोअर्स बढ़े, क्योंकि जियो कंपनी के बिल मिसिंग की एक कैग रिपोर्ट पर मेरी रील काफी वायरल हुई, जिसे अब करोड़ों में वियूस मिल चुके हैं।

### तीन टीम मेम्बर्स के साथ हमेशा रखती कंसिस्टेंसी का ध्यान



**नाम -जोई**
**पेज नेम - जोईएसस्टूडियो, लाइफ, बट सिनेमैटिक**
**फॉलोअर्स -143 के**
**वन लाइनर- सक्सेसफुल होने के लिए कंसिसटेंट होना जरुरी**

लाइफ बट सिनेमैटिक टैगलाइन कहने वाली जोई कहती हैं कि मेरी रील्स में सिनेमैटिक इफेक्ट ज्यादा नजर आता हैं। मैं कई सालों से रील्स बना रही थी, लेकिन पिछले दो सालों में मेरे फॉलोअर्स काफी बढ़े हैं, क्योंकि मैं अपने काम के प्रति कंसिसटेंट रही। मेरे टीम में मेरे मैनेजर के अलावा तीन ओर मेम्बर हैं, जो एडिटिंग और वीडियोग्राफी का काम करते हैं।

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए नहीं ले सकता था लोन, पढ़ाई छोड़ी, रील बनाना किया शुरू

**नाम- अंश और वंश**
**पेज नेम- कार्टालूसिया**
**फॉलोअर्स- 82.7 के**
**वन लाइनर - लाइफ में कभी भी हार न मानो, हर हार के आगे एक जीत छिपी है**



कार्टालूसिया पेज बनाने वाले दो भाइयों की जोड़ी अंश और वंश का कहना हैं कि इंजीनियरिंग कर रहा था, लेकिन माता-पिता इतना पैसा नहीं दे पाते तो लगा कि पढ़ाई छोड़ खुद का कुछ करूं, इसलिए रील बनाना शुरू किया। शुरुआत में लाइफ स्टाइल, फेशन पर बनाई रील्स अब बड़े बड़े ब्रांड जैसे रॉयल एनफील्ड बाइक, ओप्पो, वीवो राजस्थान टूरिज्म, अबू धाबी, श्रीलंका टूरिज्म के लिए काम करता हूं। हाउस आफ मसाबा, सैमसंग के लिए मेरी रील्स वयूअर्स को काफी पसंद आती हैं।



### मेंटल स्ट्रेस से गुजरा, बैंक की नौकरी छोड़ी, स्ट्रेस से निजात के लिए खुद रील बनाना किया शुरू

**नाम- प्रभात पोद्दार**
**पेज नेम- अटल प्रभात**
**फॉलोअर्स- 483 के**
**टॉपिक- मेंटल हेल्थ, बिजनेस, बुक्स, मूवी सहित सात पेज**
**वन लाइनर- देखने के लिए अच्छी रील न मिल पाए तो खुद रील बनाएं...**

बैंक में जॉब के दौरान मेंटल स्ट्रेस से गुजरा, नौकरी छोड़ी, फिर स्ट्रेस रिलीज के लिए रील ढूंढी, नहीं मिली तो खुद रील बनाना शुरू किया। वो भी बिना एडिटिंग के रील बनाता और ऐसे ही अपलोड भी करता और ऐसा करते हुए चंद सालों में मेरे फॉलोअर्स बढ़ने लगे। आज मेरे सात पेज हैं, सभी पर 400 के से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। अपनी रील्स में मेंटल स्ट्रेस से निजात पाने का तरीका करता हूं ज्यादा हाईलाइट।

**200 कलाकारों की मनभावन प्रस्तुति 'वंदे भारतम' का आयोजन रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में**

# 'वंदे भारतम' में नजर आया कला, संस्कृति के साथ देशभक्ति का जोश और जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'संस्कृति की धुन, क्रांति की गूंज' थीम पर नटराजन संस्था द्वारा रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में 'वंदे भारतम' सांस्कृतिक प्रस्तुति का संयोजन रविवार को देखने को मिला, जिसमें संस्था के 5 वर्ष से लेकर 35 वर्ष तक के करीब 200 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

***'संस्कृति की धुन, क्रांति की गूंज' रही थीम***

कार्यक्रम का शुभारंभ कला और भक्ति के अद्भुत संगम के रूप में गणेश वंदना से हुई। कथक शैली की इस प्रस्तुति के बाद देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां खास रही, जिसमें नन्हे-मुन्ने और युवा कलाकारों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को जोश और उमंग से भर दिया। जहां 'अतुल्य भारत' थीम पर लोक नृत्य का आयोजन हुआ तो वहीं 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' थीम पर भव्य नृत्य नाटिका ने दर्शकों की खूब वाह वाही लूटी।






### सामाजिक संदेश देती हॉरर नृत्य नाटिका

कार्यक्रम की अगली कड़ी में नाटक 'सरदार उधम सिंह' का मंचन खास रहा, वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भारतीय परिधान एवं लोक संस्कृति की झलक ने समा को विविधता में एकता के रंग में पिरो दिया। इसके साथ ही आधुनिक बैले नृत्य नाटिका ने दर्शकों को झंकझौर दिया, जिसकी थीम थी 'पुरुषों पर हो रहे अत्याचार'। इस विशेष प्रस्तुति के माध्यम से समाज में पुरुषों द्वारा झेली जा रही कठिनाइयों और चुनौतियों को कला के रूप में प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम को विराम देते हुए सामाजिक संदेश से सराबोर हॉरर डांस प्रस्तुति भी खास रही, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया।






हरिभूमि कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930